शुक्रवार, 29 अगस्त 2025

मौसम



| | |
|---|---|
| तापमान | 26 – 31 |
| आर्द्रता | 77% |
| सूर्योदय: 5:18 | सूर्यास्त: 17:58 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा



भारत में उत्कृष्ट प्रतिभा है, फुटबॉल की बेहतरी के लिए अतिरिक्त प्रयास किए जाएंगे: उच्चतम न्यायालय पृष्ठ 7

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, भाद्रपद शुक्लपक्ष षष्ठी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : बुरा वक्त जादूगर है एक पल में चाहनेवाले के चेहरे से पर्दा हटा देता है।

RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# जब तक मैं जिंदा हूं, किसी को लोगों का मताधिकार छीनने नहीं दूंगी : ममता

## ■ भाजपा को वायरस भी बताया, चुनाव आयोग पर साधा निशाना

**कोलकाता,समाज्ञा :** बंगाल में विधानसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) का कार्य शुरू करने की तैयारी के बीच मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी ने गुरुवार को कहा कि वे जब तक जिंदा हैं, तब तक किसी को लोगों का मताधिकार छीनने नहीं देंगी। उन्होंने भाजपा व केंद्र पर आरोप लगाया कि वह बंगालियों पर भाषाई आतंक फैला रही है और विभिन्न राज्यों में यहां के प्रवासी श्रमिकों को निशाना बनाया जा रहा है। अपनी पार्टी की छात्र शाखा-तृणमूल कांग्रेस छात्र परिषद (टीएमसीपी) के स्थापना दिवस पर कोलकाता में एक सभा को संबोधित करते हुए ममता ने भाजपा पर जोरदार हमला बोलते हुए कहा कि केंद्र सरकार विकास के नाम पर भ्रष्टाचार



में लिप्त है। ममता ने तंज कसते हुए कहा कि तृणमूल महिलाओं के लिए लक्ष्मी भंडार योजना चला रही है जबकि भाजपा के पास भ्रष्टाचार भंडार और भाई-भतीजावाद है। उन्होंने भाजपा को वायरस भी बताया। ममता ने कहा कि भाजपा सरकार देश को लूट रही है, जबकि हम महिलाओं व गरीबों को सशक्त बना रहे हैं। एसआइआर का विरोध करते हुए ममता ने दावा किया कि भाजपा ने मतदाता सूचियों से मतदाताओं के नाम हटाने के उद्देश्य से सर्वेक्षण करने के लिए देश भर से 500 से अधिक टीम बंगाल में तैनात की हैं। उन्होंने रैली में लोगों से कहा कि आपको खुद जांच करनी चाहिए कि आपका नाम अब भी मतदाता सूची में है या उसे मतदाता सूची से हटा दिया गया है। मुख्यमंत्री ने जोर देकहर कहा कि जब तक मैं जीवित हूं, मैं किसी को भी लोगों का मताधिकार छीनने नहीं दूंगी। ममता ने फिर आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग राज्य सरकार के अधिकारियों को धमका रहा है। ममता ने कहा कि आयोग का अधिकार क्षेत्र केवल चुनाव के दौरान के तीन महीनों तक है, पूरे साल नहीं।

### विकास के नाम पर भ्रष्टाचार में लिप्त है केंद्र सरकार

ममता बनर्जी ने केंद्र सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि जहां उनके प्रशासन ने कई सामाजिक कल्याणकारी पहल चलाईं हैं, वहीं केंद्र की भाजपा सरकार विकास के नाम पर भ्रष्टाचार में लिप्त है। ममता बनर्जी ने कहा कि हम महिलाओं के लिए 'लक्ष्मी भंडार' योजना लेकर आए हैं, जबकि भाजपा के पास 'भ्रष्टाचार भंडार' है। उन्होंने केंद्र पर भाई-भतीजावाद करने का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सरकार देश को लूट रही है।

### बंगाल फाइल्स को लेकर विवेक अग्निहोत्री पर भी निशाना

ममता ने फिल्म निर्देशक विवेक अग्निहोत्री की आने वाली फिल्म 'द बंगाल फाइल्स' पर पहली बार मुंह खोलते हुए कहा कि बंगाल को बदनाम करने के लिए रुपये देकर इस तरह की फिल्में बनाई जा रही हैं।

# पाकिस्तान से तीन आतंकवादियों के बिहार में घुसने की सूचना के बाद सुरक्षा बढ़ाई गई

## सूचना देने वाले को मिलेगा 50 हजार का इनाम

**पटना :** बिहार में नेपाल के रास्ते तीन पाकिस्तानी आतंकवादियों के घुसने की सूचना मिलने के बाद पूरे राज्य में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। बिहार पुलिस मुख्यालय ने सभी जिला पुलिस को अलर्ट जारी किया है और प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े इन आतंकवादियों के नाम और तस्वीरें भी जारी की हैं। आशंका है कि ये सभी नेपाल के रास्ते अररिया होते हुए बिहार पहुंचे हैं। बिहार के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) विनय कुमार ने बृहस्पतिवार को 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''हां, पूरे राज्य में अलर्ट जारी कर दिया गया है। सभी जिला पुलिस और बिहार पुलिस की कई अन्य शाखाओं को क्षेत्र में गश्त और तलाशी अभियान तेज करके राष्ट्र-विरोधी तत्वों के किसी भी प्रयास को विफल करने के लिए कड़ी निगरानी और सतर्कता बनाए रखने का निर्देश दिया गया है। राज्य में सुरक्षा पहले ही बढ़ा दी गई है।'' पाकिस्तान से तीन आतंकवादियों के नेपाल के रास्ते राज्य में घुसने की सूचना के बारे में पूछे जाने पर, डीजीपी ने कहा, ''मैं केवल इतना कह सकता हूं कि पूरे राज्य में अलर्ट जारी कर दिया गया है।'' उन्होंने अलर्ट के बारे में और जानकारी देने से इनकार कर दिया। हालांकि सूत्रों के अनुसार, खुफिया जानकारी से पता चला है कि तीनों आतंकवादी बिहार में घुस आए हैं।



आदिल हुसैन | हसनैन अली | मोहम्मद उस्मान

सूत्रों के अनुसार, पाकिस्तानी आतंकवादियों, हसनैन, आदिल और उस्मान की तस्वीरें भी जारी कर सभी जिला पुलिस को भेज दी गई हैं। हसनैन रावलपिंडी का रहने वाला है, आदिल उमरकोट का और उस्मान पाकिस्तान के बहावलपुर का निवासी है। एहतियात के तौर पर राजगीर, बोधगया, पटना और कई अन्य स्थानों पर महत्वपूर्ण संस्थानों और पर्यटन स्थलों के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी गई है। महाबोधि मंदिर परिसर (बोधगया), विश्व शांति स्तूप (राजगीर), महावीर मंदिर और तख्त श्री हरिमंदिर जी, पटना साहिब (पटना) जैसे उन सभी स्थानों पर सुरक्षा कड़ी कर दी गई है जहां पर्यटकों की आवाजाही अधिक होती है। इसके अलावा, राज्य के सभी हवाई अड्डों पर भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है। इस बीच, पूर्वी चंपारण जिला पुलिस ने बृहस्पतिवार को तीनों पाकिस्तानी नागरिकों की तस्वीरें जारी कीं और उनकी गिरफ्तारी के लिए विश्वसनीय सूचना देने पर 50-50 हजार रुपये का इनाम देने की घोषणा की। लोग पुलिस को फोन नंबर - 112 या 9431822988 और 9031827100 पर जानकारी दे सकते हैं।''

## शेयर बाजार में दो दिन की गिरावट से निवेशकों को 9.69 लाख करोड़ रुपये का नुकसान

**नयी दिल्ली :** शेयर बाजार में पिछले दो कारोबारी सत्रों की गिरावट से निवेशकों को कुल 9.69 लाख करोड़ रुपये का नुकसान उठाना पड़ा है। इन दो दिनों में ही सेंसेक्स 1,555 अंक टूट चुका है। अमेरिका द्वारा भारत पर लगाया गया 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क बुधवार से लागू हो गया। इससे कुल मिलाकर भारत पर अमेरिकी शुल्क बढ़कर 50 प्रतिशत हो चुका है। साथ ही, विदेशी कोषों की लगातार पूंजी निकासी ने निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स बृहस्पतिवार को 705.97 अंक यानी 0.87 प्रतिशत गिरकर 80,080.57 पर बंद हुआ। इसके पहले मंगलवार को भी सेंसेक्स में बड़ी गिरावट रही थी। दो दिनों में, मानक सूचकांक 1,555.34 अंक यानी 1.90 प्रतिशत टूट चुका है। गिरावट के इन दो सत्रों में बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण 9,69,740.79 करोड़ रुपये गिरकर 4,45,17,222.66 करोड़ रुपये (5.08 लाख करोड़ डॉलर) रह गया।

## वर्ष 2023 में 4.80 लाख सड़क दुर्घटनाओं में 1.72 लाख लोगों की मौत: सड़क मंत्रालय रिपोर्ट

**नयी दिल्ली :** देश में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या वर्ष 2023 में 4.2 प्रतिशत बढ़कर 4.8 लाख से अधिक हो गई। इन दुर्घटनाओं के परिणामस्वरूप हर घंटे 20 लोगों की मौत हुई है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (एमओअ-ारटीएच) की एक रिपोर्ट में यह कहा गया है। 'भारत में सड़क दुर्घटनाएं 2023' शीर्षक वाली इस रिपोर्ट में कहा गया है कि देश में हर घंटे 55 सड़क दुर्घटनाएं होती हैं। ''देश में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के पुलिस विभागों ने वर्ष 2023 के दौरान कुल 4,80,583 सड़क दुर्घटनाओं की सूचना दी है, जिनमें 1,72,890 लोगों की जान गई और 4,62,825 लोग घायल हुए।'' रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2023 में लगातार चौथे वर्ष घातक सड़क दुर्घटना के शिकार ज्यादातर युवा थे। 18-45 वर्ष आयु वर्ग के युवा वयस्कों की संख्या 66.4 प्रतिशत है। इसमें कहा गया है, ''कुल सड़क दुर्घटनाओं में 18-60 वर्ष आयु वर्ग के कामकाजी लोगों की संख्या 83.4 प्रतिशत है।'' रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2023 के दौरान देश में कुल 4,80,583 दुर्घटनाएं दर्ज की गईं, जिनमें से 1,50,177 (31.2 प्रतिशत) एक्सप्रेसवे सहित राष्ट्रीय राजमार्गों पर, 1,05,622 (22.0 प्रतिशत) राज्य राजमार्गों पर और शेष 2,24,744 (46.8 प्रतिशत) अन्य सड़कों पर हुईं।

# प्रधानमंत्री जन-धन योजना ने लोगों को अपना भाग्य खुद लिखने की शक्ति दी: मोदी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री जन-धन योजना के 11 साल पूरे होने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि इस योजना ने लोगों को अपना भाग्य खुद लिखने की शक्ति दी है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जब अंतिम पर खड़ा व्यक्ति वित्तीय रूप से जुड़ जाता है तो पूरा देश एक साथ आगे बढ़ता है। वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री जन-धन योजना आज ही के दिन शुरू की गई थी। यह एक राष्ट्रीय मिशन है जिसमें देश के सभी परिवारों के व्यापक वित्तीय समावेशन के लिए एक एकीकृत दृष्टिकोण शामिल है। इस योजना में प्रत्येक परिवार के लिए कम से कम एक बुनियादी बैंकिंग खाता, वित्तीय साक्षरता, ऋण, बीमा और पेंशन सुविधा तक पहुंच के साथ बैंकिंग



सुविधाओं तक सार्वभौमिक पहुंच की परिकल्पना की गई है। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''जब अंतिम व्यक्ति वित्तीय रूप से जुड़ा होता है, तो पूरा देश एक साथ आगे बढ़ता है। प्रधानमंत्री जन-धन योजना से यही हासिल हुआ। इसने सम्मान बढ़ाया और लोगों को अपना भाग्य खुद लिखने की शक्ति दी।'' प्रधानमंत्री ने एक अन्य पोस्ट में 'माइगोव' द्वारा किया गया एक पोस्ट साझा किया जिसमें बताया गया कि कैसे प्रधानमंत्री जन-धन योजना ने पूरे भारत में जीवन बदल दिया। इस पोस्ट में कहा गया, ''गणित के सूत्र नहीं, बल्कि भारत के विकास के सूत्र। भारत की वित्तीय क्रांति एक विचार से प्रेरित है: नवाचार के माध्यम से समावेशन। अंतिम छोर तक बैंकिंग से लेकर महिला-नेतृत्व वाले सशक्तीकरण तक, पारदर्शी डीबीटी हस्तांतरण से लेकर शासन में विश्वास तक, प्रधानमंत्री जन-धन योजना ने भारत में बैंकिंग, बचत और विकास के तरीके को बदल दिया है।''

## उच्च अमेरिकी शुल्क से निपटने की तैयारी में जुटी सरकार, निर्यातकों को राहत देने की योजना


**नयी दिल्ली :** अमेरिका में भारतीय वस्तुओं के आयात पर 50 प्रतिशत का भारी शुल्क लगाए जाने से परेशान निर्यातकों को राहत देने के लिए केंद्र सरकार कई उपायों पर काम कर रही है। इनमें निर्यात संवर्धन मिशन की शुरुआत, ऋण लौटाने को लेकर मोहलत और नकदी से जुड़ी मदद शामिल हैं। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि अमेरिका का भारतीय वस्तुओं पर लगाया गया ऊंचा शुल्क देश के लिए एक चेतावनी होने के साथ निर्यात में विविधता लाने का एक अवसर भी है। इस संदर्भ में निर्यातकों की तरफ से की गई अपीलों पर उन्होंने कहा, सरकार निर्यातकों की समस्याओं से पूरी तरह अवगत है और उन्हें राहत देने के लिए ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। अमेरिका ने 27 अगस्त से भारतीय उत्पादों पर कुल 50 प्रतिशत शुल्क लगाना शुरू कर दिया है। इसमें रूस से तेल खरीद जारी रखने के जुर्माने के तौर पर लगाया गया 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क भी शामिल है। यह फैसला भारत पर दबाव बनाने की अमेरिकी कोशिश के रूप में देखा जा रहा है। इससे मशीनरी, झींगा, वस्त्र, चमड़ा-फुटवियर और रत्न एवं आभूषण जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों के निर्यात पर गहरा असर पड़ने की आशंका है। सरकार अब सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) से जुड़े निर्यातकों के लिए आपातकालीन ऋण गारंटी योजना, ऋण पर एक साल तक की मोहलत और निर्यात भुगतान की समय-सीमा बढ़ाने जैसे कदम उठाने पर विचार कर रही है, ताकि नकदी प्रवाह की समस्या को हल किया जा सके। इसके साथ ही सरकार ई-कॉमर्स निर्यात हब योजना को भी तेजी से लागू करने की दिशा में प्रयास कर रही है।

# 'सात दिन के भीतर दागी शिक्षकों की सूची प्रकाशित करें'

## सुप्रीम कोर्ट का एसएससी को आदेश

### ■ दी चेतावनी, अयोग्य उम्मीदवार शामिल हुआ तो एसएससी को भुगतने होंगे नतीजे

**नई दिल्ली/कोलकाता :** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) को अगले 7 दिनों के भीतर अयोग्य उम्मीदवारों की सूची प्रकाशित करने का आदेश दिया है। जस्टिस संजय कुमार और सतीश चंद्र शर्मा ने स्पष्ट संदेश दिया कि अगर नई परीक्षा में एक भी अयोग्य उम्मीदवार शामिल हुआ तो एसएससी को इसके परिणाम भुगतने होंगे। सूत्रों के अनुसार, खंडपीठ ने अगले सात दिनों के भीतर अयोग्य उम्मीदवारों की सूची प्रकाशित करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा कि परीक्षा की तारीख 7 सितंबर नहीं



बदली जाएगी। परीक्षा निर्धारित दिन ही आयोजित की जाएगी। इस दिन, न्यायाधीशों ने राज्य के वकील से पूछा कि अयोग्य उम्मीदवारों की सूची अभी तक प्रकाशित क्यों नहीं की गई है? इसके बाद, सुप्रीम कोर्ट ने एसएससी को अगले एक सप्ताह के भीतर सूची प्रकाशित करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने चेतावनी दी है कि अगर कोई भी अयोग्य उम्मीदवार परीक्षा में शामिल होता है तो एसएससी को बहुत बुरे परिणाम भुगतने होंगे।

गौरतलब है कि कई नौकरी चाहने वालों ने सुप्रीम कोर्ट से परीक्षा तिथि बदलने की अपील की थी। क्योंकि, सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार, 2016 में जिनके 45-50 प्रतिशत अंक थे, उन्हें फॉर्म भरने के लिए 10 दिन की नई समय-सीमा दी गई है। इसलिए, उन्होंने परीक्षा तिथि बदलने के लिए आवेदन किया है। लेकिन, कोर्ट ने साफ कह दिया है कि परी-क्षाएं दोनों निर्धारित तिथियों पर ही आयोजित की जाएंगी। यानी, स्कूल सेवा आयोग कक्षा 9वीं और 10वीं के लिए शिक्षक भर्ती परीक्षा 7 सितंबर को और कक्षा 11वीं और 12वीं के लिए 14 सितंबर को आयोजित करेगा।

# मैंने कभी नहीं कहा कि 75 साल में पद छोड़ दूंगा या किसी और को संन्यास ले लेना चाहिए: भागवत



**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने बृहस्पतिवार को कहा कि उन्होंने कभी नहीं कहा कि वह 75 साल की उम्र में पद छोड़ देंगे या किसी को इस आयु में संन्यास ले लेना चाहिए। भागवत की इस टिप्पणी ने नेताओं के संन्यास लेने संबंधी उनकी हालिया टिप्पणी पर चल रही अटकलों पर विराम लगा दिया है, जिसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संदर्भ में देखा जा रहा था। मोदी और भागवत, दोनों अगले महीने 75 वर्ष के हो जाएंगे। आरएसएस के शताब्दी वर्ष समारोह के दौरान प्रश्नों का उत्तर देते हुए उन्होंने कहा, ''हम जीवन में किसी भी समय पद छोड़ने को तैयार हैं और जब तक संघ चाहे, तब तक कार्य करने को तैयार हैं।'' 75 साल की उम्र में सेवानिवृत्ति या संन्यास के मुद्दे पर भागवत ने कहा कि उन्होंने हाल में नागपुर में दिवंगत आरएसएस नेता मोरोपंत पिंगले की विनोदप्रियता पर प्रकाश डालते हुए उनका उद्धरण दिया था।

### धर्मांतरण और अवैध प्रवास जनसांख्यिकीय असंतुलन के प्रमुख कारण

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने बृहस्पतिवार को जनसांख्यिकीय असंतुलन के पीछे धर्मांतरण और अवैध प्रवास को प्रमुख कारण बताया और कहा कि सरकार अवैध प्रवास को रोकने का प्रयास कर रही है, लेकिन समाज को भी अपनी भूमिका निभानी होगी। आरएसएस के सौ साल होने के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह के दौरान एक प्रश्न के उत्तर में भागवत ने कहा कि धर्म व्यक्तिगत पसंद का विषय है और इसमें किसी प्रकार का प्रलोभन या जोर-जबरदस्ती नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा, धर्मांतरण और अवैध प्रवास जनसांख्यिकीय असंतुलन के प्रमुख कारण हैं। हमें अवैध प्रवासियों को नौकरी नहीं देनी चाहिए; हमें मुसलमानों सहित अपने लोगों को नौकरी देनी चाहिए। आरएसएस सरसंघचालक से अवैध घुसपैठ पर संघ के विचार पूछे गए। उन्होंने कहा, सरकार अवैध घुसपैठ पर नियंत्रण की कोशिश कर रही है, लेकिन समाज को भी अपनी भूमिका निभानी होगी। धर्म व्यक्तिगत पसंद का विषय है; इसमें किसी तरह का प्रलोभन या जोर-जबरदस्ती नहीं होनी चाहिए।

# यूक्रेन संघर्ष 'मोदी का युद्ध' है : व्हाइट हाउस के व्यापार सलाहकार नवारो ने लगाया आरोप

**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन :** अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो ने आरोप लगाया है कि यूक्रेन संघर्ष ''मोदी का युद्ध'' है और ''शांति का मार्ग'' आंशिक रूप से ''नयी दिल्ली से होकर'' गुजरता है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के व्यापार और विनिर्माण मामलों के वरिष्ठ सलाहकार नवारो ने बुधवार को 'ब्लूमबर्ग' को दिए एक साक्षात्कार में दावा किया कि ''भारत, रूसी युद्ध मशीन को मदद पहुंचा रहा है।'' नवारो ने कहा, ''भारत जो कर रहा है, उसका खमियाजा अमेरिका में हर कोई उठा रहा है। उपभोक्ता, व्यवसाय और हर चीज को नुकसान हो रहा है और मज़दूर भी नुकसान उठा रहे हैं क्योंकि



भारत के ऊंचे शुल्क की वजह से हमारी नौकरियां, कारखाने, आय और ऊंचे वेतन वाली मजदूरी छिन रही है, और फिर करदात-ाओं का भी नुकसान हो रहा है, क्योंकि हमें मोदी के युद्ध का वित्तपोषण करना है।'' जब उनसे पूछा गया कि क्या उनका मतलब ''पुतिन का युद्ध'' है, तो नवारो ने दोहराया कि यह ''मोदी का युद्ध'' है। उन्होंने कहा, ''मेरा मतलब मोदी का युद्ध है, क्योंकि शांति का रास्ता आंशिक रूप से नयी दिल्ली से होकर जाता है।'' ट्रंप ने रूसी तेल की खरीद के लिए भारत पर 25 प्रतिशत का अतिरिक्त शुल्क लगाया है, जो बुधवार से प्रभावी हो गया है। इसके साथ ही अमेरिका द्वारा भारत पर लगाया गया कुल शुल्क 50 प्रतिशत हो गया है।

# संभल हिंसा की जांच के लिये गठित न्यायिक आयोग ने मुख्यमंत्री को सौंपी रिपोर्ट

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के संभल में पिछले साल 24 नवंबर को शाही जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुई हिंसा के मामले की जांच के लिये गठित तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग ने बृहस्पतिवार को अपनी रिपोर्ट मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सौंप दी। गृह विभाग के प्रमुख सचिव संजय प्रसाद ने बताया कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश देवेंद्र कुमार अरोड़ा की अध्यक्षता में गठित तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग ने मुख्यमंत्री को अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। आयोग के सदस्य अरोड़ा, 1979 बैच के सेवानिवृत्त भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी अरविंद कुमार जैन और सेवानिवृत्त आईएएस अमित मोहन प्रसाद ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की और 24 नवंबर, 2024 को संभल में अपनी रिपोर्ट सौंपी। संजय प्रसाद ने रिपोर्ट के विवरण के बारे में पूछे जाने पर कहा, ''रिपोर्ट का अध्ययन करने के बाद हम इस बारे में कुछ बता सकेंगे।'' आयोग का गठन 28 नवंबर 2024 को किया गया था। उसके बाद उसने एक दिसंबर को पैनल ने पहली बार गवाहों के बयान दर्ज करने के लिए हिंसा प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया था। न्यायिक आयोग में शामिल उत्तर प्रदेश के पूर्व पुलिस महानिदेशक ए के जैन ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, हां, हमने अपनी रिपोर्ट मुख्यमंत्री को सौंप दी है। यह एक विस्तृत रिपोर्ट है।''



### संभल के शाही जामा मस्जिद बनाम हरिहर मंदिर की अगली सुनवाई 25 सितंबर को

**संभल :** उत्तर प्रदेश के संभल की शाही जामा मस्जिद बनाम हरिहर मंदिर के दावे को लेकर बृहस्पतिवार को चंदौसी स्थित अदालत में सुनवाई हुई। अदालत ने सुनवाई की अगली तारीख 25 सितंबर नियत की है। शाही जामा मस्जिद इंतजामिया कमेटी के अधिवक्ता कासिम जमाल ने बताया कि सिविल जज (सीनियर डिवीजन) आदित्य सिंह की अदालत में इस मामले की बृहस्पतिवार को सुनवाई हुई।

# 'केवल अवैध घुसपैठियों' को उचित प्रक्रियाओं का पालन कर बांग्लादेश लौटाया जा रहा: बीएसएफ महानिदेशक

**ढाका :** भारत और बांग्लादेश के सीमा बलों के प्रमुखों के बीच द्विवार्षिक वार्ता बृहस्पतिवार को ढाका में संपन्न हुई। इस दौरान, भारत ने स्पष्ट कहा कि केवल अवैध घुसपैठियों को ही उचित प्रक्रियाओं का पालन करते हुए वापस बांग्लादेश भेजा जा रहा है। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के महानिदेशक दलजीत सिंह चौधरी ने बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) के प्रमुख मेजर जनरल मोहम्मद अशरफुज्जमां सिद्दीकी के साथ बीजीबी के पिलखाना मुख्यालय में आयोजित संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा, भारत से लोगों को बांग्लादेश भेजने का काम उचित प्रक्रियाओं का पालन करते हुए किया जा रहा है। चौधरी ने कहा कि केवल अवैध घुसपैठियों को ही बांग्लादेश वापस भेजा जा रहा है। उन्होंने बताया कि अब तक 550 लोगों को बीजीबी को सौंपा जा चुका है और भारत स्थित बांग्लादेश उच्चायोग की सहायता से 2,400 मामलों का सत्यापन किया जा चुका है। बीएसएफ प्रमुख ने एक सवाल के जवाब में कहा, सीमा कानून के उल्लंघन के मामलों में हमारे दोनों देशों के बीच एक सुस्थापित कानूनी प्रत्यावर्तन चैनल है, जिसके माध्यम से यह प्रक्रिया पूरी की जाती है। बीजीबी ने ढाका में दोनों सीमा बलों के बीच 56वें महानिदेशक स्तरीय सम्मेलन में यह मुद्दा उठाया था। सिद्दीकी ने कहा कि




वार्ता के दौरान भारत-बांग्लादेश सीमा पर लोगों के मारे जाने के मुद्दे पर चर्चा की गई। उन्होंने एक मामले का हवाला दिया, जिसमें एक युवा बांग्लादेशी लड़के को कथित तौर पर बीएसएफ जवानों ने गोली मार दी थी। हालांकि, बीएसएफ महानिदेशक ने कहा कि उनके जवान घातक हथियारों का इस्तेमाल केवल अंतिम विकल्प के रूप में करते हैं, जब उनकी जान को खतरा होता है। उन्होंने बताया कि इस साल के पहले छह महीनों में घुसपैठियों की ओर से धारदार हथियारों से किए गए हमलों में बीएसएफ के 35 जवान गंभीर रूप से घायल हुए। चौधरी ने कहा, बीएसएफ जवान पहले चेतावनी देते हैं, फिर रास्ता अवरुद्ध करते हैं और अंतिम विकल्प के रूप में ही गोली चलाते हैं। पृष्ठ 7

## राहुल की यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री की मां के लिए 'अपशब्द' कहने पर भाजपा ने प्राथमिकी दर्ज कराई

**नयी दिल्ली/पटना :** बिहार में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 'वोटर अधिकार यात्रा' के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दिवंगत माताजी के लिए अभद्र भाषा का इस्तेमाल किये जाने का आरोप लगाते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बृहस्पतिवार को कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस नीत 'इंडिया' गठबंधन को जनता द्वारा ''दंडित'' किया जायेगा। प्रदेश भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने दरभंगा शहर में बुधवार की घटना के संबंध में बृहस्पतिवार को यहां कोतवाली पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई। सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वीडियो कथित तौर पर दरभंगा जिले का है, जहां से बुधवार सुबह यात्रा शुरू हुई थी, जब राहुल गांधी, उनकी बहन और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव मोटरसाइकिल पर मुजफ्फरपुर के लिए रवाना हुए थे।

## अर्थव्यवस्था के लिए सहनशक्ति की अग्निपरीक्षा

रूसी कच्चा तेल खरीदने पर सबक सिखाने के मकसद से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा थोपे गए पचास फीसदी टैरिफ कल से लागू हो गए। निस्संदेह, यह भारतीय आर्थिकी की सहनशक्ति हेतु अग्निपरीक्षा है। एक स्वतंत्र राष्ट्र के नाते भारत को अपनी संप्रभुता की रक्षा का अधिकार है। हमने दबाव में आए बिना चुनौती का मुकाबला किया है। प्रधानमंत्री ने स्वदेशी अपनाने और आत्मनिर्भर भारत तथा मेक इन इंडिया का उद्घोष किया है। सरकार ने फ्री ट्रेड के नाम पर भारतीय बाजार में खाद्यान्न व दुग्ध उत्पाद खपाने के अमेरिकी मंसूबों पर पानी फेरा है। भारत ने स्पष्ट किया है कि भारत किसानों, दुग्ध उत्पादकों और लघु उद्योगों के हितों से किसी तरह का समझौता नहीं करेगा। इसके बावजूद आशंका है कि नये टैरिफ लगाने का कपड़ा, चमड़ा व रत्न-आभूषण जैसे श्रम प्रधान क्षेत्रों पर प्रभाव पड़ेगा। जिसके चलते लाखों भारतीयों के रोजगार पर खतरा मंडरा सकता है। निस्संदेह, पचास फीसदी टैरिफ लगाए जाने से भारतीय उत्पादों की लागत में काफी वृद्धि हो जाएगी, जिसके चलते वहां उपभोक्ता अन्य देशों के सस्ते उत्पाद तलाश सकते हैं। दरअसल, इन टैरिफों से भारत की दोहरी मुश्किलें बढ़ सकती हैं। अमेरिका न केवल भारत का बड़ा व्यापारिक साझेदार है, बल्कि ऐसा साझेदार था, जिसके कारोबार का करीब 45 अरब डॉलर का अधिशेष भारत के पक्ष में था। वहीं दूसरे बड़े व्यापार साझेदार रूस व चीन के साथ हम व्यापार घाटे की स्थिति में हैं। यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद रूस से सस्ता तेल आयात कर भारत द्वारा अर्जित मौद्रिक लाभ को अमेरिका निशाने पर ले रहा है। इस चुनौतीपूर्ण स्थिति में भारत सरकार की तात्कालिक प्राथमिकताएं कपड़ा, चमड़ा और रत्न-आभूषण के लिये निर्यात खपाने वाले वैकल्पिक बाजारों की तलाश करना होना चाहिए। इसके अलावा प्रभावित व्यावसायों को वित्तीय सहायता प्रदान करके लाखों नौकरियों को बचाने की जरूरत है। साथ ही अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता को पटरी पर लाने का प्रयास हो।

दरअसल, भारतीय चिंता यह है कि नये टैरिफ से अमेरिका के साथ होने वाला 66 फीसदी निर्यात प्रभावित होने जा रहा है। ऐसी स्थिति में जब अमेरिका को होने वाले बीस फीसदी भारतीय निर्यात पर टैरिफ प्रभाव दिख रहा है,तो इसका असर भारतीय अर्थव्यस्था पर होना लाजिमी है। निर्यात में कमी आने से देश में बेरोजगारी बढ़ सकती है। चिंता की बात यह है कि टैरिफ से अधिक प्रभावित होने क्षेत्र सघन श्रम वाले हैं, जिससे लाखों रोजगारों पर असुरक्षा की तलवार लटक सकती है। स्थिति साफ है कि भारतीय उद्योग इस टैरिफ के बोझ को सहन करने की क्षमता नहीं रखते। वहीं दूसरी ओर, अमेरिका के टैरिफ युद्ध से यूरोप समेत दूसरे देश भी खासे प्रभावित हैं। उत्पादों का अतिरेक पैदा होने से कीमतों में गिरावट आ सकती है और अन्य देश भी टैरिफ लगाने को बाध्य हो सकते हैं। वहीं चीन आदि सस्ते उत्पाद बेचने वाले देशों से हमारी स्पर्धा बढ़ सकती है। वहीं टैरिफ वॉर तथा रूस-यूक्रेन युद्ध व मध्यपूर्व में जारी संघर्ष से वैश्विक आर्थिक अस्थिरता को बढ़ावा मिलेगा। भारत में नये निवेश की संभावनाएं भी कम होंगी। जो भारतीय आर्थिकी की मुश्किल बढ़ाने वाला साबित हो सकता है। हालांकि, प्रधानमंत्री सुधार, प्रदर्शन और बदलाव बढ़ाने का आह्वान कर रहे हैं, लेकिन भारत में बड़े पैमाने पर आर्थिक सुधारों की जरूरत है। हालांकि,मोदी सरकार ने जीएसटी सुधारों की बात की है, लेकिन इससे आगे बढ़कर बड़े व तत्काल सुधारों की जरूरत है। आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी उत्पादों को आर्थिक सुधारों से ही गति मिल सकती है। जो उद्योग टैरिफ से प्रभावित हो रहे हैं उन्हें तुरंत आर्थिक मदद की जरूरत है। खास कर एमएसएमई क्षेत्र को न्यूनतम दरों पर ऋण उपलब्ध कराने की जरूरत है। निर्यातकों को तुरंत मिलने वाली आर्थिक सहायता व करों में छूट मददगार हो सकती है। हम चीन की तरह सस्ते उत्पाद बनाकर टैरिफ युद्ध को निष्प्रभावी बना सकते हैं। आर्थिक सुधारों से हम निर्यात की कीमतों व गुणवत्ता में सुधार कर सकते हैं। निर्यात करने वाले एमएसएमई को सस्ता कर्ज देने के लिये फंड बढ़ाने की भी जरूरत है। भारत अधिक रोजगार देने वाले कृषि व गैर संगठित क्षेत्रों में सुधार लाकर अपनी आर्थिकी मजबूत कर सकता है।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 29 अगस्त, शुक्रवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, भाद्रपद शुक्लपक्ष षष्ठी, 20:22 तक, नक्षत्र : स्वाति, 11:32 तक, योग : ब्रह्मा, 14:03 तक, सूर्योदय: 5:18, सूर्यास्त: 17:58, चन्द्रोदय : 10:20, चन्द्रास्त: 21:26, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : सिंह, चन्द्र राशि : तुला, राहू काल : 10:03 से 11:37

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन आपके लिए उलझनों भरा रहने वाला है। आपके प्रतिद्वंदी आपको परेशान करने की कोशिश करेंगे। आपकी किसी बात से आज परिवार के सदस्य नाराज हो सकते है।

**वृष :** आज का दिन सुखद परिणाम लेकर आने वाला है। वाहनों का प्रयोग थोड़ा सावधान रहकर करना होगा। परिवार में सदस्यों से छोटी-छोटी बात को लेकर लड़ाई-झगड़े बढ़ सकते हैं।

**मिथुन :** आज का दिन आपके लिए आनंदमय रहने वाला है। आपकी ऊपर उच्च अधिकारियों की कृपा बनी रहेगी। आपको कार्यक्षेत्र में कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है।

**कर्क :** आज का दिन आपके लिए इनकम में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपको अनुभवी व्यक्तियों का मार्गदर्शन मिलेगा। प्रेम और सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेगी।

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। किसी सामाजिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने का मौका मिलेगा। घर किसी अतिथि का आगमन हो सकता है।

**कन्या :** आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आपको किसी काम को समय से पूरा न होने से समस्या हो सकती है। आर्थिक मामलों में आप लापरवाही ना दिखाएं।

**तुला :** आज का दिन आपके लिए शौक मौज की चीजों की खरीदारी के लिए रहेगा। छोटे बच्चे आपसे किसी चीज की फरमाइश कर सकते हैं। आपके पेंडिंग काम भी आसानी से पूरे होंगे।

**वृश्चिक :** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आप अपने कामों को करने के लिए किसी दूसरे पर डिपेंड ना रहें। घर गृहस्थी में चल रही समस्याओं को दूर करेंगे।

**धनु :** आज का दिन आपके लिए समस्याओं से छुटकारा दिलाने वाला रहेगा। आप किसी काम को लेकर जल्दबाजी दिखाएंगे, जिसमें आपसे गड़बड़ी हो सकती है।

**मकर :** आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आपका कोई काम यदि लंबे समय से रुका हुआ था, तो वह भी पूरा हो सकता है। अपने काम के प्रति थोड़ा सचेत रहना होगा।

**कुम्भ :** आज का दिन आपके लिए उत्तम रूप से फलदायक रहने वाला है। बिजनेस में आपको अच्छी सफलता मिलेगी। आपका सोचा हुआ काम पूरा होने से खुशी होगी।

**मीन :** आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आपके कामों में आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा और आपका मन कुछ नया करने को करेगा। चल रही समस्याओं से छुटकारा मिलेगा।

# भारत-चीन आये साथ, तो एशिया की राजनीति में होगा बड़ा उलट फेर



संजय सक्सेना

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रमुख व्यापार सलाहकार पीटर नवारो ने हाल ही में भारत-चीन संबंधों पर तीखी टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि चीन ने अक्साई चिन पर हमला किया था और वह भारत का दोस्त नहीं है। नवारो की यह प्रतिक्रिया भारत और चीन के बीच बढ़ती नजदीकी से जुड़ी है, जो अमेरिकी हितों को चुनौती दे रही है। ट्रंप प्रशासन की ओर से भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने के बाद दोनों एशियाई दिग्गजों के रिश्ते सुधर रहे हैं, जिससे व्हाइट हाउस में खलबली मची हुई है। यह घटना वैश्विक भू-राजनीति में एक नया मोड़ ला सकती है, जहां अमेरिका चीन को घेरने की कोशिश कर रहा है, लेकिन भारत अपनी स्वतंत्र विदेश नीति पर अड़ा हुआ है।

पीटर नवारो, जो ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में व्यापार नीति के प्रमुख सलाहकार हैं, ने एक साक्षात्कार में भारत को चेतावनी दी। उन्होंने कहा, आप दशकों से चीन के साथ एक शांत युद्ध में हैं। चीन ने अक्साई चिन पर आक्रमण किया और आपके पूरे क्षेत्र पर कब्जा कर लिया। ये आपके दोस्त नहीं हैं। यह बयान सीधे तौर पर भारत-चीन के ऐतिहासिक विवादों को उजागर करता है और अमेरिकी चिंता को दर्शाता है कि भारत की चीन से नजदीकी क्वाड गठबंधन को कमजोर कर सकती है, जिसमें अमेरिका, भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया शामिल हैं।

अक्साई चिन का मुद्दा भारत-चीन संबंधों का एक पुराना घाव है। 1962 के भारत-चीन युद्ध में चीन ने अक्साई चिन पर कब्जा कर लिया, जो लद्दाख क्षेत्र का हिस्सा है। यह क्षेत्र लगभग 38,000 वर्ग किलोमीटर में फैला है और चीन इसे शिनजियांग प्रांत का हिस्सा मानता है। युद्ध में भारत को भारी नुकसान हुआ, जिसमें हजारों सैनिक मारे गए। उसके बाद से दोनों देशों के बीच सीमा विवाद जारी है। 2020 में गलवान घाटी में हुई झड़प ने संबंधों को और बिगाड़ दिया, जिसमें 20 भारतीय सैनिक शहीद हुए। लेकिन हाल के महीनों में स्थिति बदल रही है। 2025 में ट्रंप के टैरिफ हमले के बाद चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक गुप्त पत्र भेजा, जिसने संबंधों को पुनर्जीवित किया।

ट्रंप ने भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया क्योंकि भारत रूस से सस्ता तेल खरीद रहा है। नवारो ने इसे ष्मोदी का युद्ध कहा, मतलब यूक्रेन-रूस संघर्ष को भारत की वजह से लंबा खींचना। उन्होंने कहा, भारत इतना अहंकारी है (रूसी तेल खरीदने पर)। वे कहते हैं कि हम जहां से चाहें तेल खरीद सकते हैं। भारत, आप दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र हैं। वैसा ही व्यवहार करें! नवारो ने सुझाव दिया कि अगर भारत रूस से तेल खरीदना बंद कर दे, तो अमेरिका 25 प्रतिशत टैरिफ माफ कर सकता है। लेकिन भारत ने अपनी ऊर्जा नीति को स्वतंत्र रखा है, जो अमेरिकी दबाव को चुनौती देता है।


भारत-चीन की नजदीकी के पीछे कई कारण हैं। ट्रंप के टैरिफ ने भारतीय अर्थव्यवस्था को झटका दिया, जिससे निर्यात प्रभावित हुआ। इसके जवाब में भारत ने चीन के साथ व्यापार बढ़ाने की कोशिश की। हाल ही में दोनों देशों ने सीमा पर गश्त समझौते किए, प्रत्यक्ष उड़ानें बहाल कीं और पर्यटन को बढ़ावा दिया। मोदी की दुर्लभ चीन यात्रा की चर्चा है, जो शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन में हो सकती है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह नई दोस्ती एशिया में व्यापार को बदल सकती है और अमेरिका के नेतृत्व वाले गठबंधनों को कमजोर कर सकती है। अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार, ट्रंप के टैरिफ और भू-राजनीतिक बदलाव ने भारत-चीन को करीब लाया है, जो क्वाड को नुकसान पहुंचा सकता है।

गौरतलब हो, ट्रंप प्रशासन चीन को वैश्विक खतरा मानता है और भारत को उसके खिलाफ मोर्चे पर रखना चाहता है। लेकिन भारत की रणनीतिक स्वायत्तता नीति अमेरिका को पसंद नहीं आ रही। भारत रूस से एस-400 मिसाइल सिस्टम खरीद चुका है और चीन के साथ आर्थिक संबंध मजबूत कर रहा है। 2024 में भारत-चीन व्यापार 100 अरब डॉलर से ऊपर पहुंच गया था। नवारो जैसे सलाहकारों का मानना है कि यह अमेरिकी हितों को चोट पहुंचाता है, क्योंकि भारत रूस से तेल खरीदकर यूक्रेन युद्ध को ईंधन दे रहा है।

भारत की ओर से अभी आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई, लेकिन विदेश मंत्रालय के सूत्रों का कहना है कि भारत अपनी विदेश नीति में किसी का हस्तक्षेप नहीं बर्दाश्त करेगा। विपक्षी नेता राहुल गांधी ने ट्वीट किया कि अमेरिका को अपनी चिंता खुद देखनी चाहिए। भारत स्वतंत्र है। अंतरराष्ट्रीय विश्लेषक मानते हैं कि यह विवाद इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में तनाव बढ़ा सकता है। यदि भारत-चीन संबंध मजबूत होते हैं, तो अमेरिका को नई रणनीति अपनानी पड़ेगी। बहरहाल, नवारो का बयान सिर्फ एक टिप्पणी नहीं, बल्कि वैश्विक शक्ति संतुलन का संकेत है। जहां एक तरफ अक्साई चिन जैसे पुराने घाव हैं, वहीं आर्थिक जरूरतें नई दोस्ती को जन्म दे रही हैं। क्या भारत अमेरिकी दबाव में झुकेगा या अपनी राह चुनेगा? यह समय बताएगा। लेकिन इतना साफ है कि ट्रंप के सलाहकार की भड़काहट से एशिया की राजनीति में नया अध्याय शुरू हो गया है।

-वरिष्ठ पत्रकार

# सुकांत भट्टाचार्य की कविता एक अमर गान



डॉ.राम आह्लाद चौधरी
प्रोफेसर, कलकत्ता विश्वविद्यालय

सुकांत भट्टाचार्य की जन्मशती का अवसर न केवल बंगाली साहित्य की एक महत्त्वपूर्ण घटना है, बल्कि समूचे भारतीय साहित्य और सामाजिक चेतना के लिए एक विचारोत्तेजक क्षण है। 15 अगस्त 1926 को कलकत्ता (अब कोलकाता) में जन्मे सुकांत भट्टाचार्य मात्र 20 वर्ष की आयु में 13 मई 1947 को टीबी की बीमारी से काल-कवलित हो गए, लेकिन उनकी कविताएं समय की सीमाओं को लांघकर आज भी युवा मन को झकझोरती हैं। उन्हें 'किशोर विद्रोही कवि' कहा जाता था, जो काजी नजरुल इस्लाम की विद्रोही परंपरा का संकेत है। सुकांत की कविताएं मार्क्सवादी विचारधारा से ओतप्रोत हैं, जो सामाजिक अन्याय, भुखमरी, साम्राज्यवाद और फासीवाद के खिलाफ एक तीखा विद्रोह व्यक्त करती हैं। उनकी रचनाएं न केवल 1940 के दशक के बंगाल की सामाजिक-राजनीतिक उथल-पुथल को प्रतिबिंबित करती हैं, बल्कि युवा शक्ति को एक क्रांतिकारी हथियार के रूप में स्थापित करती हैं।

सुकांत का जीवन स्वयं एक विद्रोह की कहानी है। गरीबी में जन्में सुकांत ने कभी औपचारिक शिक्षा पूरी नहीं की, लेकिन कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया के सदस्य के रूप में सक्रिय रहे। 1943 का बंगाल अकाल, द्वितीय विश्व युद्ध की विभीषिका और सांप्रदायिक दंगे उनकी कविताओं के केंद्रीय विषय बने। उन्होंने बताया है-साबास बांग्लादेश! दुनिया हैरान है! जलकर, मरकर, नष्ट होकर भी सिर झुकाने का नहीं - यह पंक्तियां युवा ऊर्जा की अटूट शक्ति को दर्शाती हैं, जो विपत्तियों में भी विद्रोह का झंडा बुलंद रखती है।

आज, जब दुनिया आर्थिक असमानता, पर्यावरण संकट और राजनीतिक दमन से जूझ रही है, सुकांत की कविताएं युवाओं को याद दिलाती हैं कि विद्रोह कोई पुरानी कहानी नहीं, बल्कि वर्तमान की आवश्यकता है। उनकी जन्मशती केमौके पर उनकी कविता में युवा शक्ति और विद्रोह का विश्लेषण अत्यंत आवश्यक है। उनकी रचनाएं युवाओं को शोषण के खिलाफ उठ खड़े होने की प्रेरणा देती हैं, और यह विद्रोह आज के संदर्भ में प्रासंगिक है। सुकांत की कविता मात्र शब्द नहीं, बल्कि एक आंदोलन है, जो युवा मन को क्रांति की लौ से जगाती है।

सुकांत की कविताओं में युवा शक्ति का प्रतिबिम्ब मिलता है। सुकांत भट्टाचार्य की कविताओं में युवा शक्ति एक जीवंत ऊर्जा के रूप में उभरती है, जो न केवल व्यक्तिगत स्तर पर बल्कि सामूहिक क्रांति के रूप में प्रकट होती है। उनकी आयु मात्र 18-20 वर्ष की रही, लेकिन उनकी रचनाएं युवाओं की उस अंतर्निहित शक्ति को उजागर करती हैं जो समाज को बदल सकती है। उन्होंने बताया है-समाचार आया है आज जन्मे बच्चे से/ उसने प्रमाण-पत्र प्राप्त किया है/ इसलिए उसने नए अज्ञात विश्व में अपने अधिकारों की घोषणा की है /तीखी चीखों से / वह असहाय और छोटा है/ फिर भी उसकी मुट्ठी उठी हुई है/ एक अज्ञेय प्रतिज्ञा में चमकती हुई/ कोई नहीं समझता/ कुछ हंसते हैं, कुछ डांटते हैं/ लेकिन मैं उसकी भाषा पहचानता हूं/ मैं आने वाले युग के संकेत देखता हूं/ जैसे मैं बच्चे की आंखों में उसके प्रमाण-पत्र पढ़ता हूं/ नया बच्चा आया है/ हमें उसके लिए जगह बनानी होगी; /और दूर चले जाना होगा/ इस पुरानी धरती के खंडहरों और मृतकों की बंजर भूमि में/ और हम चले जाएंगे /लेकिन जब तक सांस है/ मैं अपनी पूरी ताकत से मलबा साफ करता रहूंगा/ इस धरती के चेहरे से/ मैं इस दुनिया को इस बच्चे के लिए रहने लायक बनाऊंगा/यह मेरा नवजात के प्रति दृढ़ वचन है/ एक बार काम पूरा होने पर, मैं बच्चे को अपने खून से आशीर्वाद दूंगा/ और तब, मैं इतिहास बन जाऊंगा।

यह कविता युवा शक्ति को एक नवीन सृजन के रूप में दर्शाती है। नवजात शिशु प्रतीक है उस युवा पीढ़ी का जो पुरानी व्यवस्था के मलबे को साफ कर नई दुनिया रचेगी। सुकांत यहां युवाओं को इतिहास-निर्माता के रूप में देखते हैं, जो पुरानी पीढ़ी के दायित्व को याद दिलाते हैं। यह विचारोत्तेजक है क्योंकि आज के युवा, जो जलवायु परिवर्तन, बेरोजगारी और डिजिटल विभाजन से जूझ रहे हैं, स्वयं को इस शिशु में देख सकते हैं। उनकी मुट्ठी उठी हुई है-एक विद्रोही प्रतिज्ञा, जो सोशल मीडिया आंदोलनों से लेकर सड़क प्रदर्शनों तक प्रतिबिंबित होती है।

सुकांत ने सही कहा है-कविता, हमें अब तुम्हारी जरूरत नहीं/ कठोर, कर्कश गद्य लाओ/कविता की झंकार मिट जाए/और गद्य का मजबूत हथौड़ा चले/ यहां युवा शक्ति का विद्रोह कविता की पारंपरिक सुंदरता के खिलाफ है। सुकांत ने युवाओं का आह्वान किया है कि वे साहित्यिक अलंकारों से ऊपर उठकर वास्तविक संघर्ष में उतरें। यह युवा ऊर्जा की वह शक्ति है जो सौंदर्यबोध को त्यागकर क्रांति को अपनाती है। 1940 के दशक में, जब बंगाल भुखमरी से त्रस्त था, सुकांत की यह कविता युवाओं को याद दिलाती है कि उनकी शक्ति निष्क्रिय नहीं, बल्कि सक्रिय विद्रोह में निहित है।

आज के संदर्भ में यह कहना अनुचित नहीं होगा किजब युवा स्टार्टअप कल्चर और कॉरपोरेट दबाव में फंसे हैं, सुकांत की यह शक्ति उन्हें याद दिलाती है कि उनकी ऊर्जा परिवर्तन का माध्यम है। युवा शक्ति यहां मात्र शारीरिक नहीं, बल्कि वैचारिक है-एक ऐसी शक्ति जो समाज के आधार को हिला सकती है।

सुकांत की युवा शक्ति का एक और आयाम है उनकी कविताओं में निहित मानवतावाद। वे युवाओं को मानवीय संवेदना से जोड़ते हैं, जहां विद्रोह केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि नैतिक भी है। उदाहरणस्वरूप, बंगाल अकाल पर उनकी कविताएं युवाओं को भुखमरी के खिलाफ उठने को प्रेरित करती हैं, जैसा कि उन्होंने कहा है -भुखमरी के राज्य में दुनिया गद्यमय है/पूर्णिमा का चंद्रमा जैसे झुलसी हुई रोटी/ पंक्तियां युवा मन को झकझोरती हैं कि उनकी शक्ति गरीबी के खिलाफ होनी चाहिए।

सुकांत की कविताओं में विद्रोह का स्वर बेनजीर है। उनकी कविताओं में विद्रोह एक मूलभूत तत्व है, जो युवा शक्ति को ईंधन प्रदान करता है। उनका विद्रोह केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक स्तर पर है। वे मार्क्सवादी दृष्टिकोण से शोषण की व्यवस्था के खिलाफ खड़े होते हैं, और उनकी कविताएं युवाओं को विद्रोह की भाषा सिखाती हैं।सुकांत की काव्य-पंक्तियां युवाओं को सिखाती हैं कि विद्रोह कमजोरी नहीं, बल्कि शक्ति है।

सुकांत का विद्रोह साम्राज्यवाद के खिलाफ है। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान उनकी कविताएं फासीवाद को चुनौती देती हैं। 'हे महाजीवन' में वे कविता को त्यागकर गद्य की मांग करते हैं, जो विद्रोह का प्रतीक है-पारंपरिक साहित्य के खिलाफ, वास्तविक संघर्ष के पक्ष में। यह विचारोत्तेजक है क्योंकि आज के युवा, जो सोशल मीडिया पर हैशटैग आंदोलनों से जुड़े हैं, सुकांत के इस विद्रोह को अपनी भाषा में देख सकते हैं। उनका विद्रोह सांप्रदायिकता के खिलाफ भी है; सांप्रदायिक दंगों पर उनकी कविताएं युवाओं को एकजुट होने का संदेश देती हैं।

एक महत्त्वपूर्ण आयाम है सुकांत का विद्रोह पूंजीवाद के खिलाफ। उनकी कविताओं में शोषित वर्ग की आवाज है, जो युवाओं को क्रांति के लिए प्रेरित करती है। उन्होंने कहा है कि युवा इतिहास बनाएंगे, पुरानी व्यवस्था को नष्ट कर-यह विद्रोह आज के भारत में, जहां युवा किसान आंदोलन या नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं, पूरी तरह प्रासंगिक है। सुकांत का विद्रोह नकारात्मक नहीं, बल्कि रचनात्मक है-एक नई दुनिया बनाने का है।

सुकांत की कविताओं में विद्रोह की एक और विशेषता है उसकी किशोर ऊर्जा। मात्र किशोर आयु में लिखी गईं ये रचनाएं युवाओं को बताती हैं कि विद्रोह के लिए बड़ी उम्र की जरूरत नहीं।सुकांत कविता की झंकार को मिटाने की बात करते हैं, जो साहित्यिकवर्चस्ववाद के खिलाफ विद्रोह है। यह युवाओं को प्रेरित करता है कि वे अपनी भाषा में विद्रोह करें, चाहे वह स्ट्रीट आर्ट हो या डिजिटल एक्टिविज्म। सुकांत का विद्रोह मानवीय है; भुखमरी पर उनकी पंक्तियां विद्रोह को संवेदना से जोड़ती हैं।

आज के वैश्विक संदर्भ में, जब युवा पॉपुलिज्म और फेक न्यूज से जूझ रहे हैं, सुकांत का विद्रोह उन्हें सच्चाई की तलाश सिखाता है। उनका विद्रोह स्त्री-पुरुष समानता, पर्यावरण और श्रमिक अधिकारों से जुड़ा है, जो युवा शक्ति को बहुआयामी बनाता है।

आधुनिक विश्व में सुकांत की प्रासंगिकता अमर है।सुकांत की कविता में युवा शक्ति और विद्रोह की प्रासंगिकता आज के दौर में और भी बढ़ गई है। जब दुनिया कोविड-19 महामारी, आर्थिक मंदी और जलवायु संकट से जूझ रही है, सुकांत की रचनाएं युवाओं को याद दिलाती हैं कि विद्रोह आवश्यक है। भारत में युवा बेरोजगारी की दर पचास प्रतिशत से ऊपर है, और सुकांत की भुखमरी वाली पंक्तियां आज की गरीबी को प्रतिबिंबित करती हैं। उनकी युवा शक्ति आज के स्टूडेंट मूवमेंट्स में दिखती है, जैसे जेएनयू या शाहीन बाग आंदोलन।

वैश्विक स्तर पर युवा एक्टिविस्ट सुकांत की काव्य शक्ति को जीवंत करती हैं। उनका विद्रोह पर्यावरण के खिलाफ पूंजीवाद के विरुद्ध है, ठीक सुकांत की तरह। डिजिटल युग में सुकांत का गद्य का आह्वान अक्षुण्ण है।लेकिन आज की चुनौतियां हैं: युवा शक्ति को कमर्शियलाइज किया जा रहा है, जहां विद्रोह ब्रांड बन जाता है। सुकांत हमें सतर्क करते हैं कि विद्रोह सच्चा हो, न कि सतही।

सुकांत की जन्मशती पर, हमें उनकी विरासत को स्कूल पाठ्यक्रम में शामिल करना चाहिए, ताकि युवा उनकी शक्ति से जुड़ें। उनका विद्रोह हमें बताता है कि युवा न केवल भविष्य हैं, बल्कि वर्तमान के बदलाव के वाहक हैं। सुकांत भट्टाचार्य की कविताएं युवा शक्ति और विद्रोह का अमर गान हैं।

## विदेश की खबरें

### रूस ने कीव में ड्रोन और मिसाइल से बड़ा हमला किया; 12 लोगों की मौत, 48 घायल

**कीव :** रूस ने बृहस्पतिवार तड़के यूक्रेन की राजधानी कीव पर ड्रोन और मिसाइलों से बड़ा हमला किया, जिसमें कम से कम 12 लोगों की मौत हो गयी और 48 अन्य घायल हो गए। स्थानीय प्राधिकारियों ने यह जानकारी दी। तीन साल से जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए अमेरिका के नेतृत्व में शांति प्रयास सफल न होने के बीच पिछले कुछ सप्ताहों में यह कीव पर रूस का पहला बड़ा हमला है। यूक्रेन की वायु सेना के अनुसार, रूस ने पूरे देश में 598 ड्रोन और विभिन्न प्रकार की 31 मिसाइलें दागीं, जिससे यह युद्ध के सबसे बड़े हवाई हमलों में से एक बन गया। कीव शहर प्रशासन के प्रमुख तैमूर त्काचेंको ने बताया कि मृतकों में दो, 14 और 17 साल के तीन नाबालिग शामिल हैं। मृतकों की संख्या बढ़ सकती है क्योंकि बचाव दल मलबे में दबे लोगों को निकालने की कोशिशों में जुटे हुए हैं। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेंस्की ने हमले के बाद 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'रूस बातचीत की मेज के बजाय बैलिस्टिक हथियारों को चुनता है।

### चीन और भारत को सीमावर्ती क्षेत्रों में संयुक्त रूप से शांति बनाए रखनी चाहिए: चीनी सेना

**बीजिंग :** चीन की सेना ने बृहस्पतिवार को कहा कि हाल में हुई सकारात्मक और रचनात्मक सीमा वार्ता में 10 सूत्री सहमति बनने के बाद चीन और भारत को अपने सीमावर्ती क्षेत्रों में मिलकर शांति और सौहार्द बनाए रखना चाहिए। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने 19 अगस्त को दिल्ली में भारत-चीन सीमा प्रश्न पर 24वें दौर की वार्ता की। चीन के रक्षा प्रवक्ता झांग शियाओगांग ने वार्ता के परिणामों पर पहली बार टिप्पणी करते हुए कहा कि वार्ता के दौरान, 10 सूत्री आम सहमति बनी और दोनों पक्ष राजनयिक और सैन्य माध्यमों से सीमा प्रबंधन और नियंत्रण तंत्र का उपयोग करने पर सहमत हुए। झांग ने कहा कि वार्ता के दौरान, दोनों पक्षों ने सकारात्मक और रचनात्मक भावना से चीन-भारत सीमा प्रश्न पर स्पष्ट और गहन विचारों का आदान-प्रदान किया और कई सहमतियों पर पहुंचे। झांग ने कहा कि चूंकि इस वर्ष चीन और भारत के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना की 75वीं वर्षगांठ है, इसलिए दोनों पक्षों को द्विपक्षीय संबंधों में सकारात्मक गति को और मजबूत करना चाहिए।

## वर्ग पहेली नं. 3191

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | | 3 | ■ | 4 | 5 | |
| | ■ | 6 | | ■ | 7 | | | | ■ |
| 8 | 9 | ■ | 10 | | | ■ | | ■ | 11 |
| ■ | 12 | 13 | | ■ | | ■ | 14 | | |
| 15 | ■ | 16 | | 17 | ■ | 18 | | ■ | |
| 19 | | | ■ | 20 | | | ■ | 21 | |
| | ■ | 22 | 23 | | ■ | 24 | | | ■ |
| 25 | | ■ | | ■ | 26 | | ■ | 27 | 28 |
| | ■ | 29 | | | | ■ | 30 | | |

*ऊपर से नीचे:-* 1) चने का आटा, 2) विवेकी; व्यवहारकुशल, 3) गिराना, 4) चार सौ बीसी, 5) वृक्ष का धड़, 9) ख़ौफ़; साहस-भंग, 11) बेवजह, 13) ख्याति, 15) जहाज़घाट 17) गूदा; दिमाग़, 18) प्रस्ताव; आरंभिक कर्म; उपहार, 21) प्रामाणिक; ईमानदार, 23) गगनचुंबी भवन; बुर्ज़; धौल-हरा, 26) थूक, 28) तल्लीन.
*(उत्तरः अगले अंक में)*

*बायें से दायें:-* 1) ज़ंजीर, 2) निकट; पास, 4) समाधि चबूतरा; छाता, 6) जिसका पता न हो, 7) घूमना, 8) आकाश, 10) क्षणिक दर्शन, 12) जसोमति, 14) आतिशबाज़ी की गोली, 16) ज़नानख़ाना, 18) उदर, 19) कार्यालय, 20) लंबोदर, 21) शर, 22) शिष्टाचार, 24) हथेली और कोहनी के बीच का भाग, 25) घना, 26) प्रेत, 27) आर्थिक; बाग़वान, 29) पूर्णतः छिन्न-भिन्न, 30) उपवन.

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | नु | म | ति | ■ | अ | ध | म | रा | ■ |
| छू | ■ | ■ | त | नि | क | ■ | क्र | ■ | तै |
| ता | बे | दा | र | ■ | ड़ | ■ | स | प्र | या |
| ■ | कु | ■ | बि | ■ | ना | र | द | ■ | र |
| ■ | सू | ■ | त | ज़ | ■ | स्म | ■ | उ | ■ |
| घ | र | बा | र | ■ | ■ | रि | स्ते | दा | र |
| मा | ■ | ब | ■ | क | ले | वा | ■ | सी | ■ |
| सा | भा | र | ■ | म | ■ | ज | ■ | न | या |
| न | ■ | ची | र | ची | र | ■ | क़ | ता | र |

**Mob. No. 08329510310**

## सुडोकू-पहेली-3148

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | |
| 4 | | 1 | | | | | | |
| | 8 | 3 | 9 | 6 | | | | |
| | 7 | | | | | | 2 | |
| | | | | | 6 | | | 1 |
| | 3 | | | 2 | | 7 | | |
| | 9 | | | | 4 | | | |
| | | | 3 | | | | | 2 |
| | | | 1 | | | 9 | 4 | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3147 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | 2 | 6 | 3 | 1 | 9 | 7 | 4 |
| 1 | 3 | 6 | 7 | 9 | 4 | 2 | 5 | 8 |
| 9 | 4 | 7 | 2 | 5 | 8 | 3 | 1 | 6 |
| 7 | 6 | 3 | 1 | 2 | 5 | 4 | 8 | 9 |
| 4 | 8 | 1 | 9 | 6 | 7 | 5 | 3 | 2 |
| 5 | 2 | 9 | 8 | 4 | 3 | 7 | 6 | 1 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 7 | 9 | 8 | 2 | 3 |
| 2 | 7 | 4 | 3 | 8 | 6 | 1 | 9 | 5 |
| 3 | 9 | 8 | 5 | 1 | 2 | 6 | 4 | 7 |

# दबाव पड़ा तो अमित शाह की वंशवाद की राजनीति और चुनाव आयोग के भ्रष्टाचार का करूंगी पर्दाफाश : ममता




**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने गुरुवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधते हुए उन पर 'वंशवाद की राजनीति' में लिप्त होने का आरोप लगाया। मुख्यमंत्री ने सीधे तौर पर निर्वाचन आयोग का नाम लिए बिना उस पर भी निशाना साधा और 'अलोकतांत्रिक प्रथाओं का पर्दाफाश' करने की धमकी दी। उन्होंने आरोप लगाया कि आयोग के सदस्यों के 'परिवार' से जुड़े शीर्ष नौकरशाहों और पुलिस अधिकारियों के ज़रिए चुनाव निकाय पूरे भारत में 'अलोकतांत्रिक प्रथाओं' को बढ़ावा दे रहा है। ममता ने केंद्रीय गृह मंत्री की ओर इशारा करते हुए कहा कि अमित बाबू, आप हम पर 'वंशवाद की राजनीति' चलाने का आरोप लगाते हैं, लेकिन आपके बेटे का क्या, जो एक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट बोर्ड का अध्यक्ष है, जिसमें हज़ारों-लाखों करोड़ रुपये लगे हैं क्या यह वंशवाद नहीं है। क्या आप इसे समाजवाद कहते हैं। मुख्यमंत्री ने निर्वाचन आयोग पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि लॉलीपॉप सरकार हमारे बीडीओ, एसडीओ, डीएम और पुलिस को छंटनी या जेल की सज़ा की धमकी दे रही है। लेकिन चुनाव के दौरान आयोग का कार्यकाल तीन महीने से ज़्यादा नहीं होता। राज्य सरकार ही रहती है। ममता ने कहा कि हम इस बाहुबल को बर्दाश्त नहीं करेंगे। हमारे पास भी आपका भानुमती का पिटारा है। अगर आप बाध्य करेंगे तो हम आपके भ्रष्टाचार का पर्दाफ़ाश करेंगे सुनिए, लॉलीपॉप बाबू, हम जानते हैं कि आपके परिवार के कौन से सदस्य अलग-अलग राज्यों में आईएएस और आईपीएस अधिकारी हैं और किसके ज़रिए आप भाजपा के लिए यह लॉलीपॉप तंत्र चला रहे हैं।

**❑ 'बंगालियों की भूमिका को भुलाना चाहती भाजपा'**

उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा स्वतंत्रता आंदोलन में बंगालियों द्वारा निभायी गयी भूमिका को भुलाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि अगर बांग्ला भाषा ही नहीं है, तो राष्ट्रगान और राष्ट्रगीत किस भाषा में लिखे गए हैं? वे चाहते हैं कि लोग स्वतंत्रता आंदोलन में बंगालियों द्वारा निभाई गई ऐतिहासिक भूमिका को भुला दें। हम इस भाषाई आतंक को बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने दावा किया कि उनके पूर्ववर्ती ब्रिटिश एजेंट थे, जिन्होंने जेलों से बाहर निकलने के लिए वचन (अंडरटेकिंग) दिया था।

**❑ माकपा पर साधा निशाना**

तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ने मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) पर भी निशाना साधा और आरोप लगाया कि वह (वाम दल) उनसे मुकाबला करने के लिए भाजपा से हाथ मिला रहा है। ममता ने कहा कि केरल की माकपा सरकार दावा कर रही है कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंग्रेजों के डर से देश छोड़कर भाग गए थे। हम इसकी निंदा करते हैं।

**❑ प्रधानमंत्रियों के साथ काम करने के अनुभव पर किताब लिखेंगी ममता**

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भारत के विभिन्न प्रधानमंत्रियों के साथ काम करने का उनका अनुभव कैसा रहा, इस विषय पर अब एक किताब लिखेंगी। गुरुवार को मेयो रोड में तृणमूल कांग्रेस छात्र परिषद के स्थापना दिवस समारोह में एक सभा को संबोधित करते हुए ममता ने खुद यह बात कही। अपने भाषण में ममता ने कहा कि मैं सात बार सांसद रही हूं। मैं दो बार रेल मंत्री रही हूं, कोयला मंत्री रही हूं। महिला एवं बाल विकास मंत्री रही हूं। खेल व युवा मंत्री रही हूं। मैंने कई प्रधानमंत्रियों के साथ किया है। ममता ने कहा कि राष्ट्रीय महिला आयोग मेरे कार्यकाल में ही बना। खेल अकादमी मेरे कार्यकाल में ही बना। इसीलिए अब बच्चे इतना अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं क्योंकि इसकी योजना लंबे समय से बनाई और इसकी स्थापना की गई। इसके बाद, ममता ने कहा कि मैंने कई प्रधानमंत्री देखे हैं। मैं एक किताब लिखूंगी। कौन पीएम कैसे थे, इसका अनुभव इस किताब में होगा। ममता ने यह भी बताया कि कोलकाता में अगले साल होने वाले वार्षिक अंतरराष्ट्रीय पुस्तक मेले में यह किताब जारी की जाएगी।

## किसी भी हालत में अन्याय से समझौता मत करना, सिर उठाकर जीना : ममता

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को अपनी पार्टी की छात्र इकाई तृणमूल छात्र परिषद (टीएमसीपी) के सदस्यों से कहा कि वे किसी भी परिस्थिति में अन्याय से समझौता न करें। टीएमसीपी के स्थापना दिवस पर ममता बनर्जी ने सभी पुराने और नए सदस्यों को बधाई दी और कहा कि अन्याय के खिलाफ हर लड़ाई में वह उनके साथ रहेंगी। इस दिन, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर मुख्यमंत्री बनर्जी ने लिखा कि तृणमूल छात्र परिषद के इस ऐतिहासिक स्थापना दिवस पर मैं इसके सभी नए और पुराने सदस्यों को देशभक्तिपूर्ण बधाई देती हूं। टीएमसीपी, तृणमूल परिवार का एक अभिन्न हिस्सा है। बंगाल को और अधिक विकसित और मजबूत बनाने की लड़ाई में वे भी साथ हैं। ममता ने आगे लिखा कि आज के इस खास दिन पर मैं अपने सभी युवा साथियों से कहना चाहती हूं कि किसी भी हालत में अन्याय से समझौता मत करना। हमेशा सिर ऊंचा रखकर जीना। अन्याय के खिलाफ किसी भी संघर्ष में मुझे अपने साथ पाओगे। सभी खुश रहें, स्वस्थ रहें।



### Name Change

I Sila Jana Spouse of army no 17002837x Rank NK,Unit-17 CZW name Sibsankar Jana resident of vill-Chachchariani, po-Lalua,Teh- Egra, Dist-East Mednapore,WB,Pin-721456.I have changed my name Sila bera to Sila Jana vide an affidavit no.IN-AS8289301418368X before the notary public Kamrup (M) At Guwahati.Date 28.08.2025.That Sila jana and Sila Bera both are the same and one identical person.

### Notice

Mr. Vikash Kumar Sethia, Son of Pannalal Sethia, aged 48 years, residing at 493 C/A GT Road, Vivek Vihar Phase 5 Block 22, Shibpur Howrah - 711102, is missing since 17th July 2024. He has pledged ornaments with Muthoot Fincorp Limited, Howrah Dobson Road Branch. If you have any claim to the said ornaments, please contact Muthoot Fincorp Limited, First Floor, No. 533, 1st Floor, Door No. 533, G.T. Road, (South), Near Mallick Phatak, Howrah, West Bengal-711101, Contact No. : 033-26380077 with proof of ownership/ claim. If no claim is received within 15 days from the date hereof, the ornaments will be released to the relatives of Mr. Vikash Kumar Sethia.

### पूर्व रेलवे

**निविदा सूचना सं.- ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21(सूचना)/693 दिनांक: 27.08. 2025,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 निम्नलिखित विद्युत कार्यों के लिए खुली ई-निविदाएं आमंत्रित करता है: **निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3481; कार्य का नाम:** बोलपुर स्टेशन के पीएफ नंबर 1, 2 और 3 पर 60 महीने के लिए स्पेयर्स (निर्माता-जॉनसन लिफ्ट्स प्राइवेट लिमिटेड) के साथ 02 पैसेंजर एस्केलेटर का व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध; **निविदा मूल्य :** रु. 33,03,528.00; **बोली सुरक्षा (बयाना राशि जमा):** रु. 66,100.00; **समापन अवधि :** 60 महीने; **समापन तिथि एवं समय :** 17.09.2025 को 17:00 बजे। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित समापन तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित कर दिया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा समापन तिथि में परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट पर आवेदन निविदा की समापन तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को प्रस्तुत करने की अनुमति नहीं देता है। हालाँकि, ऑनलाइन निविदाएं निविदा की समाप्ति तिथि और समय के बाद किसी भी सुविधाजनक दिन खोली जाएंगी। निविदा का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकर्ताओं से अनुरोध है कि वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन प्रस्तुत करें।

(HWH-268/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

### पश्चिम मध्य रेल

**विद्युत विभाग (कर्षण-वितरण शाखा) जबलपुर ई-निविदा सूचना - एन.आई.टी नं. जबल-टीआरडी-निविदा-2025-2 दिनांक 25.08.2025** वरि. मंडल विद्युत इंजीनियर/कर्षण - वितरण /पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य करने के लिए अनुभवी ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदायें आमंत्रित करते हैं। ठेकेदारों के पास राज्य सरकार द्वारा जारी विद्युतीय लायसेन्स (फर्म के नाम से या फर्म के किसी पार्टनर के नाम से या स्वयं के नाम में यदि सोल प्रोपराइटर हों) आई.ई.नियम 1956 के अनुसार होना चाहिए। **कार्य का नाम:** विद्युत गुणवता विश्लेषक का प्रावधान अर्थात वोल्टेज /वर्तमान हार्मोनिक्स की सीमाओं के संबंध में हार्मोनिक अध्ययन। **कार्य स्थल:** जबलपुर मण्डल।, **कार्य की अवधि :** 15 माह, **कार्य की कीमत (टेंडर वेल्यू):** रुपये 1,60,81,233.30/- (रुपये एक करोड़ साठ लाख इक्यासी हजार दो सौ तैंतीस एवं तीस पैसे मात्र), **बयाना राशि:** रुपये-2,30,400.00/-, **निविदा जमा करने/खुलनेकी अंतिम तिथि एवं समय:** 22.09.2025 15:00 बजे/22.09.2025 15:30 बजे, **निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेलवे बेब साईट: https://www.ireps.gov.in** निविदाकर्ता अपनी निविदाऐं आई आर ई पी एस की माध्यम से https://www.ireps.gov.in पर ऑन लाइन निविदा करें। निविदाकर्ताओ से अनुरोध है कि वे समय पर बदलाव व शुद्धि पत्रों हेतु IREPS की वेबसाईट https://www.ireps.gov.in देखते रहें न्यूनतम पात्रता मान दण्ड टेण्डर फार्मके अनुसार और ज्वाइंन्ट वेन्चर व साझेदारी इस निविदा के लिए लागू होगा

(हस्ता)
कृते वरि मं.वि.इंजी./कर्षण-वितरण
पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर



# भाजपा ने एक भी वैध मतदाता का नाम हटाने की हिम्मत की, तो राजपथ का घेराव करेंगे : अभिषेक बनर्जी

**❑ तृणमूल नेता ने भाजपा पर एसआईआर के जरिये 'मतदाता चुनने' का आरोप लगाया**



**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने गुरुवार को भाजपा पर तीखा हमला करते हुए आरोप लगाया कि केंद्र की सत्तारूढ़ पार्टी 'मतदाताओं का चयन' करने के लिए मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का इस्तेमाल कर रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि वैध मतदाताओं को हटाने के किसी भी प्रयास का नयी दिल्ली तक विरोध किया जाएगा। अभिषेक ने कहा कि भाजपा 2026 के विधानसभा चुनाव से पहले 'बंगालियों के मताधिकार छीनने' की कोशिश कर रही है। उन्होंने दावा किया कि राज्य की जनता इसका 'करारा जवाब' देगी। पार्टी की छात्र शाखा की एक रैली को संबोधित करते हुए अभिषेक ने कहा कि पहले मतदाता सरकार चुनते थे, लेकिन अब भाजपा अलोकतांत्रिक एसआईआर प्रक्रिया के जरिये मतदाताओं का चयन कर रही है। इसके खिलाफ हमारी लड़ाई जारी रहेगी। अगर भाजपा ने एक भी वैध मतदाता का नाम हटाने की हिम्मत की, तो हम 10 लाख बंगालियों के साथ दिल्ली तक मार्च करेंगे, राजपथ का घेराव करेंगे और अपनी ताकत साबित करेंगे। अभिषेक बनर्जी ने कहा कि केंद्र में सत्तारूढ़ पार्टी बंगाल के 10 करोड़ लोगों की पहचान, भाषा और अधिकारों पर सवाल उठाकर उनका अपमान कर रही है। तृणमूल कांग्रेस नेता ने कहा कि उन्होंने बंगालियों को बांग्लादेशी कहा और यह भी कहा कि बांग्ला जैसी कोई भाषा नहीं है। टैगोर ने किस भाषा में लिखा, विद्यासागर या नेताजी ने किस भाषा में बात की? बंगाल ने भारत की स्वतंत्रता का मार्ग दिखाया। हम किसी को भी इसे मिटाने की अनुमति नहीं देंगे।

**❑ 'भाजपा में दम तो 50 सीटें जीत कर दिखाए'**

अभिषेक बनर्जी ने कहा कि 2011 के बाद से हर चुनाव में तृणमूल कांग्रेस की सीट में बढ़ोतरी हुई है और उन्होंने भविष्यवाणी की कि पार्टी 2026 के विधानसभा चुनावों में और भी बड़े जनादेश के साथ सत्ता में वापसी करेगी। तृणमूल सांसद ने कहा कि वर्ष 2011 में हमने 184 सीट जीती थीं, 2016 में यह 211 हो गईं और 2021 में हमें 215 सीट मिलीं। वर्ष 2026 में हम इससे भी आगे निकल जाएंगे। मैं भाजपा को चुनौती देता हूं कि अगर वे 50 सीट पार कर सकें तो करके दिखाएं।

**❑ 'तृणमूल सांसदों के विरोध से शाह को चौथी पंक्ति से पेश करना पड़ा संविधान संशोधन विधेयक'**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को निशाने पर लेते हुए बनर्जी ने कहा कि भगवा खेमे ने संसद में संविधान संशोधन विधेयक को ''अंधेरे में'' पारित कराने की कोशिश की थी, लेकिन तृणमूल के 28 सांसदों ने इस प्रयास को विफल कर दिया। उन्होंने ज़ोर देकर कहा, ''हमारे सांसदों ने अध्यक्ष के आसन के सामने आकर विरोध किया और उन्हें (अमित शाह को) आगे की पंक्ति से चौथी पंक्ति में जाने पर मजबूर किया। 29 सीट के साथ हम उन्हें रोक सकते थे। अगर बंगाल ने हमें 40 सीट दी होतीं, तो उन्हें आखिरी पंक्ति में दुबककर अपना चेहरा छिपाना पड़ता।''

**❑ अपराजिता बिल वापस किए जाने की आलोचना की**

महिलाओं की सुरक्षा को लेकर विधानसभा से सर्वसम्मति से पारित अपराजिता विधेयक को केन्द्र सरकार द्वारा मंजूरी न दिये जाने पर भी उन्होंने नाराजगी जतायी। उन्होंने कहा कि यह भाजपा की दोहरी नीति को उजागर करता है। यह विधेयक सितम्बर, 2024 में पारित हुआ था और इसमें दुष्कर्म की पांच गम्भीर श्रेणियों में फांसी की सजा का प्रावधान है। हालांकि, राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने हाल ही में इसे पुनर्विचार के लिए लौटा दिया है। कार्यक्रम में अभिषेक बनर्जी ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सरकार ने 24 घंटे में कार्रवाई की थी, लेकिन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सीबीआई अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठा पायी। उन्होंने विपक्ष पर आरोप लगाया कि विरोध का उद्देश्य बंगाल की स्वास्थ्य व्यवस्था को बदनाम करना था।



### पूर्व रेलवे

**निविदा सूचना सं. 222 - एस/1/डब्लू - II, दिनांक: 26.08.2025,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, डीआरएम बिल्डिंग, कैसर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा ऑनलाइन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सं.: टीएन-122- 25-26; कार्य का नाम:** सियालदह मंडल में राणाघाट-गेडे शाखा में पुल संख्या 113 (अप लाइन) के पीएससी स्लैब रूपांतरण के प्रावधान के संबंध में गोराचाचा (मेजरहाट) में आरएमसी के साथ पीएससी/आरसीसी स्लैब का निर्माण और पुल स्थल तक उसका परिवहन; **निविदा मूल्य :** रु. 5,69,37,153.54; **ईएमडी :** रु. 4,34,700.00; **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** 19.09.2025 को15.00 बजे। **कार्य की पूर्णता अवधि:** 12 (बारह) महीने। **निविदा खोलने की तिथि एवं समय:** 19.09.2025 को 15.00 बजे। निविदा दस्तावेज और विवरण **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध हैं। निविदा हेतु बोलियाँ उपरोक्त वेबसाइट पर ई-टेंडरिंग के माध्यम से प्रस्तुत की जानी हैं। मैन्युअल रूप से प्रस्तुत प्रस्तावों को तुरंत अस्वीकार कर दिया जाएगा। निविदा दस्तावेज़ और विवरण **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध हैं। बोली उपरोक्त वेबसाइट पर ई-टेंडरिंग के माध्यम से प्रस्तुत की जानी है। मैन्युअल प्रस्तावों को तुरंत अस्वीकार कर दिया जाएगा। भारतीय रेलवे मानक अनुबंध 2022 की सामान्य शर्तों के अनुसार, ई-टेंडर फॉर्म की लागत शून्य है।

(SDAH-185/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

### कोलकाता-न्यू जलपाईगुड़ी-कोलकाता पूजा स्पेशल ट्रेन

आगामी पूजा, दिवाली और छठ के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को संभालने के लिए, 03129/03130 **कोलकाता - न्यू जलपाईगुड़ी - कोलकाता स्पेशल ट्रेन (साप्ताहिक)** निम्नलिखित संक्षिप्त समयसूची, ठहराव, आवागमन की तिथियों और गठन के अनुसार चलाई जाएगी:

| कोलकाता - न्यू जलपाईगुड़ी स्पेशल | | | (03129) (03130) | न्यू जलपाईगुड़ी - कोलकाता स्पेशल | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दिन | आ. | प्र. | स्टेशन | आ. | प्र. | दिन |
| रवि | – | 23.40 | ↓ कोलकाता | 00.40 | – | मंगल |
| सोम | 00.55 | 00.57 | बैण्डेल | 23.08 | 23.10 | सोम |
| | 03.30 | 03.35 | आजिमगंज | 19.30 | 19.35 | |
| | 06.20 | 06.30 | मालदा टाउन | 17.10 | 17.20 | |
| | 10.45 | – | न्यू जलपाईगुड़ी ↑ | – | 12.45 | |

उपर्युक्त स्पेशल ट्रेनें मार्ग में दोनों दिशाओं में नैहाटी, नबद्वीप धाम, कटवा, जंगीपुर रोड, बारसोई, किशनगंज और अलुआबाड़ी रोड स्टेशनों पर भी रुकेंगी। **आवागमन की तिथियाँ: कोलकाता से:** 03129 दिनांक 28/09/2025, 05/10, 12/10, 19/10, 26/10/2025, 02/11, 09/11, 16/11, 23/11 और 30/11/2025 (रविवार) को = 10 ट्रिप और **न्यू जलपाईगुड़ी से:** 03130 दिनांक 29/09/2025, 06/10, 13/10, 20/10, 27/10/2025, 03/11, 10/11, 17/11, 24/11/2025 और 01/12/2025 (सोमवार) को = 10 ट्रिप। **गठन:** एसी 3-टियर-4, शयनयान श्रेणी-10, साधारण द्वितीय श्रेणी (जीएस) - 6 और एसएलआरडी-2 = 22 कोच। **कैटेगरी:** मेल/एक्सप्रेस।

मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक

पूर्व रेलवे

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter




# दिल्ली से नाइजीरियाई ठग गिरफ्तार, 1.10 करोड़ की ऑनलाइन ठगी का पर्दाफाश

**कोलकाता :** कोलकाता साइबर थाना की पुलिस ने एक बड़े फर्जीवाड़े का भंडाफोड़ करते हुए दिल्ली के पालम इलाके से दो विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया। ये दोनों आरोपी नकली ईमेल, व्हाट्सऐप अकाउंट और जाली दस्तावेज़ बनाकर 'एबॉट फार्मास्युटिकल यूके' और 'डब्ल्यूएचओ' के नाम पर कोला नट ट्रेडिंग स्कीम चलाते थे और निवेशकों से करोड़ों रुपये ठग रहे थे।

**❑ मामले की जानकारी**

शिकायतकर्ता से आरोपियों ने झांसा देकर 1,10,41,250 की ठगी की थी। जांच में पाया गया कि भारी रकम कई बैंक खातों और मोबाइल नंबरों के ज़रिए घुमाई गई। तकनीकी विश्लेषण से पता चला कि आरोपी पालम इलाके से इंटरनेट और



मोबाइल नेटवर्क के जरिए लगातार सक्रिय थे।

**❑ गिरफ्तारी अभियान**

इंस्पेक्टर सोमा मैती और सार्जेंट संतनु गेन के नेतृत्व में कोलकाता पुलिस और दिल्ली पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाकर पालम थाना क्षेत्र के महावीर एन्क्लेव स्थित एक मकान पर छापेमारी की। आरोपियों ने भागने की कोशिश की, इस दौरान एक कांस्टेबल घायल हुआ, लेकिन पुलिस ने पीछा कर दोनों को पकड़ लिया।

अभियुक्तों के नाम इजाइके बेंजामिन न्वाबुन्वान्ने (34 वर्ष) - निवासी नाइजीरिया व बिलीव ओन्येचोलेम (31 वर्ष) - निवासी नाइजीरिया हैं।

छापेमारी में पुलिस ने 12 एंड्रॉयड मोबाइल फोन, 2 कीपैड फोन, 1 लैपटॉप, 1 राउटर, 2 यूके सिम कार्ड, 4 एटीएम कार्ड, 1 पेन ड्राइव और कई फर्जी दस्तावेज़ बरामद किए।

पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों को स्थानीय अदालत में पेश कर ट्रांजिट रिमांड के लिए आवेदन किया जाएगा।

यह साइबर अपराधियों के खिलाफ कोलकाता पुलिस की एक बड़ी कामयाबी मानी जा रही है।

# विधानसभा के भीतर निजी अंगरक्षकों के प्रवेश मामले में हस्तक्षेप से हाईकोर्ट ने किया इनकार

**कोलकाता :** विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने विधानसभा भवन के भीतर अपने निजी सुरक्षा कर्मियों को प्रवेश की अनुमति देने के लिए याचिका दायर की थी। हालांकि, इस मामले में कोलकाता हाईकोर्ट ने सीधा हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया। अदालत ने स्पष्ट किया कि यह नियम सभी राजनीतिक दलों और उनके सदस्यों पर समान रूप से लागू होगा। सुनवाई के दौरान विधानसभा सचिव ने अदालत को बताया कि पहले ही एक नोटिस जारी किया जा चुका है, जिसके अनुसार किसी भी सदस्य - यहां तक कि मंत्रियों के भी निजी सुरक्षा कर्मी - आग्नेयास्त्र लेकर विधानसभा भवन के भीतर प्रवेश नहीं कर सकते। न्यायमूर्ति



अमृता सिन्हा ने अपने आदेश में कहा कि विधानसभा कानून के अनुसार यह नोटिस प्रभावी रहेगा। साथ ही उन्होंने यह भी टिप्पणी की कि इस प्रकार का नियम सभी राजनीतिक दलों के सदस्यों पर समान रूप से लागू होना चाहिए और इसके पालन की जिम्मेदारी विधानसभा सचिव की होगी।



### पूर्व रेलवे

**संक्षिप्त निविदा सूचना सं. : ईएल-एचडब्ल्यूएच- सीओएन - जीईएनएल - 164-2025-एनआईटी दिनांक: 27.08.2025,** उप मुख्य विद्युत अभियंता/सीओएन, 371-तेलकल घाट रोड, हावड़ा-711101 द्वारा ई-टेंडरिंग प्रक्रिया के माध्यम से पर्याप्त वित्तीय क्षमता और पर्याप्त अनुभव वाले अनुभवी विद्युत ठेकेदारों, साझेदारी फर्मों आदि से निम्नलिखित कार्य के लिए खुली निविदा आमंत्रित की जाती है: **निविदा सं. : ईएल-एचडब्ल्यूएच-सीओएन-जीईएनएल-164-2025; कार्य का नाम:** "लिलुआ के लिए शेड के निर्माण के संबंध में विद्युत (जी) कार्य - पूर्व रेलवे के लिलुआ वर्कशॉप में जे-शॉप में एलएचबी एसी कोच ओवरहालिंग सुविधाओं का विस्तार"; **निविदा मूल्य:** रु.89,71,594.00; **निविदा दस्तावेज की लागत:** शून्य; **बयाना राशि:** रु.1,79,400.00; **समापन अवधि:** 12 (बारह) महीने; **समापन की तिथि एवं समय:** 23.09.2025 को 15:00 बजे। निविदा दस्तावेज डाउनलोड किए जा सकते हैं तथा निविदा के लिए ऊपर उल्लिखित निविदा समापन तिथि और समय पर या उससे पहले इस निविदा के लिए ऊपर उल्लिखित "निविदा दस्तावेज की लागत" और "बयाना राशि" का ऑनलाइन भुगतान करने के बाद **www.ireps.gov.in** पर बोलियां प्रस्तुत की जा सकती हैं। सभी प्रकार से पूर्ण निविदाएं तथा ऊपर बताए गए सभी दस्तावेज इस निविदा के लिए **www.ireps.gov.in** पर अपलोड किए जाने चाहिए। निविदा के लिए बोलियाँ उपरोक्त वेबसाइट पर ई-टेंडरिंग के माध्यम से प्रस्तुत की जानी हैं। इस निविदा के लिए मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएँगे और यदि कोई मैन्युअल प्रस्ताव प्राप्त होता है, तो उसे स्वीकार नहीं किया जाएगा और तुरंत अस्वीकार कर दिया जाएगा। निविदा दस्तावेज़, निविदा सूचना का विवरण, समय-समय पर जारी किए गए शुद्धिपत्र (यदि कोई हों) और अन्य बुनियादी जानकारी **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। यह निविदा सूचना **उप मुख्य विद्युत अभियंता/कनेक्ट, 371-तेलकल घाट रोड, हावड़ा-711101** के नोटिस बोर्ड पर भी देखी जा सकती है।

(CON-35/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

### खड़गपुर मंडल के तहत विभिन्न स्टेशनों में स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंट (एसटीबीए) की नियुक्ति

**सं. सीओएम/जी30/एसटीबीए/कोरेस/पीटी-I** **दिनांक: 27.08.2025**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, खड़गपुर द्वारा रेलवे बोर्ड के जरिए निर्धारित नियम एवं शर्तों पर न्यूनतम कमिशन दर पर (प्रति माह रु. 1 लाख से अधिक के बिक्री टर्नओवर के लिए) वर्तमान कम्प्यूटरीकृत अनारक्षित टिकटिंग प्रणाली (यूटीएस) के माध्यम से कम्प्यूटरीकृत अनारक्षित टिकटों की बिक्री के लिए खड़गपुर मंडल के तहत **एसजी-3 श्रेणी** एवं **एनएसजी-6 श्रेणी** स्टेशनों के **11 (ग्यारह) स्टेशनों के 11 (ग्यारह) स्थानों** पर **स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंट (एसटीबीए)** की नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं: **क्रमांक एवं स्टेशनों के नाम; श्रेणी; स्थान कोड: (1) तमलुक (टीएमजेड)**; एसजी-3; टीएमजेड-1। **(2) देउल्टी (डीटीई)**; एसजी-3; डीटीई-1। **(3) बाँकड़ा नयाबाज (बीकेएनएम)**; एसजी-3; बीकेएनएम-1, **(4) हल्दीपदा (एचआईपी)**; एनएसजी-6; एचआईपी-1। **(5) धलभूमगढ़ (डीवीएम)**; एनएसजी-6; डीवीएम-1। **(6) गालूडीह (जीयूडी)**; एनएसजी-6; जीयूडी-1। **(7) लक्ष्मणनाथ रोड (एलएक्सडी)**; एनएसजी-6; एलएक्सडी-1। **(8) गिधनी (जीआईआई)**; एनएसजी-6; जीआईआई-1। ॠॠॠॠॠॠॠ**(9) खन्तापड़ा (केएचएफ)**; एनएसजी-6; केएचएफ-1। **(10) कोकपाड़ा (केकेपीआर)**; एनएसजी-6; केकेपीआर-1। **(11) राखा माइन्स (आरएचई)**; एनएसजी-6; आरएचई-1। **एनएसजी-6** श्रेणी स्टेशनों के लिए अनुबंध की अवधि **03 (तीन) वर्षों के लिए** है तथा **एसजी-3** श्रेणी स्टेशनों के लिए अनुबंध **एक वर्ष** के लिए वैध होगा, जिसे योजना के विस्तार तथा सक्षम प्राधिकारी की संतुष्टी के अनुसार आगे एक वर्ष के लिए बढ़ाया जा सकता है। आवेदन सिर्फ प्रस्तावित स्थान के इच्छुक आवेदकों से आमंत्रित किए जाते हैं। आवेदनों के स्वीकार/ग्रहण करने तथा आवेदन/निविदा पेटी खोलने का विवरण नीचे अनुसूची के अनुसार होगा: **डालने की तारीख:** 19.09.2025 को सुबह 10.00 बजे से अपराह्न 3.00 बजे तक। **खुलने की तारीख:** 19.09.2025 को अपराह्न 3.30 बजे। **स्थान:** वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक का कार्यालय/दक्षिण पूर्व रेलवे-खड़गपुर, पता-डीआरएम बिल्डिंग-खड़गपुर, जिला-पश्चिम मेदिनीपुर (प.बं.), पिन कोड-721301। पात्रता का मानदंड, स्थान, आवेदन का प्रारूप तथा अन्य विवरण वेबसाइट **www.ser.indianrailways.gov.in** पर उपलब्ध है। इस निविदा के संबंध में कोई भी प्रश्न रहने पर उसका उत्तर **वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक का कार्यालय, खड़गपुर** से आवेदन जमा करने की अंतिम तारीख से पहले सामान्य कार्यकारी दिवस (सोमवार से शुक्रवार) को **पूर्वाह्न 11.00 बजे से अपराह्न 05.00 बजे तक** प्राप्त किए जा सकते हैं। **वि.द्र.:** कृपया ध्यान दें कि राज्य प्राधिकारी के किसी भी आदेशानुसार निविदा पेटी में डालने की तारीख/खोलने जाने की तारीख को अगर स्वाभाविक जन-जीवन/कार्यकलाप बाधित होता है, तो संबंधित कार्य स्थगित कर दिया जाएगा। ऐसी परिस्थिति में निविदा पेटी में डालने/खोले जाने के कार्य को पुनर्निर्धारित कर उसे अगले स्वाभाविक कार्यकारी दिवस को सम्पन्न किया जाएगा।

(PR-568) **वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, खड़गपुर**

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा



# पाकिस्तान ने स्वीकारने से इनकार किया, अदालत ने जेल में बंद व्यक्ति पर केंद्र से मांगी राय

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने विदेशी नागरिक के रूप में दोषी ठहराये जाने और एक दशक से अधिक समय से जेल में बंद व्यक्ति को पाकिस्तान द्वारा अपना नागरिक मानने से इनकार करने के बाद केंद्र से राय मांगी है। वर्तमान में, दमदम केंद्रीय कारा में बंद याचिकाकर्ता पी. यूसुफ ने अदालत से अधिकारियों को उसे पाकिस्तान वापस भेजने का निर्देश देने का अनुरोध किया। न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा ने भारत सरकार की ओर से पेश वकील को निर्देश दिया कि वह यूसुफ के संबंध में आगे की कार्रवाई के लिए उचित निर्देश प्राप्त करें। अदालत ने बुधवार को निर्देश दिया कि याचिकाकर्ता को रिहा करना है या उसे हिरासत में रखना है, इस बारे में अधिकारियों द्वारा स्पष्ट रूप से सूचित किया जाए।



अदालत ने यूसुफ के मौजूदा हालात पर गौर किया, जिसमें उसे यहां एक विदेशी नागरिक के रूप में दोषी तो ठहराया गया, लेकिन पाकिस्तान उसे अपना नागरिक मानने से इनकार कर रहा है। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई 17 सितंबर के लिए निर्धारित कर दी।

यूसुफ के वकील ने अदालत में दलील दी कि उनके मुवक्किल को 2012 में बांग्लादेश से पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में सीमा पार कर अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने के बाद गिरफ्तार किया गया था और चार अप्रैल, 2013 को दोषी ठहराये जाने के बाद उसे 650 दिनों के कारावास की सजा सुनाई गई। वकील ने बताया कि यूसुफ को सजा बहुत पहले पूरी कर लेने के बावजूद वापस नहीं भेजा गया और वह दमदम केंद्रीय कारागार में बंद है। पश्चिम बंगाल सरकार के वकील ने अदालत में सुधार सेवा निदेशालय के प्रभारी अधिकारी की एक रिपोर्ट पेश की। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान यूसुफ को अपना नागरिक नहीं मान रहा है। रिपोर्ट में कहा गया कि यूसुफ को दो बार 'कांसुलर एक्सेस' दिया गया और दिल्ली स्थित पाकिस्तान उच्चायोग ले जाया गया।

राज्य सरकार के वकील ने कहा कि दो सह-आरोपियों को पाकिस्तान ने अपना नागरिक स्वीकार कर लिया, जबकि यूसुफ को पड़ोसी देश ने अपना नागरिक स्वीकार नहीं किया। उन्होंने कहा कि इसके बाद याचिकाकर्ता ने उच्च न्यायालय की एक अन्य पीठ के समक्ष दावा किया कि वह एक भारतीय नागरिक है और उसने केरल में संपत्ति का विक्रय पत्र भी संलग्न किए। राज्य सरकार के वकील ने अदालत में दलील दी कि केरल सरकार की एक रिपोर्ट में बताया गया कि यूसुफ ने कन्नूर के एक स्कूल में सातवीं कक्षा तक पढ़ाई की थी और उसके बाद अपने पिता मीर मोहम्मद के साथ पाकिस्तान चला गया था। केंद्र सरकार की ओर से पेश वकील ने दलील दी कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि यूसुफ एक विदेशी नागरिक है। न्यायमूर्ति सिन्हा ने केंद्र के वकील से कहा कि यूसुफ के साथ क्या किया जाए, इस बारे में सरकार से निर्देश लें।

## पति को बंधक बनाकर पत्नी से सामूहिक दुष्कर्म के सात आरोपी दोषी करार

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिले के कल्याणी में पति को बंधक बनाकर पत्नी से सामूहिक दुष्कर्म करने के सात आरोपियों को एडीजे कोर्ट ने गुरुवार को दोषी करार दिया। आज उनके सजा का ऐलान किया जाएगा। सूत्रों के मुताबिक, दोषियों का घर उत्तर 24 परगना जिले के कांचरापाड़ा इलाके में है। 30 अक्टूबर, 2024 को नदिया के कल्याणी थाना अंतर्गत कल्याणी-बैरकपुर एक्सप्रेसवे पर कल्याणी रेल पुल के नीचे एक विवाहिता से दुष्कर्म करने का आरोप था। पति को बंधक बनाकर यातनाएं की गई। पति-पत्नी सुबह-सुबह रेलवे लाइन के किनारे टहल रहे थे। उस समय अपराधी रेल पुल के नीचे बैठकर जुआ खेल रहे थे। कल्याणी थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई। शिकायत के आधार पर 8 लोगों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार लोगों के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म का मामला दर्ज किया गया। कल्याणी एडीजे कोर्ट ने 7 महीने की सुनवाई के बाद उन्हें दोषी करार दिया।

# मतदाता सूची संशोधन पर राज्य चुनाव आयोग ने जारी किया कड़ा संदेश

## लॉगिन आईडी साझा करने पर ईआरओ और एईआरओ को मिलेगी सजा

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने मतदाता सूची के पुनरीक्षण, संशोधन और पर्यवेक्षण के संबंध में सख्त निर्देश जारी किए हैं। यह स्पष्ट किया गया है कि ईआरओ और सहायक ईआरओ अपनी ज़िम्मेदारियां किसी और को नहीं सौंप सकते। उनकी ईआरओनेट लॉगिन आईडी या ओटीपी किसी भी परिस्थिति में डेटा एंट्री ऑपरेटर या किसी अन्य व्यक्ति के साथ साझा नहीं की जा सकती है। गत बुधवार को जारी आदेश में कहा गया है कि क्षेत्र स्तरीय जांच का कार्य ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों(बीएलओ) पर नहीं थोपा जा सकता। यह कार्य प्रभारी ईआरओ और एईआरओ को ही करना होगा। आयोग के निर्देशों में कहा गया है कि केवल सिस्टम मैनेजर, सहायक सिस्टम मैनेजर और स्थायी सरकारी कर्मचारी, डेटा एंट्री ऑपरेटर, को ही आईटी से संबंधित कार्यों के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। वे गृह और पर्वतीय मामलों के विभाग के वेतनभोगी कर्मचारी होने चाहिए। पत्र में, आगे चेतावनी दी गई है कि यदि कोई अपने कर्तव्यों में लापरवाही बरतता पाया गया तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। ईआरओ और एईआरओ के कार्य की पूरी निगरानी आयोग द्वारा की जाएगी, जब तक वे चुनाव आयोग के नियंत्रण में हैं। कानून के अनुसार, कर्तव्य में लापरवाही बरतने पर कारावास और जुर्माने का प्रावधान है। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार अग्रवाल द्वारा हस्ताक्षरित आदेश में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि मामले को हल्के में न लिया जाए। जिला निर्वाचन अधिकारियों को भी हर निर्देश का अक्षरशः पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। किसी भी प्रकार की चूक होने पर कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

### न्यायमूर्ति तीर्थंकर घोष ने आरजी कर मामले से खुद को किया अलग

**कोलकाता, समाज्ञा :** आरजी कर मेडिकल कॉलेज व अस्पताल की महिला चिकित्सक से दुष्कर्म व हत्या मामले में नए सिरे से जांच और उस पर निगरानी की मांग को लेकर दाखिल याचिका अब कलकत्ता उच्च न्यायालय की डिवीजन बेंच में सुनवाई के लिए जा सकती है। न्यायमूर्ति तीर्थंकर घोष की एकल पीठ ने पीड़ित परिवार की ओर से दायर इस नए आवेदन की नकल मुख्य न्यायाधीश को भेज दी है। न्यायालय का कहना है कि चूंकि, इस मामले से जुड़ी अन्य दो याचिकाएं – एक केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से और दूसरी आरोपित संजय राय की – पहले से ही डिवीजन बेंच में विचाराधीन हैं, इसलिए परिवार की नई याचिका पर भी उसी पीठ में सुनवाई होनी चाहिए। सूत्रों के अनुसार, यह मामला अब न्यायमूर्ति देवांशु बसाक की अध्यक्षता वाली डिवीजन बेंच को भेजा जा सकता है।

## हाई कोर्ट ने भाजपा कार्यकर्ता हत्याकांड में गिरफ्तार नारकेलडांगा थाने के ओसी को दी जमानत

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता हाई कोर्ट ने गुरुवार को भाजपा कार्यकर्ता अभिजीत सरकार की हत्या से जुड़े मामले में गिरफ्तार नारकेलडांगा थाने के ओसी शुभजीत सेन को जमानत दे दी। यह मामला वर्ष 2021 के विधानसभा चुनाव परिणामों के बाद हुई हिंसा से जुड़ा है। न्यायमूर्ति शुभ्रा घोष की पीठ ने सेन को जमानत देते हुए कड़ी शर्तें लगाई हैं। अदालत ने आदेश दिया है कि जमानत की अवधि में वे नारकेलडांगा क्षेत्र में प्रवेश नहीं करेंगे, गवाहों को किसी भी प्रकार से प्रभावित करने का प्रयास नहीं करेंगे और अपनी मोबाइल संख्या केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सूचित करेंगे। साथ ही, वे बिना अनुमति फोन नंबर बदल नहीं सकेंगे। इसके अलावा, सेन को पासपोर्ट निचली अदालत में जमा कराना होगा और विदेश यात्रा



करने के लिए अदालत की अनुमति लेनी होगी। गौरतलब है कि इस साढ़े चार साल पुराने मामले में कई पुलिस अधिकारियों और कर्मियों के नाम शामिल हैं। विशेष सीबीआई अदालत ने 18 जुलाई को तत्कालीन सब-इंस्पेक्टर रत्ना सरकार और होम गार्ड दीपंकर देबनाथ को न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया था। हालांकि, इस महीने की शुरुआत में रत्ना और दीपंकर को हाई कोर्ट से जमानत मिल गई थी। पुलिस ने इस मामले में पहले 15 आरोपितों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। इसके बाद, सीबीआई ने सितंबर 2021 में पहला अतिरिक्त आरोपपत्र पेश किया, जिसमें कुल 20 नाम शामिल थे। इस वर्ष दो जुलाई को सीबीआई ने पूरक आरोपपत्र दाखिल किया, जिसमें बेलेघाटा से तृणमूल कांग्रेस विधायक परेश पाल और कोलकाता नगर निगम के दो पार्षद स्वपन समाद्दार और पापिया घोष को भी आरोपित बनाया गया। 21 अगस्त को हाई कोर्ट ने परेश पाल, पापिया घोष और स्वपन समाद्दार को अग्रिम जमानत दी थी। न्यायमूर्ति जॉय सेनगुप्ता ने आदेश दिया था कि यदि सीबीआई की कार्रवाई के दौरान इनकी गिरफ्तारी होती है तो इन्हें एक लाख रुपये के निजी मुचलके पर जमानत मिल जाएगी। अदालत ने इनके लिए भी कई शर्तें लगाई थीं।

### पूर्व रेलवे चलाएगा भागलपुर से गोरखपुर वन-वे स्पेशल ट्रेन, 920 अतिरिक्त बर्थ होंगी उपलब्ध

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए भागलपुर से गोरखपुर के लिए एक विशेष वन-वे ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। इस विशेष ट्रेन के संचालन से लगभग 920 अतिरिक्त बर्थ उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके तहत 05097 भागलपुर-गोरखपुर वन-वे स्पेशल 28 अगस्त को रात 11:55 बजे भागलपुर से प्रस्थान करेगी और अगले दिन दोपहर 1:45 बजे गोरखपुर पहुंचेगी। यह ट्रेन मार्ग में 14 स्टेशनों पर ठहरेगी, जिनमें सुल्तानगंज, जमालपुर और अभयपुर प्रमुख स्टेशन शामिल हैं।इस ट्रेन में सामान्य द्वितीय श्रेणी, स्लीपर श्रेणी और वातानुकूलित कोच की व्यवस्था रहेगी।

## बीरभूम में ट्रैक्टर और टोटो की आमने-सामने की टक्कर में बच्ची समेत तीन लोगों की मौत

**बीरभूम :** जिले के मल्लारपुर में ट्रैक्टर और टोटो की आमने-सामने की टक्कर में एक ही परिवार के एक बच्चे समेत तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि, दो अन्य घायल हो गए। उन्हें बचाकर रामपुरहाट मेडिकल कॉलेज व अस्पताल ले जाया गया। वहां उनका इलाज चल रहा है। इस घटना से इलाके में काफी सनसनी फैल गई है। मृतकों के नाम पमी लेट, कार्तिक लेट और त्रिशा लेट (06) हैं। मिली जानकारी के अनुसार, कार्तिक अपने परिवार के साथ तारापीठ स्थित मां तारा मंदिर में पूजा करने गए थे। वह टोटो से घर लौट रहे थे। उस समय मल्लारपुर थाना अंतर्गत मोहुला गांव में एक तालाब के किनारे धूल से लदे ट्रैक्टर से आमने-सामने की टक्कर हो गई। टोटो सवार सड़क पर गिर गए। एक बच्चे समेत तीन लोग ट्रक के नीचे




कुचल गए। जब उन्हें बचाकर अस्पताल ले जाया गया, तो दो लोगों को मृत घोषित कर दिया गया। बाद में, इलाज के दौरान एक और व्यक्ति की मौत हो गई। बाकी दो गंभीर रूप से घायल हैं और उनका इलाज चल रहा है। स्थिति तनावपूर्ण हो गई। घटना की खबर मिलते ही भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंची। टोटो को पुलिस थाने ले जाया गया है। दुर्घटना कैसे हुई, इसका पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है। जांचकर्ता स्थानीय लोगों से पूछताछ कर रहे हैं। इस घटना से इलाके में मातम छा गया है।

## ईडी के मामले में जमानत की अर्जी लेकर हाईकोर्ट पहुँचे शेख शाहजहां और उनका भाई


**कोलकाता :** तृणमूल नेता शेख शाहजहां और उनके भाई आलमगीर शेख ने ईडी के मामले में जमानत के लिए कोलकाता हाईकोर्ट का दरवाज़ा खटखटाया है। सूत्रों के मुताबिक़, इस मामले की सुनवाई आगामी सोमवार, 1 सितंबर को न्यायमूर्ति शुभ्रा घोष की अदालत में हो सकती है। शेख शाहजहां पर ईडी अधिकारियों पर हमला, संदेशखली में राजनीतिक अशांति फैलाने, ज़मीन घोटाले, अवैध हथियार कारोबार और भाजपा कार्यकर्ता की हत्या सहित कई गंभीर आरोप हैं। इन मामलों में सीबीआई ने भी हाल ही में उनके ख़िलाफ़ नई जांच शुरू की है। दरअसल, उत्तर 24 परगना ज़िला परिषद के मत्स्य कार्याध्य रहते हुए शाहजहां राशन घोटाले के आरोप में



ईडी के रडार पर आए थे। जनवरी 2024 में ईडी ने संदेशखली में छापेमारी की थी। उस समय आरोप है कि शाहजहां के समर्थकों ने ईडी अधिकारियों पर हमला कर उन्हें खदेड़ दिया था। इस मामले में राज्य पुलिस ने लगभग छह महीने बाद शाहजहां को गिरफ्तार किया और बाद में ईडी ने भी उन्हें हिरासत में लिया। वर्तमान में शाहजहां और उनका भाई जेल में हैं। इसी बीच, सीबीआई ने बीते महीने उनके खिलाफ एक और मामला दर्ज किया। आरोप है कि 2019 लोकसभा चुनाव के बाद संदेशखली में हुई अशांति और दो भाजपा कार्यकर्ताओं की हत्या में शाहजहां की सीधी भूमिका थी। इस मामले में भाजपा कार्यकर्ता की पत्नी ने अदालत का दरवाज़ा खटखटाया था, जिसके बाद हाईकोर्ट ने जांच सीबीआई को सौंप दी। इस आदेश को शाहजहां ने चुनौती भी दी है। इन सभी आरोपों के बीच अब शाहजहां और उनके भाई ने ईडी के मामले में जमानत की अर्जी लगाई है। अदालत का निर्णय तृण नेता के लिए बड़ा राहत या झटका साबित हो सकता है।

## पूजा के दौरान सक्रिय लालबाजार, पुलिस कर्मियों को छुट्टियां रद्द समेत कई निर्देश जारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूजा के दिनों में लालबाजार अधिकतम संख्या में पुलिस तैनात करने पर



जोर दे रही है। ऐसे में लालबाजार ने अधिकतम संख्या में पुलिस तैनात रखने के लिए छुट्टियां रद्द करने का आदेश दिया है। लालबाजार सूत्रों के अनुसार, कोलकाता पुलिस आयुक्त ने लालबाजार के उच्च पदस्थ अधिकारियों को सलाह दी है कि त्योहार के दिनों में छुट्टी नहीं ली जा सकती। लालबाजार पुलिस त्योहार के दौरान सितंबर और अक्टूबर के महीनों में यातायात को नियंत्रित करने और त्योहार के दौरान भीड़ का प्रबंधन करने के लिए अधिकतम संख्या में पुलिस तैनात करने की पहल कर रही है। पुलिस आयुक्त ने यह सुनिश्चित करने की सलाह दी है कि 21 सितंबर से 8 अक्टूबर और 18 अक्टूबर से 28 अक्टूबर तक इन दो चरणों के दौरान कोई भी पुलिस अधिकारी या कर्मचारी छुट्टी न ले। लालबाजार त्योहार के दिनों को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण बनाए रखने के लिए सक्रिय रहेगा। इसके अलावा, लालबाजार ने सलाह दी कि त्योहार से पहले पूजा की खरीदारी शुरू हो जाएगी, इसलिए यातायात नियंत्रण पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए। इसके साथ ही यह सुनिश्चित करने की सलाह दी गई है कि बैरक में रहने वाले लोग बैरक से बाहर न निकलें। इसके साथ ही कोलकाता पुलिस आयुक्त ने बताया है कि बिना किसी अत्यावश्यक आवश्यकता के छुट्टी नहीं ली जा सकती है या दी नहीं जा सकती है।

## ईस्टर्न रेलवे भारत स्काउट्स एंड गाइड्स का राज्यपुरस्कार अवॉर्ड समारोह उदीसा में भव्य रूप से संपन्न

**कोलकाता, समाज्ञा :** ईस्टर्न रेलवे भारत स्काउट्स एंड गाइड्स (ईआरबीएसजी का राज्यपुरस्कार पुरस्कार समारोह गुरुवार को उदीसा में भव्य और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद के. देउस्कर एवं संरक्षक, ईआरबीएसजी सहित कई विशिष्ट गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत जरिना फिरदौसी, राज्य मुख्य आयुक्त (ईआरबीएसजी) के स्वागत भाषण से हुई। इस समारोह का सबसे गर्व का क्षण था राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं का परिचय, जिनकी उपलब्धियों को विशेष वीडियो प्रस्तुति के माध्यम से दिखाया गया। इसमें उनके राष्ट्रपति



द्रौपदी मुर्मु से राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त करने की झलक भी शामिल थी। इसके बाद, एस.पी. सिंह, एजीएम/ईआर एवं अध्यक्ष, ईआरबीएसजी को प्रेसिडेंट मेडल और स्कार्फ से सम्मानित किया गया। इसके बाद राज्यपुरस्कार पुरस्कार संरक्षक, ईआरबीएसजी द्वारा स्काउट्स और गाइड्स को प्रदान किए गए। इस अवसर पर 21वें ऑल इंडिया रेलवे जाम्बोरे का लोगो भी महाप्रबंधक/ईआर एवं संरक्षक/ईआरबीएसजी द्वारा उद्घाटित किया गया। कार्यक्रम का समापन संरक्षक के आशीर्वचन और जे. पी. कुसुमाकर, सीपीओ (ए) एवं एससी (जी) द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## साल्टलेक में एक नाबालिग समेत कुल पांच बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** साल्टलेक में इलेक्ट्रॉनिक कॉम्प्लेक्स थाने ने गुरुवार को एक नाबालिग समेत कुल पांच बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया है। पता चला है कि इन सभी को साल्टलेक के उदयन पल्ली इलाके से गिरफ्तार किया गया। इनमें से दो 6 महीने पहले बांग्लादेश से भारत आए थे। बाकी के बारे में कहा जा रहा है कि वे पहली बार 10 या 15 साल पहले बांग्लादेश से नदिया आए थे। फिर, वे नदिया से साल्टलेक के उदयन पल्ली में आ गए और किराए के मकान में रहने लगे। पुलिस इन सभी से पूछताछ कर रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, पूछताछ में पता चला कि दोनों हाल ही में इस देश में आए थे। दोनों महिलाओं



ने 6 महीने पहले बांग्लादेश से भारत में घुसपैठ की थी। हालांकि, गिरफ्तार किए गए लोग बांग्लादेश के नागरिक हैं, लेकिन उन्होंने देश में प्रवेश करके भारतीय आधार कार्ड और वोटर कार्ड भी बनवाए थे। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि उस काम में उन्हें किसने या किस चीज ने मदद की।

## रेलवे ने त्योहारों के दौरान यात्रियों के लिए राउंड ट्रिप पैकेज योजना की शुरू

**आसनसोल :** पूर्व रेलवे ने त्योहारों के मौसम में यात्रियों की सुविधा और भीड़-भाड़ को कम करने के लिए राउंड ट्रिप पैकेज योजना का शुभारंभ किया है। इस प्रायोगिक योजना के तहत यात्री एक ही समूह के लिए आगे और वापसी दोनों यात्राएँ एक साथ बुक कर सकते हैं और वापसी यात्रा के मूल किराए पर 20% की छूट का लाभ उठा सकते हैं। योजना के अनुसार वापसी यात्रा का विवरण आगे की यात्रा के समान होगा। आगे की यात्रा 13 अक्टूबर से 26 अक्टूबर के बीच होने वाली यात्राओं के लिए 14 अगस्त 2025 से बुक की जा सकती है। वहीं, वापसी यात्रा के टिकट 17 नवंबर से 1 दिसंबर 2025 के बीच ट्रेन शुरू होने की तारीखों के लिए बुक किए जा सकते हैं। इस दौरान अग्रिम आरक्षण अवधि (एआरपी) लागू नहीं होगी।

पूर्व रेलवे ने स्पष्ट किया कि यह योजना केवल दोनों दिशाओं के कन्फर्म टिकटों पर ही लागू होगी। दोनों यात्राएं एक ही श्रेणी और मूल-गंतव्य वाली ट्रेन में ही बुक की जा सकती हैं। योजना के तहत बुक किए गए टिकट रद्द या संशोधित नहीं किए जा सकते। फ्लेक्सी-फेयर ट्रेनों को छोड़कर यह सुविधा सभी श्रेणियों और स्पेशल ट्रेनों (ट्रेन ऑन डिमांड) पर लागू होगी। योजना में वापसी यात्रा के दौरान कोई अतिरिक्त छूट, रेल कूपन, वाउचर, पास या पीटीओ स्वीकार नहीं होंगे। दोनों यात्राएं एक ही माध्यम-ऑनलाइन या काउंटर-से बुक करनी होंगी। चार्टिंग के समय कोई अतिरिक्त किराया नहीं लिया जाएगा। पूर्व रेलवे का कहना है कि राउंड ट्रिप पैकेज योजना यात्रियों को किफायती किराए, सुगम बुकिंग और भीड़-भाड़ प्रबंधन के बेहतर विकल्प उपलब्ध कराती है।

यह योजना त्योहारों के दौरान यात्रा को सुविधाजनक और सुरक्षित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### टाटा एआईए हेल्थ बडी: देश में पहली बार हुई वर्चुअल स्वास्थ्य और वेलनेस भागीदार की पेशकश

**कोलकाता :** टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस में, हमारा मानना है कि जीवन की सुरक्षा वित्तीय सहायता से कहीं बढ़कर है। यह हमारे उपभोक्ताओं के लिए हर महत्वपूर्ण क्षण में मौजूद रहने से जुड़ा है। इसलिए हमें टाटा एआईए हेल्थ बडी को पेश करते हुए गर्व हो रहा है। यह पेशकश टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस की ओर से भारत के पहले 247 स्वास्थ्य और वेलनेस भागीदार के रूप में स्वास्थ्य, वेलनेस और जीवन बीमा का अभूतपूर्व मिश्रण पेश करती है। टाटा एआईए के संचालन प्रमुख, संजय अरोड़ा ने टाटा एआईए हेल्थ बडी के लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए कहा, टाटा एआईए में, उपभोक्ता को बेहतरीन मूल्य प्रदान करना हमारा मूल लक्ष्य है। हमें टाटा एआईए हेल्थ बडी को लॉन्च करते हुए गर्व हो रहा है, जो भारत में किसी भी जीवन बीमा कंपनी द्वारा ग्राहकों के लिए 247 स्वास्थ्य और कल्याण साथी के रूप में प्रस्तुत पहली पेशकश है।

## हावड़ा और कोलकाता से आरपीएफ ने दो नाबालिगों को बचाया




**कोलकाता, समाज्ञा**

पूर्व रेलवे के हावड़ा और सियालदह मंडलों में रेलवे सुरक्षा बल ने ऑपरेशन नन्हें फरिश्ते के तहत दो नाबालिग बच्चों को सफलतापूर्वक बचाया। इनमें एक लड़का और एक लड़की शामिल हैं। बताया जा रहा है कि लड़का हावड़ा स्टेशन पर अपनी दादी से बिछड़ गया था, जबकि लड़की पारिवारिक कलह के चलते घर से भागकर कोलकाता स्टेशन पहुंच गई थी। दोनों बच्चों को सुरक्षित रूप से चाइल्ड हेल्प लाइन को सौंप दिया गया, जहां उनके परामर्श और आगे की आवश्यक कार्यवाही की व्यवस्था की गई। इस अभियान के माध्यम से पूर्व रेलवे के आरपीएफ ने एक बार फिर से नाबालिग बच्चों की सुरक्षा और कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया है।

## माहेश्वरी सेवा समिति ने सम्मानित किया अपने कार्यकर्ताओं को

**कोलकाता :** माहेश्वरी सेवा समिति (अंतर्गत माहेश्वरी सभा) ने अपने कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया। गणेशजी लक्ष्मीजी के पूजन के साथ आयोजित हुए इस सम्मान समारोह का शुभारंभ करते हुए समाज के विशिष्ट सामाजिक कार्यकर्ता नारायण दास सोनी ने कहा कि कर्मठ कार्यकर्ताओं को सम्मान देना एक अच्छी परंपरा है इससे नि:स्वार्थ भाव से समाज व राष्ट्र के लिए काम करने वाले कार्यकर्ताओं का सृजन हो सकेगा। समारोह की अध्यक्षता करते हुए माहेश्वरी सभा के सभापति बुलाकी दास मीमानी ने कहा कि यह कार्यकर्ताओं का समर्पण ही है जिसके कारण समिति लगभग 104 वर्ष से बाबा ताड़कनाथ को जल चढ़ाने के लिए जावे वाले वाले कांवड़ियों को सेवा प्रदान कर पा रही है। उपसभापति दिनेश कुमार बिहानी ने कहा कि यह हम सभी का सौभाग्य है कि हम समिति के सेवा कार्यों से जुड़े हुए हैं। उप मंत्री अशोक चांडक ने कहा सभी कार्यकर्ताओं के



संगठित सहयोग और कार्य की वजह से ही संस्था ने सामाजिक क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान बनायी है। मंत्री अरुण कुमार सोनी ने कहा कि आगामी दिनों 52 सप्ताह हरिपाल में समाज बंधुओं का आगमन हो हम इसे लेकर योजनाबद्ध रुप से कार्य करेंगे।पदेन मंत्री गोपी मुधड़ा ने समिति की प्रगति पर संतोष जताया। कार्यक्रम का संचालन प्रकाश टवानी ने तो धन्यवाद ज्ञापन सभा कार्यकारिणी सदस्य जयंत डागा ने किया। इस अवसर श्रावण माह में वासुदेवपुर- हरिपाल स्थित महेश वाटिका में कावड़ियों की उत्कृष्ट सेवा के लिए समर्पित कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया। कोष मंत्री आदित्य बिनानी ने श्रावण माह के विशिष्ट बिंदुओं को लेकर अपनी बात रखी जिसे सभी ने सराहा। उप मंत्री पंचानन भट्टड़, देवेंद्र बागड़ी, राम तापड़िया, अंकित डागा, सदन मंत्री महेश बिनानी, मनमोहन डागा, केशव चांडक, श्रीचंद डागा आदि आयोजन की सफलता के लिए सक्रिय रहें।

## पूर्वी भारत का सबसे बड़ा हेल्थकेयर नेटवर्क बना मणिपाल हॉस्पिटल्स कोलकाता




**तमलुक :** देश के प्रमुख स्वास्थ्य सेवा समूह मणिपाल हॉस्पिटल्स ने अब पूर्वी भारत में अपनी उपस्थिति और मज़बूत कर ली है। कोलकाता और शिलिगुड़ी में सात अस्पतालों के साथ यह समूह अब इस क्षेत्र का सबसे बड़ा हेल्थकेयर नेटवर्क बन गया है। कोलकाता में मणिपाल के पाँच अस्पताल (ईएम बाईपास, मुकुंदपुर, ढाकुरिया, ब्रॉडवे और साल्टलेक) तथा शिलिगुड़ी में दो अस्पताल शामिल हैं। यहाँ 1,200 बेड, 450 से अधिक आईसीयू बेड, 40 ओपीडी, 7 कैथ लैब और 1,100 से ज्यादा डॉक्टर उपलब्ध हैं। इन अस्पतालों ने कई उपलब्धियाँ हासिल की हैं, जिनमें पूर्वी भारत का पहला वायरलेस पेसमेकर एआई प्रोसीजर, 1,000 से अधिक रोबोटिक घुटना बदलने की सर्जरी, 50 से ज्यादा टीईवीएआर प्रक्रियाएँ और आधुनिक हृदय उपचार शामिल हैं। विशेषज्ञ डॉक्टरों का कहना है कि अब मरीजों को बेहतर इलाज के लिए बाहर जाने की आवश्यकता नहीं है। मणिपाल हॉस्पिटल्स का उद्देश्य है कि लोगों को अपने ही क्षेत्र में विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध हों।

## भव्यता से आयोजित हुई अग्रसेन बालिका शिक्षा सदन में सी. आई.एस.सी.ई. क्षेत्रीय योग प्रतियोगिता

**❑ अग्रसेन बालिका शिक्षा सदन में सम्पन्न कराई गई योग प्रतियोगिता**

**हावड़ा :** अग्रसेन बालिका शिक्षा सदन के उच्च विभाग के वातानुकूलित प्रागंण में भव्यता से आयोजित हुई सी.आई.एस.सी. ई. क्षेत्रीय योग प्रतियोगिता। प्रतियोगिता का शुभारंभ अग्रसेन बालिका शिक्षा सदन के प्राचार्य श्री सरोज कुमार श्रीवास्तव व उप-प्राचार्या श्रीमती काकोली नाग एवं अन्य सभी गणमान्यों द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर व माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत उप-प्राचार्या श्रीमती काकोली नाग के वक्तव्य द्वारा हुआ जिसमें उन्होंने सभी का स्वागत करते हुए प्रतिभागियों को हार्दिक शुभकामनाएँ दीं तत्पश्चात प्रतिभागियों ने शपथ ग्रहण की एवं मुख्य निर्णायक दल ने विद्यालय को प्रतियोगिता के नियमों से अवगत कराया। क्षेत्रिय




प्रतियोगिता छात्राओं की आयु के हिसाब से तीन भागों में विभाजित कर रखी गई। प्रथम भाग-आयु 14 वर्ष ,द्वितीय भाग-आयु 17 वर्ष एवं तृतीय भाग- आयु 19 वर्ष के अंतर्गत।इस प्रतियोगिता में 9 क्षेत्रों ने भाग लिया। वर्ष 14 के अंतर्गत होने वाली समूह प्रतियोगिता में क्षेत्र एच में आर्टिस्टिक लेवल पर अग्रसेन बालिका शिक्षा सदन, द्वितीय स्थान तथा ग्रुप स्तर पर अग्रसेन बालिका शिक्षा सदन तृतीय स्थान पर रहा। वर्ष 17 के अंतर्गत होने वाली प्रतियोगिता में म्यूसिकल लेवल पर क्षेत्र एच हैरिटेज स्कूल विजयी रहा। वर्ष 19 के अंतर्गत होने वाली प्रतियोगिता में म्यूसिकल लेवल पर रॉयल अकेडमी विजयी रहा। उपस्थित सभी सदस्यों के लिए अल्पाहार की सुव्यवस्था की गई। प्रत्येक वर्ग के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली प्रतिभागियों को सी. आई. एस. सी.प्रदत्त पदक व प्रमाण पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता का समापन धन्यवाद ज्ञापन तथा राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## हावड़ा मंडल आरपीएफ ने ऑपरेशन रेल प्रहरी के तहत फरार आरोपी को पकड़ा



**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा मंडल के रामपुरहाट पोस्ट अंतर्गत रेलवे सुरक्षा बल ने ऑपरेशन रेल प्रहरी के तहत शिकारीपाड़ा थाने की पुलिस और जीआरपी की संयुक्त कार्रवाई में हत्या प्रयास के आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान बिरान महतो (20), झारखंड निवासी के रूप में हुई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार बिरान महतो 27 अगस्त को ट्रेन संख्या 13032 डाउन (जयनगर-हावड़ा एक्सप्रेस) से यात्रा कर रहा था। गुप्त सूचना के आधार पर आरपीएफ, जीआरपी और स्थानीय पुलिस की टीम ने रामपुरहाट स्टेशन पर ट्रेन की जांच की। इस दौरान आरोपी ने पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया, लेकिन उसे मौके पर ही पकड़ लिया गया। बताया जा रहा है कि बिरान महतो लंबे समय से फरार था। फिलहाल, पुलिस ने आरोपी को न्यायिक प्रक्रिया के लिए शिकारीपाड़ा थाने के हवाले कर दिया है।

## आसनसोल मंडल ने कई महत्वपूर्ण इंजीनियरिंग कार्य सफलतापूर्वक किए पूरे

**आसनसोल :** पूर्व रेलवे के आसनसोल मंडल ने सुरक्षित और सुचारू रेल परिचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 24 अगस्त 2025 को आसनसोल-खाना सेक्शन के अंतर्गत अंडाल स्टेशन पर नॉन-इंटरलॉकिंग (एनआई) कार्य हेतु शैडो ब्लॉक के दौरान कई महत्वपूर्ण इंजीनियरिंग कार्य सफलतापूर्वक पूरे किए। इन कार्यों के तहत एक डबल स्लिप डायमंड क्रॉसिंग को 52 किलोग्राम से 60 किलोग्राम मानक में परिवर्तित किया गया, जिससे ट्रैक संरचना को और मजबूत किया गया। इसके साथ ही एक टर्नआउट का नवीनीकरण तथा लगभग 150 मीटर पुरानी रेल को बदलकर 260 मीटर नई पटरी बिछाई गई। सुचारू रेल



परिचालन के लिए चार आधुनिक स्विच एक्सपेंशन ज्वाइंट लगाए गए तथा दोषपूर्ण वेल्ड और पुराने चिपके जोड़ों को हटाकर नए जोड़ स्थापित किए गए।

इसके अतिरिक्त, 4.5 किमी लंबी पटरी का अनुरक्षण मशीनों द्वारा प्लेन ट्रैक और टर्नआउट टैम्पिंग के माध्यम से किया गया। इस दौरान 23 नए वेल्ड तैयार किए गए और 167 स्लीपरों की मरम्मत की गई। 85 जोड़ों में ग्रीसिंग का कार्य पूरा कर घर्षण कम किया गया तथा ट्रैक की कार्यक्षमता को बेहतर बनाया गया। यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए काली पहाड़ी स्टेशन पर फुटओवर ब्रिज की पेंटिंग पूरी की गई, वहीं अंडाल शेड लाइन पर नई पटरियां उतारी गईं ताकि भविष्य के सुदृढ़ीकरण कार्य सुचारू रूप से किए जा सकें।

# हाई कोर्ट क्लब में देर शाम वकीलों के बीच हुई हाथापाई व मारपीट

**कोलकाता, समाज्ञा**

कोलकाता हाई कोर्ट क्लब के मैदान टेंट में गुरुवार की शाम एक अभूतपूर्व घटना घटी। क्लब के सदस्यों के बीच हाथापाई और मारपीट हुई। बताया जा रहा है कि यह विवाद हाई कोर्ट क्लब के नए सदस्यों को स्वीकार करने या न करने को लेकर शुरू हुआ। बता दें कि आज सौरव गांगुली को हाई कोर्ट क्लब में एक समारोह में आमंत्रित किया गया है। उससे पहले हंगामे की



तस्वीरें सामने आईं। पता चला है कि इस दिन, यह मारपीट मुख्य रूप से सत्तारूढ़ दल के दो गुटों के बीच हुई। सूत्रों के अनुसार, कानून मंत्री मलय घटक के एक करीबी वकील पर आरोप लगाया गया है कि वह एक विशेष बैठक बुलाने और बाहरी वकीलों को क्लब के सदस्यों के रूप में जोड़ने की कोशिश कर रहे थे। इसके अलावा, आरोप यह भी है कि हाई कोर्ट के कुछ वरिष्ठ वकीलों और एक अन्य राज्य मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य के करीबी लोगों ने विशेष बैठक का विरोध किया। वकीलों के एक वर्ग ने आरोप लगाया कि बैठक अवैध रूप से बुलाई गई थी। हाई कोर्ट के तृणमूल लीगल सेल के नवनिर्वाचित संयोजक अनित दास ने आरोप लगाया है कि विरोध करने पर अंसार मंडल और प्रसून दत्ता जैसे वरिष्ठ तृणमूल वकीलों के साथ धक्का-मुक्की और मारपीट की गई। उच्च न्यायालय के तृणमूल कानूनी प्रकोष्ठ के पूर्व संयोजक तरुण चटर्जी के खिलाफ भी आरोप लगाए गए हैं।

## फॉरेक्स घोटाले में ईडी ने 18.78 करोड़ रुपये की चल-अचल संपत्ति की अटैच

❑ **केस में ईडी अब तक तीन लोगों गिरफ्तार और 291 करोड़ रुपये की संपत्ति कर चुकी है जब्त**

**कोलकाता, समाज्ञा :** ईडी ने फॉरेक्स ट्रेडिंग से जुड़े एक केस में करीब 18.78 करोड़ रुपये की चल-अचल संपत्ति अस्थाई तौर पर अटैच की है। जिन संपत्तियों को अटैच किया गया है, उनमें फ्लैट्स, अपार्टमेंट्स, कमर्शियल स्पेस, फिक्स्ड डिपॉजिट और म्यूचुअल फंड्स शामिल हैं। यह कदम टीपी ग्लोबल एफएक्स और आइएक्स ग्लोबल मामले में मनी लॉड्रिंग रोकथाम कानून 2002 के तहत उठाया गया है। ईडी ने यह जांच कोलकाता, महाराष्ट्र और गुजरात पुलिस द्वारा दर्ज एफआइआर के आधार पर शुरू की थी। इन एफआइआर में कई कंपनियों जैसे टीएम ट्रेडर्स,केके ट्रेडर्स, टीपी ग्लोबल एफएक्स, आइएक्स ग्लोबल और आइएक्स एकादमी के नाम शामिल हैं। इन पर आइपीसी की अलग-अलग धाराओं में केस दर्ज है। जांच में सामने आया कि प्रसेनजीत दास और तुषार पटेल ने कई फर्जी कंपनियां खड़ी कीं और निवेशकों को ऊंचे मुनाफे का लालच देकर टीपी ग्लोबल एफएक्स में पैसा लगाने के लिए उकसाया। वहीं आइएक्स गोल्बल से जुड़े डायरेक्टर्स और इन्फ्लुएंसर्स - वीराज सुहास पाटिल और जोसेफ मार्टिनेज- ने भी टीपी ग्लोबल एफएक्स को बढ़ावा दिया। उनकी वजह से कई यूजर्स ने इस प्लेटफार्म पर पैसा लगाया। देशभर में टीपी ग्लोबल एफएक्स और आइएक्स ग्लोबल के खिलाफ कई प्राथमिकी दर्ज हैं। आरोप यही है कि लोगों को जल्दी अमीर बनाने का सपना दिखाकर उनका पैसा हड़प लिया गया।

❑ **अब तक की गिरफ्तारी और जब्ती**

इस केस में ईडी अब तक शैलेश कुमार पांडे, प्रसेनजीत दास और वीराज सुहास पाटिल को गिरफ्तार कर चुकी है। मौजूदा कार्रवाई के बाद जब्त की गई संपत्तियों की कुल रकम करीब 291 करोड़ रुपये हो गई है। इसमें नकदी, सोना, रियल एस्टेट, ऑफिस स्पेस, कृषि भूमि, होटल-रेस्टोरेंट, गाड़ियां, क्रिप्टोकरेंसी और बैंक बैलेंस सब कुछ शामिल है। ईडी अब तक इस केस में तीन चार्जशीट भी कोलकाता की विशेष अदालत में दाखिल कर चुकी है।

### भारत में मनोरंजन को दी नई परिभाषा: टुकटुकी ने 2 मिनट के एपिसोड वाला माइक्रो-ड्रामा एप किया लॉन्च

**कोलकाता, समाज्ञा**

भारत के पहले होमग्रोन वर्टिकल फॉर्मेट-ओनली माइक्रो-ड्रामा मोबाइल एंटरटेनमेंट ऐप्स में से एक, टुकटुकी ने आज आधिकारिक तौर पर अपना ऐप लॉन्च किया। इसमें देशभर के दर्शकों के लिए छोटी, पारिवारिक ड्रामा सीरीज़ उपलब्ध होंगी।टुकटुकी एंटरटेनमेंट की संस्थापक, अंशिका कुलश्रेष्ठ ने कहा, टुकटुकी सिर्फ एक ऐप नहीं है, बल्कि यह भारत की सांस्कृतिक विविधता और कहानियों की भावना का उत्सव है। हमारा लक्ष्य देश के हर कोने में दर्शकों के लिए प्रामाणिक, भरोसेमंद और अच्छी क्वालिटी वाला मनोरंजन लाना है।

## बंगाल विधानसभा का विशेष सत्र एक सितंबर से संभव

❑ **प्रवासी श्रमिकों के उत्पीड़न व एसआईआर के खिलाफ विधानसभा से प्रस्ताव भी किया जाएगा पारित**

**कोलकाता, समाज्ञा :** आगामी एक सितंबर से बंगाल विधानसभा का तीन दिवसीय विशेष सत्र आयोजित किया जा सकता है, जिसमें भाजपा शासित राज्यों में बंगाली प्रवासी श्रमिकों के कथित उत्पीड़न, मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और कई अहम मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। सूत्रों के अनुसार, यह विशेष सत्र एक, दो और चार सितंबर को हो सकता है, जबकि तीन सितंबर को करम पूजा के उपलक्ष्य में राज्य में सरकारी छुट्टी रहेगी। इसलिए उस दिन विधानसभा की कार्यवाही नहीं होगी। राज्य सरकार के सूत्रों के अनुसार, दूसरे राज्यों में बंगाली प्रवासी



श्रमिकों के कथित उत्पीड़न व एसआईआर के खिलाफ विधानसभा से एक प्रस्ताव भी पारित किया जाएगा और इसे केंद्र के पास भेजा जाएगा। विशेष सत्र बुलाने के पीछे अन्य राज्यों में काम के सिलसिले में बंगाल के प्रवासी मजदूरों पर हो रहे कथित अत्याचार ही प्रमुख मुद्दा है। इसके अलावा, विशेष सत्र में एसआईआर का विरोध और केंद्र की आपत्ति के बाद राज्यपाल द्वारा हाल में लौटाए गए अपराजिता बिल पर भी विधानसभा में चर्चा संभावित है।

## ट्रेन में दो टीएमसीपी कार्यकर्ताओं पर हमला, अस्पताल में भर्ती

**हावड़ा, समाज्ञा :** जिले के लिलुआ में एक ट्रेन के अंदर दो टीएमसीपी कार्यकर्ताओं पर गुरुवार को उस समय हमला किया गया जब वे तृणमूल छात्र परिषद की एक रैली में शामिल होने आ रहे थे। घायलों में से एक का नाम अर्नब रॉय है। वह डानकुनी नगरपालिका के वार्ड 11 का टीएमसीपी अध्यक्ष बताया जा रहा है। जबकि, दूसरे घायल कार्यकर्ता का नाम राज रॉय है, वह स्कूल का छात्र है। बताया जा रहा है कि इस दिन, सुबह करीब 11 बजे तृणमूल छात्र परिषद का एक समूह डानकुनी से बरुईपाड़ा लोकल ट्रेन पकड़कर हावड़ा स्टेशन आ रहा था। टीएमसीपी कार्यकर्ता ट्रेन के डिब्बे के अंदर पार्टी के नारे लगा रहे थे।



आरोप है कि लिलुआ पार करने के बाद जब ट्रेन धीमी हुई, तो कुछ लोग अचानक डिब्बे में चढ़ गए। इसके बाद, अर्नब और राज की पिटाई की गई। आरोप है कि हमले के बाद दोनों को लहूलुहान हालत में हावड़ा स्टेशन लाया गया, लेकिन काफी देर तक एम्बुलेंस नहीं आई। दोनों टीएमसीपी कार्यकर्ताओं को प्राथमिक उपचार के लिए हावड़ा अस्पताल ले जाया गया। बाद में, अर्नब को कोलकाता के एसकेएम अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया।

### स्कूल छात्रा से छेड़छाड़ के आरोप में हंगामा, आरोपी शिक्षक गिरफ्तार

**हुगली :** हुगली जिले के पुरशुड़ा में एक शिक्षक पर स्कूल की छात्रा के साथ छेड़छाड़ करने का गंभीर आरोप सामने आया है। सूत्रों के अनुसार, जिले के एक स्कूल में कक्षा 10 की छात्रा के साथ यौन उत्पीड़न की घटना हुई। बुधवार सुबह इस खबर के फैलते ही लोगों में गुस्से की लहर दौड़ गई। दोपहर तक स्थानीय लोग और छात्रा के अभिभावक स्कूल परिसर में इकट्ठा होकर विरोध प्रदर्शन करने लगे। गुस्साए लोगों ने शिक्षकों को स्कूल में ही बंद कर दिया और आरोपी शिक्षक की गिरफ्तारी की सख्त मांग की। स्थिति बिगड़ने पर पुलिस को सूचित किया गया। पुरशुड़ा थाने की पुलिस बड़ी संख्या में मौके पर पहुंची, लेकिन भीड़ ने पुलिस की गाड़ियों को घेर लिया। बढ़ते तनाव को देखते हुए रैफ को तैनात किया गया। लंबे प्रयासों के बाद पुलिस ने आरोपी शिक्षक को हिरासत में लेकर थाने ले जाया। फिलहाल, उससे पूछताछ जारी है। हालांकि, पीड़िता के परिवार की ओर से अभी तक औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है, लेकिन उन्होंने जल्द ही लिखित शिकायत देने की बात कही है। इस घटना ने इलाके में व्यापक तनाव का माहौल बना दिया है। ग्रामीणों और अभिभावकों की मांग है कि आरोपी शिक्षक के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए।

### अंतिम समय में परीक्षा रद्द, बर्दवान विश्वविद्यालय के फैसले पर हंगामा

**बर्दवान :** बर्दवान विश्वविद्यालय ने अंतिम समय में स्नातकोत्तर परीक्षाओं को रद्द कर दिया, जिससे छात्रों और राजनीतिक हलकों में हंगामा मच गया है। गुरुवार सुबह 11 बजे से एमए बंगला टर्म पेपर का मौखिक परीक्षण और कम्युनिटी एंगेजमेंट का मौखिक परीक्षण आयोजित होने वाला था। लेकिन बुधवार रात अचानक विश्वविद्यालय प्रशासन ने विज्ञप्ति जारी कर परीक्षा स्थगित करने की घोषणा कर दी। विश्वविद्यालय ने स्थगन के कारण के रूप में बताया कि छात्रों ने यात्रा संबंधी कठिनाइयों का हवाला देते हुए अनुरोध किया था। उनका कहना था कि वे समय पर परीक्षा केंद्र पर नहीं पहुँच पाएंगे। प्रशासन ने इस आर्ज़ी को मानकर परीक्षाएं रद्द कर दीं। हालाँकि, परीक्षा की नई तिथि कब होगी, इस पर विश्वविद्यालय की ओर से कोई स्पष्ट घोषणा नहीं की गई है। यही कारण है कि इस निर्णय को लेकर राजनीतिक विवाद शुरू हो गया है और विपक्ष ने विश्वविद्यालय प्रशासन पर छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ करने का आरोप लगाया है।

### पाचन शक्ति बढ़ाने में बादाम सहायक : नई रिसर्च

**कोलकाता, समाज्ञा :** नई रिसर्च से पता चला है कि रोज़ाना बादाम खाने से आंतों में लाभकारी बैक्टीरिया की वृद्धि होती है, जिससे पाचन मजबूत होता है और समग्र स्वास्थ्य बेहतर बनता है। अध्ययनों में पाया गया कि बादाम प्रीबायोटिक की तरह काम करते हैं और अच्छे बैक्टीरिया जैसे बिफिडोबैक्टीरियम और लैक्टोबैसिलस को पोषण देते हैं। इससे आंत का संतुलन बना रहता है और ब्यूटायरेट नामक तत्व बनता है, जो आंत और हृदय दोनों के स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है। विशेषज्ञों का कहना है कि बादाम खाने से सूजन कम हो सकती है, मेटाबॉलिज़्म में सुधार होता है और हृदय रोग का जोखिम भी घटता है। पोषण विशेषज्ञों के अनुसार, आहार में साबुत अनाज, फल, सब्ज़ियों के साथ बादाम शामिल करना पाचन और हृदय के लिए उपयोगी है। शोधकर्ताओं का मानना है कि बादाम सेहतमंद स्नैक के रूप में भी अच्छे हैं और इन्हें सलाद, दही या सब्ज़ियों के साथ आसानी से शामिल किया जा सकता है।



बी.वी. दोशी स्मृति प्रदर्शनी के द्वितीय संस्करण में आर्किटेक्ट गिरीश दोशी, राजीव कथपालिया, मदहु नेओटिया, क्रिस्टीना मित्रा, राधिका दोशी एवं अंबुजा नेओटिया ग्रुप के चेयरमैन हर्षवर्धन नेओटिया।

## उत्तरपाड़ा में चोरी की कोशिश नाकाम, पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**हुगली :** चंदननगर पुलिस कमिश्नरेट के अंतर्गत उत्तरपाड़ा थाने के इलाके में लगातार हो रही चोरी की वारदातों के बीच पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। हाल ही में एक बंद पड़े मकान में चोरी की कोशिश नाकाम होने के बाद पुलिस ने कार्रवाई की। गिरफ्तार आरोपियों के नाम शंभु यादव (30) और रोहित गुप्ता (20) हैं। दोनों को गुरुवार को श्रीरामपुर अदालत में पेश किया गया। बताया जा रहा है कि बीते कुछ समय से इलाके में चोर सक्रिय हैं और खाली घरों को निशाना बनाकर नकदी और गहने चोरी करने की घटनाएं लगातार सामने आ रही थीं। इसी कड़ी में कुछ महीने पहले पद्मश्री सम्मानित पूर्व तैराक बुला चौधरी के घर से उनका पद्मश्री सम्मान सहित सभी



पदक चोरी हो गए थे। उस मामले में पुलिस ने खुफिया विभाग और विशेष टीम की मदद से रिसड़ा और श्रीरामपुर से तीन आरोपियों को पकड़कर पदक बरामद किए थे। इसके बावजूद चोरी की घटनाएं थमी नहीं हैं। हाल ही में हिन्दमोटर में एक रंगकर्मी के घर चोरी और अब उत्तरपाड़ा में चोरी की कोशिश ने स्थानीय लोगों की चिंता बढ़ा दी थी। हालांकि, सतर्क लोगों की वजह से इस बार चोर खाली हाथ ही भाग निकले। चंदननगर पुलिस कमिश्नरेट की ओर से लोगों से अपील की गई है कि यदि वे घर खाली छोड़कर कहीं जाएं तो इसकी सूचना स्थानीय थाने को जरूर दें।



गणेश पूजा समिति बेहाला पाठकपाड़ा

## अवैध कॉल सेंटर पर छापा, 11 गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा**

विश्वसनीय सूत्रों से मिली गुप्त जानकारी के आधार पर कल रात रवींद्र सरोवर थाना क्षेत्र स्थित साउथ सिटी गेस्ट हाउस में पुलिस ने छापा मारा। इस दौरान गेस्ट हाउस मालिक के बेटे के संरक्षण में दो कमरों से अवैध कॉल सेंटर संचालित होते पाया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश पर की गई इस कार्रवाई में कुल 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जिनकी सीधी संलिप्तता सामने आई है। पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में आपत्तिजनक सामान बरामद किया है, जिनमें एक डीवीआर, एक राउटर, चार लैपटॉप, 15 मोबाइल फोन, होटल रजिस्टर तथा कई आपत्तिजनक स्क्रीनशॉट शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, एक आरोपी के पास से दो ट्रस्ट वॉलेट में 1000 यूएसडीटी भी पाए गए। गिरफ्तार व्यक्तियों में इंद्रनील रॉय, पृथ्वी विश्वास, संजीव सिंह, शेख अब्दुल लतीफ़, सुभीर आलम, सुगाता चंद्रा, अनिंद्य विश्वास, देबजीत देय, शेख वसीम, अनुराग मंडल और जॉय कंजी शामिल हैं। पुलिस ने कॉल सेंटर के दो नेताओं के घरों में भी तलाशी ली, हालांकि वहां से कोई नकदी बरामद नहीं हुई। सभी आरोपियों को आज मुख्य महानगर दंडाधिकारी (सीजेएम) की अदालत में पेश किया जाएगा। फिलहाल मामले की जांच जारी है और पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि इस गिरोह के तार कितने बड़े नेटवर्क से जुड़े हुए हैं।

## सियालदह डिवीजन ने सोदपुर में आपदा प्रबंधन हेतु मॉक ड्रिल की आयोजित

**कोलकाता, समाज्ञा :** सियालदह डिवीजन ने गुरुवार को सोदपुर स्टेशन पर आपातकालीन तैयारी और आपदा प्रबंधन की क्षमता परखने के लिए एक व्यापक मॉक ड्रिल आयोजित की। इस अभ्यास में परिकल्पना की गई कि ट्रेन संख्या 00113 सियालदह-लालगोला पैसेंजर स्पेशल सोदपुर स्टेशन के पास पटरी से उतर गई। हादसे में दो जनरल क्लास चेयर कार प्रभावित हुए, जिसमें 4 काल्पनिक यात्रियों की मौत, 12 गंभीर रूप से घायल और 18 यात्री मामूली रूप से घायल बताए गए। स्थिति से निपटने के लिए दुर्घटना राहत मेडिकल वैन और दुर्घटना राहत ट्रेन तुरंत घटनास्थल पर पहुंचाई गईं। सियालदह से 140 टन क्रेन, मेडिकल वैन और रिलीफ ट्रेन भी मौके पर भेजी गई। रेलवे की टीम ने



एनडीआरएफ के साथ मिलकर राहत और बचाव कार्य किया। संयुक्त अभियान के दौरान 30 काल्पनिक यात्रियों को सुरक्षित निकाला गया और गंभीर घायलों को सियालदह बी.आर. सिंह अस्पताल भेजा गया। इस दौरान हाई कैपेसिटी कटर, से-परेटर और प्लाज़्मा कटर जैसे अत्याधुनिक उपकरणों की मदद से डिब्बों को काटकर यात्रियों को निकालने का अभ्यास किया गया। ड्रिल सुबह 03:30 बजे शुरू हुई और शाम 18:00 बजे इसे सफलतापूर्वक समाप्त घोषित किया गया। इस अभ्यास में 38 एनडीआरएफ कर्मी, डिवीजनल डिजास्टर रेस्क्यू टीम, 20 सिविल डिफेंस सदस्य, 7 दमकल कर्मी, 8 डॉक्टर, 20 पैरा मेडिकल स्टाफ, सेंट जॉन्स एसोसिएशन के 28 सदस्य, स्काउट्स एवं गाइड्स के 26 सदस्य तथा 53 आरपीएफ जवान शामिल हुए।

यह अभ्यास सियालदह डिवीजन के डीआरएम राजीव सक्सेना के नेतृत्व में संपन्न हुआ। वरिष्ठ डीएसओ सुजीत कुमार सिन्हा समेत अन्य अधिकारियों ने भी इसमें सक्रिय भागीदारी की। इस मॉक ड्रिल का मुख्य उद्देश्य दुर्घटना की स्थिति में रेलवे की तत्परता, आपातकालीन तैयारी और मानक संचालन प्रक्रिया के पालन का मूल्यांकन करना था।

### त्योहारी सीजन से पहले फ्लिपकार्ट ने 2.2 लाख नए रोजगार सृजित किए

**दुर्गापुर :** देश का अग्रणी ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट त्योहारी सीजन की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए अपने डिलीवरी नेटवर्क और कार्यबल का विस्तार कर रहा है। कंपनी ने सप्लाई चेन, लॉजिस्टिक्स और लास्ट-माइल डिलीवरी की भूमिकाओं में 2.2 लाख से अधिक नए रोजगार सृजित किए हैं। कंपनी ने बताया कि नई नियुक्तियों में 15 प्रतिशत लोग पहली बार रोजगार पा रहे हैं। इस साल महिलाओं की भर्ती में 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है और दिव्यांगजनों व एलजीबीटीक्यूआईए+ समुदाय के लिए भी अवसर बढ़ाए गए हैं। फ्लिपकार्ट का कहना है कि सिलिगुड़ी, कुंडली और जाखड़ सहित टियर-2 और टियर-3 शहरों में 650 नए फेस्टिव हब खोले जा रहे हैं, जिससे अंतिम छोर तक पहुंच को मजबूती मिलेगी। फ्लिपकार्ट की मुख्य मानव संसाधन अधिकारी सीमा नायर ने कहा कि द बिग बिलियन डेज हमारे लिए विस्तार और समावेशी प्रगति का उत्सव है। हम समुदायों और पार्टनर्स के साथ मिलकर स्थायी मूल्य सृजित करने पर ध्यान दे रहे हैं।

### अब अमेज़न फ्रेश पर मिलेंगे आपके इलाके के स्वाद

**कोलकाता :** त्योहारों का मौसम आते ही लोग अपने-अपने इलाके के पारंपरिक व्यंजनों को याद करने लगते हैं। अब अमेज़न फ्रेश ने ग्राहकों की इसी ज़रूरत को देखते हुए लोकल डिलाइट्स स्टोर शुरू किया है। यहां से लोग देशभर के मशहूर स्थानीय व्यंजन और ज़रूरी सामान सिर्फ 2 घंटे में अपने घर पर मंगा सकेंगे। अमेज़न फ्रेश का कहना है कि यह स्टोर 170 से अधिक शहरों में उपलब्ध होगा। इसमें दक्षिण भारत की फ़िल्टर कॉफ़ी और मुरुक्कू से लेकर आंध्र प्रदेश का आम का अचार, पंजाबी लस्सी, बंगाली पापड़, गुजराती गाठिया और मक्के का आटा जैसे दर्जनों उत्पाद शामिल हैं। अमेज़न फ्रेश इंडिया के निदेशक श्रीकांत श्रीराम ने कहा, भारत के त्योहार व्यंजन और परंपराओं के बिना अधूरे हैं। लोकल डिलाइट्स स्टोर के साथ अब ग्राहक आसानी से अपने क्षेत्रीय स्वाद का आनंद ले सकते हैं और त्योहार और भी खास बना सकते हैं। त्योहारों के मौके पर यह स्टोर न सिर्फ रोजमर्रा की ज़रूरत का सामान उपलब्ध कराएगा बल्कि हर राज्य के पारंपरिक स्वाद को भी ग्राहकों तक पहुंचाएगा।

## स्कूल भर्ती घोटाले में गिरफ्तार तृणमूल विधायक की रिश्तेदार से ईडी ने की पूछताछ

❑ **'मेरे पति 40 साल से व्यापार कर रहे हैं, भ्रष्टाचार का पैसा नहीं है', पूछताछ से पहले बोली जीवन साहा की बुआ**

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुर्शिदाबाद जिले के बड़ंचा से तृणमूल कांग्रेस के विधायक जीवन कृष्ण साहा को गिरफ्तार करने के बाद, ईडी ने गुरुवार को स्कूल भर्तियों में कथित अनियमितताओं की जांच के सिलसिले में उनकी रिश्तेदार से पूछताछ की। केंद्रीय एजेंसी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बीरभूम जिले की साइंथिया नगरपालिका में तृणमूल कांग्रेस की पार्षद माया साहा भी भर्ती घोटाले में कथित रूप से शामिल थीं। अधिकारी ने कहा कि हम उनकी रिश्तेदार से पूछताछ कर रहे हैं, जो पार्टी की वरिष्ठ नेता भी हैं। हमें पता चला है कि उनका नाम ज़मीन हड़पने के कई मामलों में शामिल है। उल्लेखनीय है कि प्रवर्तन विभाग (ईडी) के अधिकारियों ने सोमवार को बीरभूम में साहा की रिश्तेदार के आवास पर छापेमारी की। इससे पहले, इस दिन, कोलकाता के सीजीओ कॉम्प्लेक्स स्थित ईडी कार्यालय में प्रवेश करते समय माया ने भ्रष्टाचार में अपनी संलिप्तता के आरोपों को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि मेरे खिलाफ लगाए गए सभी आरोप पूरी तरह निराधार हैं। मेरे पति 40 साल से व्यवसाय कर रहे हैं। नतीजतन, भ्रष्टाचार के पैसे का कोई सवाल ही नहीं उठता। उन्होंने यह भी दावा किया कि उनके पास कोई बड़ी संपत्ति नहीं है। उन्होंने कहा कि मेरे पास ज़मीन के कुछ टुकड़े हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि भाई पूरी तरह से झूठ बोल रहे हैं।

## दिल में आई दरारों को साधने का नाम है क्षमापना : मुनि जिनेश कुमार

❑ **क्षमापना दिवस पर सामूहिक खमत-खामणा' कार्यक्रम का भव्य आयोजन**

**कोलकाता, समाज्ञा :** आचार्य महाश्रमण के सुशिष्य मुनि जिनेश कुमार ठाणा-3 के सान्निध्य में भिक्षु विहार में जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा (कलकत्ता - पूर्वांचल) ट्रस्ट द्वारा क्षमापना दिवस पर सामूहिक खमत-खामणा कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर बृहत्तर कोलकाता के गणमान्य व्यक्ति एवं श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित थे। धर्मसभा को संबोधित करते हुए मुनि जिनेशकुमार ने कहा कि पर्वो की दुनिया में विशिष्ट पर्व है 'पर्युषण'। पर्युषण का शिखर दिन है- संवत्सरी। यह मैत्री का महान पर्व है। मैत्री वह सेतु है जो दो टूटे हुए दिलों को जोड़ता है। मैत्री वह मंत्र है जो जन-जन के मन को पावन कर देता है। मैत्री वह रसायन है जो तनाव भरे माहौल में मिश्री सी मिठास घोल देता है। जिस



प्रकार जल से तन की शुद्धि होती है, उसी प्रकार खमत-खामणा से मन की शुद्धि होती है। खमत खामणा का अर्थ -मन के सकल ताप-संतापों को धोकर संपूर्ण हल्केपन का अनुभव करना है। खमतखामणा एक प्रकार की चिकित्सा है। मुनिश्री ने सभी से खमत-खामणा किया और पूर्वांचल - कोलकाता की तेरापंथी सभा और महिला मंडल, तेयुप, टीपीएफ आदि संस्थाओं की जागरूकता की सराहना की। मुनि परमानंद ने कहा कि क्षमा जीवन का बसंत है, खमतखामणा करने से जीवन खिल उठता है। मुनि कुणाल कुमार ने कहा कि खमत-खामणा राग-द्वेष की अग्नि का उपशमन करता है। कार्यक्रम का शुभारंभ तेरापंथ महिला मंडल द्वारा मैत्री गीत के संगान से हुआ।

तेरापंथी महासभा के महामंत्री विनोद बैद, अणुव्रत विश्व भारती सोसायटी के अध्यक्ष प्रताप सिंह दुगड़, दीक्षार्थी अर्हम् सिंघी, अभा तेरापंथ महिला मंडल की संगठन मंत्री रमण पटावरी, तेरापंथी सभा कलकता के मंत्री उम्मेद नाहर, तेरापंथी सभा (कलकत्ता-पूर्वांचल) ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय सिंघी, मुख्य न्यासी बाबूलाल गंघ, महिला मंडल पूर्वांचल की अध्यक्ष बबीता तातेड़, तेयुप अध्यक्ष राजीव बोथरा, तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम, पूर्वांचल अध्यक्ष विनोद दुगड़, अणुव्रत समिति कोलकाता के अध्यक्ष नवीन दुगड़ ने अपने विचार व्यक्त करते हुए सबसे खमतखामणा किया। महासभा के पूर्व अध्यक्ष सुरेश गोयल ने सभी श्रावक-श्राविकाओं को खमत-खामणा करवाया। आभार ज्ञापन पूर्वांचल सभा के मंत्री पंकज डोसी ने किया।

कार्यक्रम का संचालन संगठन मंत्री हसमुख मुथा ने किया। संवत्सरी महापर्व पर भिक्षु बिहार में 411 पौषध हुए। पर्युषण पर्व में नमस्कार महामंत्र के अखंड जप में 2655 से अधिक व्यक्तियों ने जप किया। 2600 सामायिक हुईं।



तृणमूल कांग्रेस के एससी एवं ओबीसी प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव अमरनाथ प्रसाद ने न्यूटाउन स्थित तीर्थंकर हाउसिंग में पांचवीं वर्ष गणेश पूजा का आयोजन किया, जिसमें जनता के लिए महाभोग का आयोजन किया गया। प्रवक्ता अभिलाष भद्र भी इस भव्य समारोह में शामिल हुए।

## न्यूज इन ब्रीफ

### बलिया में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के 10 आश्रितों के प्रमाणपत्र फर्जी पाये गये

**बलिया:** उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के 10 आश्रितों के प्रमाणपत्र फर्जी पाये गये हैं। इस मामले में जिला प्रशासन ने जांच तेज कर दी है। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने बृहस्पतिवार को संवाददाताओं को बताया कि जिला प्रशासन को विभिन्न संस्थानों की ओर से सत्यापन के लिये स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों के प्रमाण पत्र प्राप्त हुए हैं। अभी तक जांच में 10 प्रमाण पत्र फर्जी पाए गए हैं। उन्होंने बताया कि इन मामलों में कार्यालय स्तर से कार्रवाई शुरू कर दी गई है। संस्थानों को भी प्रमाण पत्रों की स्थिति से अवगत करा दिया गया है। सिंह ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों द्वारा आश्रित प्रमाण पत्र के लिए किए जा रहे आवेदन को लेकर निर्देश दिया है कि आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र भी लिया जाए। इसके साथ ही जिन आश्रितों को पूर्व में प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया है उन्हें दोबारा प्रमाण पत्र जारी न किया जाए।

### राजस्थान उच्च न्यायालय ने एसआई भर्ती परीक्षा-2021 रद्द की

**जयपुर:** राजस्थान उच्च न्यायालय ने पेपर लीक के मद्देनजर विवादास्पद 'पुलिस उपनिरीक्षक (एसआई) भर्ती परीक्षा-2021' बृहस्पतिवार को रद्द कर दी। न्यायमूर्ति समीर जैन की एकल पीठ ने विस्तृत फैसला सुनाते हुए 2021 की यह भर्ती परीक्षा रद्द कर दी। याचिकाकर्ताओं की ओर से अदालत में पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मेजर आर.पी. सिंह ने कहा, "भर्ती प्रक्रिया में धोखाधड़ी स्पष्ट थी। उम्मीद है कि अदालत का यह फैसला युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वाले गिरोहों के लिए एक सबक के रूप में काम करेगा।" भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार ने इस परीक्षा को रद्द नहीं करने का रुख अदालत के समक्ष अपनाया था, जबकि 2023 के विधानसभा चुनाव के दौरान यह उसके लिए बड़ा राजनीतिक मुद्दा था।

# प्रधानमंत्री डरे हुए हैं क्योंकि उनकी 'वोट चोरी' पकड़ी गई: राहुल

## राहुल गांधी ने सीतामढ़ी में तेजस्वी संग किया मां सीता के दर्शन



**सीतामढ़ी/मोतिहारी (बिहार):** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने अपनी 'वोटर अधिकार यात्रा' के 12वें दिन बृहस्पतिवार को भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तीखा हमला बोला और दावा किया कि वह डरे हुए हैं क्योंकि उनकी 'वोट चोरी' पकड़ी गई है। उन्होंने यह भी कहा कि बिहार की मतदाता सूचियों से गरीब और वंचित वर्ग के करीब 65 लाख लोगों के नाम हटा दिए गए हैं, क्योंकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) दलितों, पिछड़ों और अति पिछड़ों के अधिकार छीनना चाहती है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने अपनी 'वोटर अधिकार यात्रा' के 12वें दिन की शुरुआत से पहले सीतामढ़ी के प्रसिद्ध जानकी मंदिर में पूजा-अर्चना की। यात्रा सुबह सीतामढ़ी से आरंभ हुई और फिर पूर्वी चंपारण पहुंची। मोतिहारी में हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू भी इस यात्रा में शामिल हुए। राहुल गांधी और महागठबंधन के अन्य नेताओं ने मोतिहारी में 'संविधान सुरक्षा सम्मेलन' को संबोधित किया। कांग्रेस नेता ने दावा किया, 'अगर मैं प्रधानमंत्री पर 'वोट चोर' होने का आरोप लगा रहा हूं, तो वह चुप क्यों है? क्योंकि प्रधानमंत्री जानते हैं कि वह 'वोट चोर' हैं और हमने उन्हें पकड़ लिया है।" उन्होंने दावा किया, 'मोदी जी डरे हुए हैं क्योंकि उन्हें यह बात समझ आ गई है कि उनकी चोरी पकड़ी गई है।' कांग्रेस नेता ने कहा कि कॉरपोरेट, बॉलीवुड और देश के कई अन्य क्षेत्रों में दलित, पिछड़े और अति पिछड़ों की भागीदारी नहीं है। उनका कहना था, 'सबसे पहले राष्ट्रीय स्तर पर जाति जनगणना होगी...इसके बाद आरक्षण की 50 प्रतिशत की दीवार चूर-चूर कर दी जाएगी। जाति जनगणना से विकास का एक नया मॉडल मिलेगा।'

### राजनीति में आया तो मेरी 'भ्रूणहत्या' करने का प्रयास हुआ: तेजस्वी

**मोतिहारी (बिहार):** बिहार में विपक्षी नेता तेजस्वी यादव ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद), अपने और परिवार के खिलाफ दर्ज मामलों का उल्लेख करते हुए बृहस्पतिवार को दावा किया कि जब वह राजनीति में आए तो उनकी 'भ्रूणहत्या' करने का प्रयास किया गया। उन्होंने 'वोटर अधिकार यात्रा' के दौरान मोतिहारी में आयोजित 'संविधान सुरक्षा सम्मेलन' को संबोधित करते हुए यह दावा भी किया कि नीतीश कुमार अब बिहार संभालने की स्थिति में नहीं है। बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष ने कहा, '1990 में जब लालू जी मुख्यमंत्री बने तो उससे पहले क्या स्थिति थी... आज बिहार में किसी माई के लाल में दम नहीं है कि अंगुली उठाकर बात कर सके।' उनका कहना था, "लालू जी ने तवे पर पड़ी रोटी को पलट दिया...इसके लिए उन्हें जेल जाना पड़ा।" यादव ने दावा किया, 'मेरी मूंछ भी नहीं आई थी और मेरे खिलाफ टेंडर घोटाले का आरोप लगा दिया गया...अभी राजनीति में आया था कि मेरी भ्रूणहत्या कराने की कोशिश की गई। जब लालू जी नहीं झुके तो उनका बेटा झुक जाएगा?' इससे पहले, यादव ने सीतामढ़ी में एक सभा को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर निशाना साधा और कहा कि अब प्रदेश के लोगों को तय करना है कि उन्हें 'डुप्लीकेट' (नकली) मुख्यमंत्री चाहिए या फिर 'ओरिजनल' (असली) मुख्यमंत्री चाहिए।

## प्रयागराज में खतरे के निशान के करीब पहुंचा गंगा-यमुना का जलस्तर



**प्रयागराज:** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में गंगा और यमुना का जलस्तर बृहस्पतिवार को बढ़कर खतरे के निशान 84.73 मीटर के करीब पहुंच गया, जिससे नदियों के किनारे बसे लोगों में चिंता फिर से बढ़ गई है। अगस्त माह में दूसरी बार बाढ़ का पानी रिहायशी क्षेत्रों में पहुंच रहा है। गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के पावन संगम क्षेत्र में बने बांध के किनारे जहां वाहन रफ्तार भरते थे, वहां फिर से नावें चलने लगी हैं और लोग बांध के किनारे ही डुबकी लगा रहे हैं। जिला प्रशासन द्वारा जारी बुलेटिन के मुताबिक, बृहस्पतिवार को शाम चार बजे तक फाफामऊ में गंगा का जलस्तर 84.44 मीटर, जबकि छतनाग में यह 83.56 मीटर पर पहुंच गया। वहीं यमुना का जलस्तर नैनी में 84.15 मीटर रहा। एसडीएम (सदर) अभिषेक सिंह ने बताया कि सदर में 12 वार्ड/ मोहल्ले बाढ़ से प्रभावित हैं जिनमें कछार मऊ, मऊ सरैया, राजापुर, बघाड़ा, नेवादा, बेली कछार, बेली उपरहार, मेहदौरी, सलोरी, शिवकुटी, म्योराबाद और दारागंज शामिल हैं।

## 130वें संविधान संशोधन विधेयक के पीछे गुप्त एजेंडा, इसे पेश करने का कोई तर्क नहीं: हेमंत सोरेन



**रांची:** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 130वें संविधान संशोधन विधेयक को लेकर बृहस्पतिवार को भाजपा-नीत केंद्र सरकार पर निशाना साधा और दावा किया कि इसे पेश करने के पीछे एक 'बड़ा गुप्त एजेंडा' है। सोरेन ने कहा कि वह यह समझ पाने में असमर्थ हैं कि 30 दिन या उससे अधिक जेल में रहने की स्थिति में मंत्रियों को उनके पदों से हटाने का प्रावधान करने वाला विधेयक संसद में क्यों पेश किया गया। उन्होंने मानसून सत्र के अंतिम दिन विधानसभा में कहा, 'संविधान संशोधन विधेयक के पीछे एक बड़ा गुप्त एजेंडा है, जिसे हम समझ नहीं पा रहे हैं... लेकिन, यह भविष्य में स्पष्ट हो जाएगा।'

### झारखंड विस ने शिबू सोरेन को भारत रत्न देने के लिए केंद्र को प्रस्ताव भेजने का संकल्प पारित किया

**रांची:** झारखंड विधानसभा ने बृहस्पतिवार को वरिष्ठ आदिवासी नेता और पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन को भारत रत्न देने की सिफारिश करते हुए केंद्र को प्रस्ताव भेजने संबंधी संकल्प पारित किया। प्रदेश के परिवहन मंत्री दीपक बिरुआ द्वारा प्रस्तुत संकल्प प्रस्ताव को ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। प्रस्ताव पेश करते हुए बिरुआ ने कहा कि सोरेन ने अपना पूरा जीवन आदिवासियों, किसानों, मजदूरों और शोषितों के अधिकारों, सम्मान और स्वाभिमान की रक्षा के लिए समर्पित कर दिया और एक अलग राज्य के निर्माण के लिए संघर्ष किया। उन्होंने कहा, "सामाजिक न्याय और लोकतांत्रिक मूल्यों की प्राप्ति में उनका योगदान ऐतिहासिक महत्व रखता है। वे केवल एक राजनीतिक नेता ही नहीं, बल्कि एक दूरदर्शी व्यक्ति थे।'

## न्यूज अपडेट

### पंजाब: अमृतसर में फंसे ग्रामीणों को बचाने के लिए बचाव अभियान जारी



**चंडीगढ़/अमृतसर, :** पंजाब के विभिन्न जिलों के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में बचाव एवं राहत अभियान बृहस्पतिवार को जारी रहा, हालांकि कई गांव तथा निचले इलाके अब भी जलमग्न हैं। जिला प्रशासन ने सेना, राष्ट्रीय आपदा राहत बल, सीमा सुरक्षा बल और राज्य एजेंसियों की मदद से बचाव अभियान जारी रखा लेकिन स्थिति अब भी गंभीर बनी हुई है। अमृतसर जिला प्रशासन ने रामदास क्षेत्र के जलमग्न गांवों में फंसी महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों सहित कई लोगों को निकाला। रावी नदी के बढ़ते जलस्तर के कारण क्षेत्र में फंसे लोगों को बचाने के लिए नौकाओं और अन्य वाहनों को तैनात किया गया हे। एक अधिकारी ने बताया कि अमृतसर की उपायुक्त साक्षी साहनी ने जालंधर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) मनिंदर सिंह और अतिरिक्त उपायुक्त रोहित गुप्ता के साथ बचाव अभियान की निगरानी की। प्रभावित गांवों में घोनेवाला, मच्छीवाला, मंगू नारू, शहजादा, जट्टां, कोट गुरबख्श, पशियान, निसोके, सिंघोके, महमद, मुंडरावाला, घग्गर, धर्माबाद, रामदास, शामपुरा, नंगल सोहल, रुरेवाल, पंडोरी, लंगरपुर, गालिब और बेदी चन्ना शामिल हैं। अधिकारी ने बताया कि बचाए गए लोगों को राहत सामग्री और भोजन दिया गया तथा सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया।

### काशी में बाढ़ का असर : घाटों के बजाय छतों पर हो रहा है शवदाह

**वाराणसी (उप्र):** वाराणसी में उफनाई गंगा की बाढ़ से घाटों पर व्यवस्था अस्त-व्यस्त हो गई है। घाटों के निचले हिस्सों में पानी भर जाने की वजह से आरती और शवदाह का काम छतों पर किया जा रहा है। गंगा का जलस्तर पिछले कुछ दिनों में घटने के बाद एक बार फिर से बढ़त की ओर है। गंगा का जलस्तर बृहस्पतिवार की सुबह चेतावनी बिंदु 70.262 मीटर को पार कर 70.91 मीटर पहुंच गया। अब यह जलस्तर खतरे के बिंदु 71.262 मीटर के नजदीक पहुंच गया है। आरती का आयोजन करने वाली संस्था 'गंगा सेवा निधि' के व्यवथापकों ने बृहस्पतिवार को बताया कि दशाश्वमेध घाट के निचले हिस्सों में बाढ़ का पानी भर जाने की वजह से पारंपरिक आरती अब भी छतों पर हो रही है। उन्होंने बताया कि निचला हिस्सा पानी में डूबने की वजह से हरिश्चंद्र घाट और मणिकर्णिका घाट पर शवदाह कार्य छतों पर हो रहा है। दशाश्वमेध घाट पर स्थित शीतला माता मंदिर जलमग्न है। जिला प्रशासन ने नदियों के बढ़ते जलस्तर और जिले में संभावित बाढ़ की स्थिति को देखते हुए संबंधित विभागों को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं।

### गोरखपुर के अस्पताल में आग से अफरातफरी, कोई हताहत नहीं

**गोरखपुर:** उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले के एक निजी अस्पताल में बृहस्पतिवार को आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। अधिकारियों ने बताया कि आग की इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। अधिकारियों ने बताया कि आशंका है कि आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी होगी, जिसके बाद मरीज़ों को तुरंत बाहर निकाला गया। रामगढ़ ताल थाना क्षेत्र के रुस्तमपुर हाईवे पर स्थित संजय फ्रैक्चर क्लिनिक में अपराह्न करीब 1.50 बजे आग लग गई। हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. संजय विश्वकर्मा द्वारा संचालित इस अस्पताल में उनका परिवार भी रहता है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आग अस्पताल के लॉन में लगे एल्युमीनियम कंपोजिट पैनल (एसीपी) शीट्स में तेज़ी से फैल गई, जिससे दूर से ही घना धुआं दिखाई देने लगा। अफरा-तफरी के बीच रिश्तेदारों और कर्मचारियों ने मरीज़ों को इमारत से बाहर निकाला। अधिकारियों ने बताया कि दमकल विभाग की टीमें 10 मिनट के भीतर मौके पर पहुंच गईं और दमकल की दो गाड़ियों ने लगभग आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया।

समाज्ञा CINE मंत्र

# 'दो लोगों की तुलना करना बेवकूफी है'- शमिता



बॉलीवुड में कई भाई-बहन या बहनें हैं, जिन्होंने एक्टिंग की फील्ड को चुना है। लेकिन एक का करियर बुलंदियों पर पहुंचा तो दूसरे को उतनी सफलता नहीं मिली। शमिता शेट्टी और शिल्पा शेट्टी का करियर ग्राफ भी कुछ ऐसा है। शमिता को बड़ी बहन शिल्पा जैसा फेम नहीं मिला है। साथ ही उनका कंपैरिजन भी बड़ी बहन से बहुत किया जाता है। हाल ही में इस मुद्दे को लेकर शमिता शेट्टी खुलकर बोली हैं।

### बहुत समय तक उलझन में रहीं शमिता

पिंकविला से की गई हालिया बातचीत में शमिता बताती हैं कि वह कैसे बहन शिल्पा शेट्टी से होने वाले कंपैरिजन से निपटती हैं? वह कहती हैं, 'मेरी बहन बहुत सीधी-सादी हैं बिल्कुल गाय जैसी, वहीं मैं बचकानी हकरतें करने वाली लड़की हूं। अपने बारे में जानना, खुद को एक्सप्लोर करना आसान नहीं है। यह सब अनुभव से हासिल होता है। शुरुआत में कुछ चीजों का लेकर लगता है कि यह मेरे लिए अच्छा नहीं है या यह मेरे लिए सही नहीं है। एक उथल-पुथल मन में पैदा होती है। हमको पता ही नहीं होता कि क्या बनना चाहिए?' शमिता बचपन में इसी उलझन में रहीं। अब ऐसी कंडीशन नहीं है। वह अपने दम पर आगे बढ़ी हैं, उनमें कॉन्फिडेंस है। वह जो बनना चाहती हैं, उसे लेकर बिल्कुल क्लीयर हैं, इसलिए अब कंपैरिजन से कोई फर्क नहीं पड़ता।

### शमिता बोलीं- हर पर्सनालिटी अलग होती है

शमिता शेट्टी आगे कहती हैं, 'हर पर्सनालिटी अलग होती है। यह सिर्फ भाई-बहनों की बात नहीं है। एक ही घर में दो लोग बिल्कुल अपोजिट हो सकते हैं। शिल्पा और मेरे साथ भी यही है। हमारी अपनी-अपनी खूबियां हैं।' शमिता शेट्टी का मानना है कि दो लोगों की तुलना करना बेवकूफी है।

### शमिता शेट्टी का करियर फ्रंट

हाल ही में शमिता शेट्टी और शिल्पा शेट्टी को कपिल शर्मा के कॉमेडी शो पर साथ देखा गया, जहां उन्होंने अपने बचपन से जुड़ी बातें साझा कीं। साल 2023 में शमिता एक फिल्म 'टेनेंट' में नजर आईं। इन दिनों वह सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं।

# 'अजुल' को लेकर ट्रोलर्स के निशाने पर आए गुरु रंधावा



भारतीय म्यूजिक इंडस्ट्री के बड़े सिंगर गुरु रंधावा अपने नए गाने 'अजुल' को लेकर इन दिनों विवादों में हैं। एक तरफ जहां गाना रिलीज होते ही ट्रेंडिंग लिस्ट में छा गया, वहीं अब सोशल मीडिया पर इसके कंटेंट को लेकर एक बड़ा वर्ग आपत्ति जता रहा है। आरोप है कि म्यूजिक वीडियो में स्कूल गर्ल्स की छवि के साथ खिलवाड़ किया गया है और उनकी तुलना शराब ब्रांड्स से की गई है। इसी के लिए अब सिंगर को लोगों की तरफ से आलोचना का सामना करना पड़ रहा है।

### गाने को कंटेंट को लेकर उठे सवाल

'अजुल' में गुरु रंधावा एक फोटोग्राफर बने हैं, जो एक गर्ल्स स्कूल में क्लास फोटो खींचने पहुंचते हैं। यूजर्स की मानें तो जहां गाने में मासूमियत और सादगी दिखाई जानी चाहिए थी, वहां उन्हें अश्लीलता और भड़काऊ विजुअल्स दिखाई दिए। वीडियो में दिख रही सभी महिलाएं व्यस्क हैं, लेकिन उन्हें स्कूल की लड़कियों के रूप में दिखाया गया है। यही बात दर्शकों को खटक गई और आरोप लगा कि इस तरह के सीन युवाओं पर गलत असर डाल सकते हैं।

### ट्रोलर्स के निशाने पर आए सिंगर

सोशल मीडिया पर 'अजुल' को लेकर तीखी बहस छिड़ गई है। एक यूजर ने लिखा, 'अजुल का वायरल होना अजीब है, जबकि लोग इस बात को नजरअंदाज कर रहे हैं कि गुरु रंधावा ने स्कूली लड़कियों की तुलना शराब से की। पीडोफिलिया को बढ़ावा देना सिर्फ अजीब बात नहीं, बल्कि घिनौना है। फिर भी, वह दूसरों को नीचा दिखाते हुए खुद बहुत ऊंचे और ताकतवर बन जाते हैं।'

वहीं एक और यूजर ने सिंगर की क्लास लगा दी। उन्होंने वीडियो जारी करते हुए कहा, 'ये देखकर हैरानी हुई कि 2025 में भी लोग सोशल मीडिया के प्रभाव को गंभीरता से नहीं लेते। बच्चे इसे देखकर क्या सोचेंगे?' कितनी आसानी से पीडोफाइल बर्ताव को नॉर्मल बनाया जा रहा है।'

### गुरु रंधावा ने साधी चुप्पी

गाने के ट्रेंडिंग में आने पर जहां सिंगर ने अपने फैंस का शुक्रिया अदा किया वहीं उन्होंने इस मामले को लेकर फिलहाल कुछ नहीं कहा है। इन आरोपों पर उनकी तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

### कब रिलीज हुआ गाना?

आपको बता दें ये गाना 6 अगस्त को रिलीज हुआ था। गुरु ने 9 अगस्त को वीडियो की लीड डांसर के साथ एक फोटो शेयर की थी, जिसे तमन्ना भाटिया ने लाइक किया था। गुरु रंधावा ने गाने की शूटिंग का एक क्लिप शेयर किया था, जिसे वरुण धवन और मृणाल ठाकुर ने लाइक किया था।

# सोनू सूद ने बेचा मुंबई के पॉश इलाके में स्थित अपना घर




अभिनेता सोनू सूद अपनी फिल्मों के अलावा अपने सोशल वर्क को लेकर भी अक्सर चर्चाओं में रहते हैं। अब कल बप्पा का अपने घर पर स्वागत करने के बाद आज अभिनेता फिर चर्चाओं में हैं। लेकिन इस बार वजह न तो उनकी कोई नई फिल्म है और न ही कोई सोशल वर्क। इस बार अभिनेता चर्चाओं में हैं मुंबई स्थिति अपने घर को बेचने के चलते।

सोनू सूद ने मुंबई के महालक्ष्मी में स्थित अपने अपार्टमेंट को बेच दिया है। स्कायर याड्र्स द्वारा देखे गए दस्ता-वेजों के अनुसार, सोनू ने यह अपार्टमेंट 8.10 करोड़ रुपये में बेचा है और इसका सौदा इसी महीने हुआ है। स्कायर याड्र्स के मुताबिक, अभिनेता द्वारा बेचा गया अपार्टमेंट लोखंडवाला मिनर्वा में स्थित है। कारपेट एरिया 1,247 वर्ग फुट और बिल्ट-अप एरिया 1,497 वर्ग फुट है। अपार्टमेंट के साथ-साथ दो पार्किंग स्पेस भी हैं। स्टांप ड्यूटी के लिए 48.60 लाख रुपये और रजिस्ट्रेशन शुल्क के लिए 30,000 रुपये का भुगतान किया गया। 20 लाख रुपये का पंजीकरण शुल्क लगा।

जानकारी के मुताबिक, अभिनेता सोनू सूद ने यह संपत्ति साल 2012 में 5.16 करोड़ रुपये में खरीदी थी। अब लगभग 13 साल बाद उन्होंने इसे 8.10 करोड़ रुपए में बेचा है। ऐसे में उन्हें 2.94 करोड़ रुपए का फायदा हुआ है।

सोनू सूद के वर्कफ्रंट की बात करें तो अभिनेता आखिरी बार इसी साल रिलीज हुई फिल्म 'फतेह' में नजर आए थे। इस फिल्म का निर्देशन भी उन्होंने खुद ही किया था। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर तो ज्यादा कमाल नहीं दिखा पाई थी, लेकिन सोनू सूद के एक्शन और उनकी फिटनेस की काफी तारीफ की गई थी।

# लेह की मूसलाधार बारिश में फंसे आर माधवन



आर माधवन ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर कर जानकारी दी कि वो लेह के मूसल-धार बारिश और बर्फबारी में फंसे हुए हैं। इसके साथ ही अभिनेता ने साल 2008 में आई फिल्म '3 इडियट्स' की शूटिंग का दौरान के पलों को भी याद किया। आइए जानते हैं पूरी खबर।

आर माधवन ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वो अपने कमरे की खिड़की से आस-पास के नजारों को कैद करते दिख रहे हैं। इसमें अभिनेता ने कहा, 'अगस्त का अंत हो चुका है और लद्दाख के पहाड़ों की चोटियों पर बर्फबारी शुरू हो चुकी है। मैं लेह में फंसा हुआ हूं, क्योंकि पिछले चार दिनों से लगातार बारिश के कारण हवाई अड्डे बंद हैं। हर बार जब मैं लद्दाख शूटिंग के लिए आता हूं, तो यही होता है।'

आगे उन्होंने कहा, 'मैं आखिरी बार 2008 में पैंगोंग झील पर '3 इडियट्स' की शूटिंग के लिए यहां आया था। जहां हमें इंतजार करना पड़ा क्योंकि अगस्त में अचानक बर्फबारी शुरू हो गई थी और अभी इस समय। फिर भी यह बेहद खूबसूरत है। मुझे उम्मीद है कि आज आसमान साफ हो जाएगा और फ्लाइट उतर पाएंगे और मैं घर वापस जा सकूंगा।'

# छोटे बाल, क्लीन शेव, नए लुक में दीपिका के साथ बप्पा का आशीर्वाद लेते दिखे 'धुरंधर' रणवीर सिंह

गणेश चतुर्थी का त्योहार बॉलीवुड सितारों के लिए हमेशा खास रहा है। इस बार अंबानी परिवार के एंटीलिया स्थित वार्षिक गणेश पूजा में बॉलीवुड का पावर कपल रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण सुर्खियों में रहा। लंबे समय से अपने गाढ़ी दाढ़ी और लंबे बालों वाले लुक में दिख रहे रणवीर इस बार एकदम अलग अंदाज में नज़र आए। उन्होंने दाढ़ी-मूंछ साफ कर क्लीन-शेव लुक अपनाया, जो उनके आने वाली जासूसी थ्रिलर फिल्म 'धुरंधर' से एकदम हटकर है।



इस इवेंट के दौरान दीपिका और रणवीर ने सिंगर हर्षदीप कौर और उनके पति से भी मुलाकात की। इस दौरान की उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। दोनों कपल्स साथ में पोज देते हुए नजर आए।

इस बार का गणेश चतुर्थी कपल के लिए और भी मायने रखता है, क्योंकि यह उनकी बेटी दुआ पादुकोण सिंह के जन्म के बाद पहली गणेश चतुर्थी है। दुआ अभी कुछ ही दिनों में अपना पहला जन्मदिन मनाने वाली हैं। गौरतलब है कि दीपिका और रणवीर ने अपनी बेटी की तस्वीरों को सार्वजनिक न करने का फैसला लिया है। हाल ही में एयरपोर्ट पर एक फैन द्वारा चुपके से वीडियो बनाने की कोशिश पर दीपिका ने नाराजगी भी जताई थी।

कुछ समय पहले दिए एक इंटरव्यू में रणवीर ने दीपिका के मातृत्व को लेकर भावुक बयान दिया था। उनके मुताबिक, दीपिका अब तक की अपनी जिंदगी के सबसे खूबसूरत दौर से गुजर रही हैं। रणवीर ने कहा था कि वह पूरी तरह अपनी बेटी दुआ पर केंद्रित हो चुकी हैं और उनके जीवन की प्राथमिकताएं अब बदल गई हैं। यहां तक कि कई बार दीपिका अपनी सेहत से ज्यादा बेटी की देखभाल को महत्व देती हैं। रणवीर ने यह भी साझा किया कि दीपिका अक्सर उन्हें पेरेंटिंग से जुड़े वीडियो और रील्स भेजती हैं, जिन्हें देखकर वह खुद भी सीखते रहते हैं।

मातृत्व अवकाश के बाद दीपिका अब दोबारा बड़े पर्दे पर वापसी की तैयारी कर रही हैं। वो जल्द ही एटली की अगली फिल्म में अल्लू अर्जुन के साथ नजर आएंगी। दूसरी ओर रणवीर का मच अवेटेड प्रोजेक्ट 'धुरंधर' 5 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रहा है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### हरियाणा : 'लाडो लक्ष्मी योजना' के तहत महिलाओं को 2,100 रुपये की मासिक सहायता देने का फैसला

**चंडीगढ़ :** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बृहस्पतिवार को राज्य में 25 सितंबर से 'दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना' लागू करने की घोषणा की, जिसके तहत पात्र महिलाओं को 2,100 रुपये की मासिक सहायता दी जाएगी। 'दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना' लागू करना हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के चुनावी वादों में शामिल था। सैनी ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद इस फैसले की घोषणा की। सैनी ने बताया कि मंत्रिमंडल ने दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना को लागू करने का फैसला लिया है।

### ऑनलाइन गेमिंग को विनियमित करने वाले कानून के खिलाफ उच्च न्यायालय में याचिका दाखिल

**बेंगलुरु :** ऑनलाइन गेम 'ए23 रमी' की संचालक कंपनी हेड डिजिटल वर्क्स ने पैसे आधारित ऑनलाइन गेम पर प्रतिबंध लगाने वाले केंद्रीय अधिनियम के खिलाफ बृहस्पतिवार को कर्नाटक उच्च न्यायालय का रुख किया। यह संसद में हाल ही में पारित ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन और विनियमन अधिनियम, 2025 को किसी गेमिंग कंपनी की ओर से अदालत में चुनौती दिए जाने का पहला मामला है। उच्च न्यायालय उक्त कानून की वैधता पर सवाल उठाने वाली याचिका पर 30 अगस्त को सुनवाई करेगा।

### पालघर में इमारत ढहने की घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर 17 हुई

**पालघर :** महाराष्ट्र में पालघर जिले के विरार में एक इमारत ढहने की घटना में दो और शव बरामद होने के साथ मृतकों की संख्या बढ़कर 17 हो गई है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि वसई विरार नगर निगम (वीवीएमसी) द्वारा शिकायत दर्ज कराए जाने के बाद चार मंजिला इमारत रमाबाई अपार्टमेंट के बिल्डर को गिरफ्तार कर लिया गया है। पालघर जिले के आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रमुख विवेकानंद कदम ने कहा, मलबे में दबे दो और शव मिले हैं।

# भागवत ने अधिकतम तीन बच्चों, न्यूनतम तीन भाषाओं का समर्थन किया

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने बृहस्पतिवार को कहा कि सभी भारतीयों को कम से कम तीन भाषाएं आनी चाहिए, जिनमें उनकी मातृभाषा, उनके राज्य की भाषा और पूरे देश के लिए एक संपर्क भाषा शामिल होनी चाहिए, जो विदेशी नहीं हो सकती। उन्होंने यह भी कहा कि जनसंख्या को पर्याप्त और नियंत्रण में रखने के लिए प्रत्येक भारतीय परिवार में तीन बच्चे होने चाहिए। आरएसएस के सौ साल होने पर आयोजित व्याख्यानमाला के अंतिम दिन प्रश्नोत्तर सत्र के दौरान उन्होंने कहा, किसी सभ्यता को जीवित रखने के लिए, भारत की


मा. डॉ. मोहन भागवत

जनसंख्या नीति 2.1 (औसत बच्चों की संख्या) का सुझाव देती है, जिसका मूलतः अर्थ तीन बच्चे हैं। लेकिन संसाधनों का प्रबंधन भी करना होगा, इसलिए हमें इसे तीन तक सीमित रखना होगा। भाषाओं के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि भारतीय मूल की सभी भाषाएं राष्ट्रीय भाषाएं हैं और इस पर कोई विवाद नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा, संवाद के लिए एक संपर्क भाषा होनी चाहिए, लेकिन वह विदेशी नहीं होनी चाहिए।

### काशी और मथुरा में आंदोलनों का समर्थन नहीं करेगा संघ, स्वयंसेवक भाग ले सकते हैं

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि राम मंदिर एकमात्र ऐसा आंदोलन था जिसका संघ ने समर्थन किया था और वह काशी और मथुरा सहित ऐसे किसी अन्य अभियान का समर्थन नहीं करेगा।

### हम फैसला नहीं करते, अगर करते तो क्या इतना समय लगता: नए भाजपा प्रमुख के चयन पर भागवत

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने इस आम धारणा को ''पूरी तरह गलत'' बताते हुए खारिज कर दिया कि उनका संगठन भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लिए ''सब कुछ'' तय करता है। उन्होंने कहा कि सुझाव पार्टी को दिए जाते हैं, लेकिन फैसले पार्टी लेती है। भागवत ने यह भी कहा कि भाजपा के नए प्रमुख के चयन में आरएसएस की कोई भूमिका नहीं है। विज्ञान भवन में आयोजित तीन दिवसीय व्याख्यान श्रृंखला के अंतिम दिन सवालों के जवाब में भागवत ने कहा कि आरएसएस और भाजपा नीत सरकार के बीच कोई मतभेद नहीं है, चाहे वह केंद्र में हो या पार्टी द्वारा शासित राज्यों में। क्या संघ भाजपा के लिए हर चीज तय करता है, यहां तक कि अध्यक्ष का चयन भी, इस सवाल पर आरएसएस प्रमुख ने कहा, यह पूरी तरह से गलत है।

# कर्नाटक-केरल सीमा पर बस ने यात्रियों को कुचला, छह लोगों की मौत



**मंगलुरु/कासरगोड :** कर्नाटक-केरल सीमा से सटे तलापडी में बृहस्पतिवार को कासरगोड से मंगलुरु जा रही केएसआरटीसी की एक बस ब्रेक फेल होने के कारण बस स्टैंड व एक ऑटो-रिक्शा से टकरा गई, जिसमें एक ही परिवार के चार सदस्यों समेत छह लोगों की मौत हो गई और सात घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। दुर्घटनास्थल कर्नाटक के दक्षिण कन्नड़ जिले और केरल के कासरगोड जिले की सीमा पर स्थित है। पुलिस ने बताया कि मृतकों में पांच वयस्क और एक नाबालिग लड़की शामिल है। पुलिस के मुताबिक, हादसे में जान गंवाने वाले चार वयस्क एक ही परिवार से ताल्लुक रखते हैं। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना दोपहर करीब सवा एक बजे हुई। पुलिस के मुताबिक, घायलों का स्थानीय अस्पताल में इलाज जारी है और ब्रेक फेल होने के कारण का पता लगाने के लिए मामले की प्रारंभिक जांच शुरू कर दी गई है। केएसआरटीसी और यातायात अधिकारी बस की यांत्रिक खामियों व रखरखाव संबंधी प्रक्रियाओं का आकलन करने के लिए वाहन की जांच कर रहे हैं। केएसआरटीसी व सड़क परिवहन विभाग के अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और राहत कार्यों की व्यवस्था की।

# भारत-बांग्लादेश सीमा वार्ता में बाड़ निर्माण और बीएसएफ जवानों पर हमले को लेकर चर्चा हुई




**नयी दिल्ली :** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने ढाका में दोनों देशों के बीच हुई द्विवार्षिक वार्ता में अपने कर्मियों और भारतीय नागरिकों पर बांग्लादेशी अपराधियों के हमलों, ड्रोन घुसपैठ और अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए सीमा पर एकल पंक्ति वाली बाड़ के शीघ्र निर्माण का मुद्दा उठाया। पिछले वर्ष अगस्त में बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के पतन के बाद यह पहली बार है जब कोई भारतीय प्रतिनिधिमंडल इन वार्ताओं के लिए पड़ोसी देश की यात्रा पर गया। बीएसएफ के बांग्लादेशी समकक्ष बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) का एक प्रतिनिधिमंडल 17 से 20 फरवरी के बीच वार्ता के लिए दिल्ली आया था। पच्चीस से 28 अगस्त के बीच हुई वार्ता, पिलखाना स्थित बीजीबी मुख्यालय में 4,096 किलोमीटर लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा के संयुक्त रिकॉर्ड पर हस्ताक्षर के साथ संपन्न हुई। भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व बीएसएफ के महानिदेशक दलजीत सिंह चौधरी ने किया और बांग्लादेशी पक्ष का नेतृत्व बीजीबी के महानिदेशक मेजर जनरल मोहम्मद अशरफज्जमां सिद्दीकी ने किया।

### विधेयकों पर राज्यपाल की देरी पर सुप्रीम कोर्ट की नाराज़गी

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को कहा कि राज्यपाल यदि विधानमंडल द्वारा पारित विधेयकों पर अनिश्चितकाल तक निर्णय टालते रहें, तो संविधान के अनुच्छेद 200 का उद्देश्य ही विफल हो जाएगा। अदालत ने टिप्पणी की कि अनुच्छेद में प्रयुक्त शब्द यथाशीघ्र का अर्थ तत्काल कार्रवाई है, न कि अनंतकाल तक लंबित रखना। मुख्य न्यायाधीश बी.आर. गवई की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने यह सवाल तब उठाया जब केंद्र ने दलील दी कि राज्य सरकारें, राज्यपाल या राष्ट्रपति की कार्रवाई के खिलाफ मौलिक अधिकारों के उल्लंघन के आधार पर सुप्रीम कोर्ट का दरवाज़ा नहीं खटखटा सकतीं। पीठ ने कहा कि संविधान सभा की मसौदा समिति ने पहले इस पर छह सप्ताह की समयसीमा रखी थी, जिसे बाद में बदलकर यथाशीघ्र किया गया। इसका उद्देश्य राज्यपाल को अत्यधिक विवेकाधिकार देना नहीं, बल्कि समय पर निर्णय सुनिश्चित करना था। न्यायालय ने पूछा कि क्या विधेयकों के भविष्य का फैसला करते समय इस शब्द को नज़रअंदाज किया जा सकता है। अनुच्छेद 200 के तहत राज्यपाल के पास विकल्प होता है कि वह विधेयक को मंजूरी दें, रोक कर रखें, पुनर्विचार के लिए लौटाएं या राष्ट्रपति के पास भेज दें। प्रावधान यह भी कहता है कि यदि विधानसभा पुनर्विचार के बाद विधेयक दोबारा भेजती है, तो राज्यपाल को अनिवार्य रूप से मंज़ूरी देनी होगी। सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया कि संविधान निर्माताओं की मंशा यह थी कि यथाशीघ्र का मतलब तत्काल अथवा जल्द से जल्द निर्णय करना है।

# जम्मू-पठानकोट सेक्टर में सेना ने 308 लोगों को बचाया, बीएसएफ के 56 जवान भी शामिल



**जम्मू :** सेना ने बृहस्पतिवार को जम्मू से गुरदासपुर तक बचाव अभियान में तेजी लाने के लिए 20 टुकड़ियां तैनात कीं और जम्मू-कश्मीर व पंजाब के इलाकों से सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के 56 जवानों समेत 308 लोगों को सुरक्षित निकाल लिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इसके साथ ही, मंगलवार से अब तक बचाए गए लोगों की संख्या बढ़कर 943 हो गई है। अधिकारियों ने बताया कि 'राइजिंग स्टार कोर' जम्मू-कश्मीर और पंजाब के बाढ़ प्रभावित जम्मू, सांबा, कठुआ, पठानकोट व गुरदासपुर जिलों में लगातार बचाव अभियान चला रही है। उन्होंने बताया कि सेना ने इन अभियानों के लिए 20 टुकड़ियां तैनात कीं और 308 लोगों को बचाया, जिनमें आर.एस.पुरा स्थित एक अनाथालय से 50 बच्चे और बीएसएफ के 56 जवान शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि इसके साथ ही केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 21 जवानों को भी बचाया गया जबकि प्रभावित लोगों को आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति व दवाइयां उपलब्ध कराने के साथ-साथ जम्मू में महत्वपूर्ण डेटा कनेक्टिविटी की त्वरित बहाली भी सुनिश्चित की गई है।

# ओडिशा: समुद्र में नाव डूबने के पांच दिन बाद घर लौटे चार मछुआरे

**भद्रक :** ओडिशा में भद्रक जिले के चार मछुआरे बंगाल की खाड़ी में अपनी नाव डूबने के बाद पांच दिन तक लहरों, भूख व थकान से जूझते रहे लेकिन उन्होंने उम्मीद नहीं छोड़ी और वे बृहस्पतिवार को सुरक्षित घर लौट आए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन चार लोगों में 70 वर्षीय एक व्यक्ति भी शामिल है। अधिकारियों ने बताया कि चारों लोग 21 अगस्त को तटीय जिले के बासुदेवपुर ब्लॉक क्षेत्र स्थित चूड़ामणि बंदरगाह से मछली पकड़ने के लिए समुद्र में उतरे थे लेकिन उन्हें तब नहीं पता था कि उनके साथ ऐसी घटना घटने जा रही है, जिसके बारे में वे कल्पना भी नहीं कर सकते। चार मछुआरों में से एक पबन्ना मलिक (56) ने कहा, हमने जाल डाला ही था कि अचानक इंजन में खराबी आ गई और उसने काम करना बंद कर दिया। बार-बार कोशिश करने के बावजूद, वह चालू नहीं हुआ। हमने लंगर डाला लेकिन समुद्र की तेज



धाराओं ने उसे खींच लिया। उन्होंने बताया कि इसके बाद नाव गहरे समुद्र की ओर बह गई। मलिक ने बताया कि मछुआरों ने तीन दिनों तक पाल की मदद से नाव को नियंत्रित करने की कोशिश की लेकिन 24 अगस्त को वह टूट गई और अंततः नाव डूब गई। उन्होंने बताया, हम अपने साथ सिर्फ एक बोतल पानी ले गए थे। हम लकड़ी आदि के सहारे तैरते रहे...।'' लगभग पांच दिन बाद मछुआरे 27 अगस्त की रात को सुनामुहिन वन क्षेत्र के निकट पहुंचे, जहाँ स्थानीय लोगों ने उन्हें बचा लिया।

# रेलवे सात मार्गों पर वंदे भारत ट्रेन में अतिरिक्त



**नयी दिल्ली :** रेलवे बोर्ड ने यात्रियों के बीच लगातार बढ़ती मांग को देखते हुए सात परिचालन मार्गों पर वंदे भारत ट्रेन में अतिरिक्त डिब्बे जोड़ने का फैसला किया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि जिन मार्गों पर अतिरिक्त डिब्बे वाली वंदे भारत ट्रेन चलाई जाएंगी, उनमें मंगलुरु सेंट्रल-तिरुवनंतपुरम सेंट्रल, सिकंदराबाद-तिरुपति, चेन्नई एग्मोर-तिरुनेलवेली, मदुरै-बेंगलुरु कैंट, देवघर-वाराणसी, हावड़ा-राउरकेला और इंदौर-नागपुर शामिल हैं। अधिकारियों के मुताबिक, मौजूदा समय में इन मार्गों पर आठ डिब्बे वाली चार और 16 डिब्बे वाली तीन वंदे भारत ट्रेन चलाई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि रेलवे बोर्ड ने कुछ अन्य मार्गों पर भी वंदे भारत ट्रेन संचालित करने का फैसला किया है। रेलवे बोर्ड के सूचना एवं प्रचार विभाग के कार्यकारी निदेशक दिलीप कुमार ने कहा, 16 डिब्बों वाली वंदे भारत ट्रेन में डिब्बों की संख्या बढ़ाकर 20 की जाएगी। वहीं, आठ डिब्बों वाली वंदे भारत ट्रेन में इतने ही अतिरिक्त डिब्बे जोड़कर डिब्बों की संख्या 16 की जाएगी। कुमार के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2025-26 (31.07.2025 तक) में यात्री संख्या और कोच वृद्धि की व्यवहार्यता के आधार पर, 16 डिब्बों वाली तीन वंदे भारत ट्रेन में अस्थाई रूप से डिब्बों की संख्या बढ़ाकर 20 और आठ डिब्बों वाली चार वंदे भारत ट्रेन में डिब्बों की संख्या बढ़ाकर 16 करने की योजना बनाई गई है। रेलवे बोर्ड के अधिकारियों ने कहा कि सात वंदे भारत ट्रेन के उन्नयन के अलावा, 20 डिब्बों वाली कई वंदे भारत ट्रेन लॉन्च करने के लिए, जबकि 16 डिब्बों वाली एक ट्रेन विस्तार के लिए उपलब्ध होगी।

## समाज्ञा स्पोर्ट्स

# सिंधू और ध्रुव-तनिषा की जोड़ी क्वार्टर फाइनल में

**पेरिस :** भारत की दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी. वी. सिंधू ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए चीन की विश्व नंबर-2 वांग झी यी को 21-19, 21-15 से हराकर बीडब्ल्यूएफ विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। यह मुकाबला 48 मिनट तक चला। अब सिंधू का सामना इंडोनेशिया की विश्व नंबर-9 पुत्री कुसुमा वर्दानी से होगा। सिंधू ने मैच के बाद कहा, विश्व चैंपियनशिप में हर अंक के लिए संघर्ष करना पड़ता है। मैं सिर्फ अपना 100 प्रतिशत देना चाहती थी। वहीं, मिश्रित युगल में ध्रुव कपिला और तनिषा क्रैस्टो ने बड़ा उलटफेर करते हुए हांगकांग की पांचवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी तांग चुन मान और त्से यिंग सुएट को 19-21, 21-12, 21-15 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। यह जीत 63 मिनट में दर्ज हुई। भारत की यह जोड़ी अब मलेशिया की चौथे नंबर की जोड़ी चेन तांग जी और तोह ई वेई से भिड़ेगी। तनिषा ने कहा, *हम धीरे-धीरे एक बेहतर टीम के रूप में उभर रहे हैं और आज के खेल से बेहद खुश हूं।




### प्रणय दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी एंटोनसेन से हारकर विश्व चैम्पियनशिप से बाहर

**पेरिस :** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी एच एस प्रणय बड़ा उलटफेर करने के करीब पहुंचकर दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन से हारकर बीडब्ल्यूएफ विश्व चैम्पियनशिप से बाहर हो गए। दो साल पहले विश्व चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीत चुके प्रणय को डेढ घंटे तक चले मुकाबले में 8-21, 21-17, 21-23 से पराजय झेलनी पड़ी। उन्होंने हार के बाद कहा ,'' मैने आखिर में कुछ खराब शॉट्स खेले। मुझे थोड़ी ऊर्जा और रखनी चाहिये थी। आखिर में मैने उसे आसान मौके दे दिये।''

# एशिया कप के जरिये विश्व कप में जगह बनाने पर भारतीय हॉकी टीम की नजरें

**राजगीर :** तीन बार की चैम्पियन भारतीय टीम पिछले कुछ अर्से के खराब फॉर्म को भुलाकर पुरूष एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट जीतकर अगले साल होने वाले विश्व कप में जगह बनाने के इरादे से उतरेगी जिसे शुक्रवार को पहले मैच में चीन से खेलना है। भारत और चीन को पूल ए में जापान और कजाखस्तान के साथ रखा गया है जबकि पूल बी में पांच बार की चैम्पियन दक्षिण कोरिया, मलेशिया, बांग्लादेश और चीनी ताइपै हैं। कजाखस्तान तीन दशक में पहली बार एशिया कप खेल रही है जिसने ओमान की जगह ली है जबकि बांग्लादेश की जगह पाकिस्तान खेल रहा है। अप्रैल में पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद भारत के आपरेशन सिंदूर के मद्देनजर पाकिस्तान ने सुरक्षा कारणों



से नाम वापिस ले लिया। हर पूल की शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल खेलेंगी जबकि फाइनल सात सितंबर को होगा। यह टूर्नामेंट अगले साल 14 से 30 अगस्त तक बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले विश्व कप के लिये क्वालीफाई करने का भारत के पास सर्वश्रेष्ठ और आखिरी मौका है। भारत ने पहला मौका गंवा दिया जब यूरोपीय चरण में खराब प्रदर्शन के बाद वह एफआईएच प्रो लीग में सातवें स्थान पर खिसक गया। भारत ने आठ में से सिर्फ एक मैच जीता और सात मैच लगातार हारे जिससे कोच क्रेग फुल्टोन को एशिया कप में अपनी सर्वश्रेष्ठ टीम उतारनी पड़ी है। फुल्टोन ने स्वीकार किया कि एशिया कप इस साल का सबसे अहम टूर्नामेंट है।

# भारोत्तोलक अजय बाबू और बेदब्रत ने रिकॉर्ड वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीते

**अहमदाबाद :** अनुभवी भारोत्तोलक अजय बाबू वल्लूरी और युवा भारोत्तोलक बेदब्रत भराली ने बृहस्पतिवार को राष्ट्रमंडल भारोत्तोलन चैंपियनशिप में रिकॉर्ड प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीते। राष्ट्रीय खेलों के चैंपियन अजय ने सीनियर पुरुष 79 किग्रा वर्ग में कुल 335 किग्रा भार उठाया जिसमें स्नैच में 152 किग्रा का चैंपियनशिप रिकॉर्ड और क्लीन एंड जर्क में 183 किग्रा का वजन शामिल है। अजय ने 148 किग्रा के अपने पहले प्रयास में फाउल के बाद दूसरे प्रयास में भी इतना ही भार उठाया और फिर उसे 152 किग्रा तक बढ़ा दिया। इस तरह उन्होंने नाइजीरिया के एडिडियोंग जोसेफ उमोआफिया द्वारा बनाए गए 147 किग्रा के स्नैच रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। उन्होंने क्लीन एंड जर्क में 176 किग्रा से 180 किग्रा तक लगातार प्रगति की। फिर 183 किग्रा से रिकॉर्ड तोड़ते हुए कुल 335 किग्रा भार उठाया। अजय ने पिछले साल के चरण में भी 81 किग्रा भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था। भारत ने महिला वर्ग में भी एक पदक जीता। 2022 राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य



पदक विजेता हरजिंदर कौर ने 69 किग्रा भार वर्ग में कांस्य पदक जीता। उन्होंने स्नैच में 95 किग्रा और क्लीन एंड जर्क में 123 किग्रा वजन उठाकर कुल 222 किग्रा भार उठाया। जूनियर पुरुष वर्ग के 79 किग्रा भार वर्ग में बेदब्रत ने स्नैच, क्लीन एंड जर्क और कुल भार वर्ग में रिकॉर्ड प्रदर्शन करते हुए 326 किग्रा भार उठाकर स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने स्नैच में लगातार सुधार करते हुए 138 किग्रा से 142 किग्रा और अंततः 145 किग्रा वजन उठाया जिससे 139 किग्रा के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया। क्लीन एंड जर्क में उन्होंने 173 किग्रा, 177 किग्रा और फिर 181 किग्रा वजन उठाया और 169 किग्रा के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया।

### एशिया कप से पहले भारतीय खिलाड़ी चार सितंबर को दुबई में टीम से जुड़ेंगे

**नयी दिल्ली :** सूर्यकुमार यादव की अगुवाई में 15 सदस्यीय भारतीय टीम नौ सितंबर से शुरू होने वाले एशिया कप के लिए चार सितंबर को दुबई में एकत्रित होगी। आमतौर पर निर्धारित परंपरा से हटकर खिलाड़ी अपने-अपने स्थानों से सीधे दुबई पहुंच कर वहां टीम से जुड़ेंगे। इससे पहले अमूमन टीम रवाना होने से पहले मुंबई में एकत्रित होती थी। यह निर्णय व्यवस्था तथा खिलाड़ियों की यात्रा सुविधा को ध्यान में रखते हुए लिया गया। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई को बताया, ''सभी खिलाड़ी चार सितंबर की शाम तक दुबई पहुंच जाएंगे और पहला नेट सत्र पांच सितंबर को आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) अकादमी में आयोजित किया जाएगा। लॉजिस्टिक सुविधा को ध्यान में रखते हुए खिलाड़ियों को अपने-अपने शहरों से सीधे दुबई पहुंचने के लिए कहा जाएगा।'' उन्होंने कहा, ''ज़ाहिर है टीम के कुछ सदस्य मुंबई से रवाना होंगे लेकिन कुछ अन्य सदस्यों का मानना

# भारत में उत्कृष्ट प्रतिभा है, फुटबॉल की बेहतरी के लिए अतिरिक्त प्रयास किए जाएंगे: उच्चतम न्यायालय



**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत में 'उत्कृष्ट प्रतिभा' है और वह खेल की बेहतरी के लिए अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के संविधान मसौदे को अंतिम रूप देने के लिए 'अतिरिक्त प्रयास' करेगा। न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा, ''हम चाहते हैं कि चीजें आगे बढ़ें। यह एक असाधारण पल है। हम सभी सहयोग कर रहे हैं। भारत में उत्कृष्ट प्रतिभा है। हम सभी मिलकर काम करेंगे। हम अतिरिक्त प्रयास करेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि चीजें व्यवस्थित हों। कुछ कोच कह रहे थे कि भारत में युवा स्तर पर प्रतिभा दुनिया में कहीं भी उपलब्ध प्रतिभा के बराबर है। हम कुछ भी नहीं रोक सकते।'' सुनवाई के दौरान एआईएफएफ ने पीठ को सर्वोत्तम वैश्विक प्रथाओं के अनुरूप इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के संचालन के लिए एक वाणिज्यिक भागीदार के चयन हेतु 'खुली, प्रतिस्पर्धी और पारदर्शी निविदा प्रक्रिया' आयोजित करने की जानकारी दी। उच्चतम न्यायालय एक सितंबर को एआईएफएफ के प्रस्ताव पर विभिन्न पक्षों की दलीलें सुनेगा।

# भारतीय मुक्केबाजों ने चीन में 'इंटरनेशनल यूथ बॉक्सिंग गाला' में 26 पदक पक्के किए



**नयी दिल्ली :** भारतीय मुक्केबाजों ने चीन में आयोजित तीसरे 'बेल्ट एंड रोड' 'इंटरनेशनल यूथ बॉक्सिंग गाला' अंडर-17, अंडर-19 और अंडर-23 अंतरराष्ट्रीय ट्रेनिंग शिविर और टूर्नामेंट में 26 पदक पक्के किए। भारत ने अंडर-17 आयु वर्ग में 20 लड़कों और 20 लड़कियों सहित 58 सदस्यीय दल भेजा है। सेमीफाइनल में पहुंचने वाले मुक्केबाजों में ध्रुव खरब (46 किग्रा), उदय सिंह (46 किग्रा), फलक (48 किग्रा), पीयूष (50 किग्रा), आदित्य (52 किग्रा), उधम सिंह राघव (54 किग्रा), आशीष (54 किग्रा), देवेंद्र चौधरी (75 किग्रा), जयदीप सिंह हंजरा (80 किग्रा) और लोवेन गुलिया (+80 किग्रा) शामिल हैं जिन्होंने चीन, कोरिया, उज्बेकिस्तान और किर्गिस्तान के कड़े प्रतिद्वंद्वियों को हराकर कम से कम एक पदक पक्का किया। भारतीय जूनियर लड़कियों ने भी शानदार जीत के साथ रिंग में अपना दबदबा बनाया। खुशी (46 किग्रा), भक्ति (50 किग्रा), राधामणि (60 किग्रा), हर्षिका (60 किग्रा), दीया (66 किग्रा), प्रिया (66 किग्रा), लक्ष्मी (46 किग्रा), चाहत (60 किग्रा), हिमांशी (66 किग्रा), हरनूर (66 किग्रा) और प्राची खत्री (+80 किग्रा) सभी ने चीन और कोरिया के कड़े प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ जीत हासिल कर पदक सुनिश्चित किया।

## एयरबस ने महिंद्रा की इकाई को दिया एच125 हलिकॉप्टर का मुख्य ढांचा बनाने का अनुबंध

**नयी दिल्ली :** वैश्विक वैमानिकी कंपनी एयरबस ने 'मेक इन इंडिया' पहल को मजबूती देते हुए महिंद्रा एयरोस्ट्रक्चर्स प्राइवेट लिमिटेड (एमएएसपीएल) को एच125 हेलिकॉप्टर के मुख्य ढांचे (फ्यूजलाज) के विनिर्माण का अनुबंध सौंपा है। इसके पहले अप्रैल में एमएएसपीएल को एच130 हेलिकॉप्टरों के फ्यूजलाज विनिर्माण की भी जिम्मेदारी सौंपी गई थी। एयरबस ने बृहस्पतिवार को एक बयान में कहा, एच125 और एच130 हेलिकॉप्टर के वैमानिकी ढांचे के निर्माण के लिए महिंद्रा एयरोस्ट्रक्चर्स को उत्पादन अनुबंध दिए जाने के साथ ही भारत एयरबस हेलिकॉप्टर की वैश्विक मूल्य शृंखला में मजबूती से एकीकृत होता है और देश की 'मेक इन इंडिया' पहल को भी आगे बढ़ाता है।

## एब्रिल पेपर टेक लिमिटेड 13.42 करोड़ रुपये जुटाने के लिए आईपीओ ला रही है

**कोलकाता :** सूरत स्थित एब्रिल पेपर टेक लिमिटेड अपने पब्लिक इश्यू के माध्यम से 13.42 करोड़ रुपये तक जुटाने की योजना बना रही है। कंपनी का आईपीओ 29 अगस्त को खुलेगा और 2 सितंबर को बंद होगा। शेयरों की लिस्टिंग बीएसई एसएमई प्लेटफॉर्म पर होगी। कंपनी 10 रुपये अंकित मूल्य के 22 लाख इक्विटी शेयर 61 रुपये प्रति शेयर की कीमत पर जारी करेगी। लॉट साइज 2000 शेयर रखा गया है और खुदरा निवेशकों के लिए न्यूनतम निवेश 4000 शेयर यानी 2.44 लाख रुपये होगा। एब्रिल पेपर टेक सब्लिमेशन हीट ट्रांसफर पेपर का प्रमुख निर्माता है, जिसका उपयोग फर्नीचर डेकोर, होम डेकोर, गारमेंट्स, पर्दे और सिरेमिक जैसे क्षेत्रों में होता है। कंपनी वर्तमान में 600 लाख मीटर प्रति वर्ष की क्षमता से उत्पादन करती है, जिसे विस्तार के बाद 1,450 लाख मीटर तक बढ़ाया जाएगा। वित्त वर्ष 2025 में कंपनी ने 60.91 करोड़ रुपये का राजस्व और 1.41 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया।

# अमेरिकी शुल्क के दबाव में सेंसेक्स 706 अंक लुढ़का, निफ्टी 211 अंक नुकसान में



**मुंबई :** अमेरिका में भारतीय उत्पादों के आयात पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क लागू हो जाने के अगले दिन बृहस्पतिवार को स्थानीय शेयर बाजारों में तगड़ी गिरावट देखने को मिली। सेंसेक्स 706 अंक लुढ़क गया जबकि निफ्टी में 211 अंकों की गिरावट रही। विश्लेषकों ने कहा कि अमेरिकी शुल्क वृद्धि के अलावा विदेशी पूंजी की लगातार निकासी ने भी निवेशकों की धारणा को प्रभावित करने का काम किया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर लगाया गया अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क बुधवार को लागू हो गया। इसके साथ ही भारतीय वस्तुओं पर अमेरिका में कुल शुल्क बढ़कर 50 प्रतिशत हो गया। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 705.97 अंक यानी 0.87 प्रतिशत गिरकर 80,080.57 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 773.52 अंक गिरकर 80,013.02 पर आ गया था। एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 211.15 अंक यानी 0.85 प्रतिशत गिरकर 24,500.90 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से एचसीएल टेक, इन्फोसिस, पावर ग्रिड, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एचडीएफसी बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, भारती एयरटेल और आईसीआईसीआई बैंक प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। हालांकि टाइटन, लार्सन एंड टुब्रो, मारुति और एक्सिस बैंक के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, भारतीय वस्तुओं पर शुल्क लागू होने के बाद फैली निराशा के बीच घरेलू शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। कपास आयात शुल्क में छूट ने शुल्क प्रभावों का मुकाबला करने के लिए नीतिगत समर्थन की उम्मीदों को कुछ समय के लिए बढ़ा दिया लेकिन निवेशकों की मनोदशा नाजुक ही बनी रही। सरकार ने 50 प्रतिशत शुल्क का सामना कर रहे कपड़ा निर्यातकों की मदद के लिए कपास के शुल्क-मुक्त आयात को तीन महीने और बढ़ाकर 31 दिसंबर तक कर दिया है। लेमन मार्केट्स डेस्क के विश्लेषक गौरव गर्ग ने कहा, भारतीय शेयर बाजारों में लगातार दूसरे सत्र में बड़ी गिरावट देखने को मिली। चौतरफा बिकवाली के दबाव में मानक सूचकांक गिरकर बंद हुए। इसकी मुख्य वजह अमेरिकी शुल्कों से भारतीय निर्यात पर पड़ने वाले असर की आशंका रही। इसके अलावा विदेशी पूंजी की निकासी जारी रहने से भी बाजार दबाव में रहा। मझोली कंपनियों का बीएसई मिडकैप सूचकांक 1.09 प्रतिशत गिर गया जबकि छोटी कंपनियों का स्मालकैप सूचकांक 0.96 प्रतिशत की गिरावट में रहा।

## सरकार ने कपास के शुल्क-मुक्त आयात की अवधि तीन महीने बढ़ाकर 31 दिसंबर तक की

**नयी दिल्ली :** सरकार ने कपास के शुल्क मुक्त आयात की अवधि बृहस्पतिवार को तीन महीने के लिए बढ़ाकर 31 दिसंबर तक कर दी। इस कदम का मकसद अमेरिका के 50 प्रतिशत उच्च शुल्क का सामना कर रहे कपड़ा निर्यातकों को समर्थन प्रदान करना है। इससे पहले 18 अगस्त को वित्त मंत्रालय ने 19 अगस्त से 30 सितंबर तक कपास आयात पर शुल्क छूट की अनुमति दी थी। मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा, 'निर्यातकों को और अधिक समर्थन देने के लिए केंद्र सरकार ने कपास (एचएस 5201) पर आयात शुल्क छूट को 30 सितंबर 2025 से 31 दिसंबर 2025 तक बढ़ाने का फैसला किया है।' इसमें पांच प्रतिशत मूल सीमा शुल्क (बीसीडी) और पांच प्रतिशत कृषि अवसंरचना एवं विकास उपकर (एआईडीसी) से छूट, साथ ही दोनों पर 10 प्रतिशत सामाजिक कल्याण अधिभार शामिल है जिससे कपास पर कुल आयात शुल्क 11 प्रतिशत बैठता है।

## सीजी सेमी के संयंत्र में जल्द बन सकता है पहला 'मेड इन इंडिया' चिप: वैष्णव



**साणंद (गुजरात) :** इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बृहस्पतिवार को कहा कि सेमीकंडक्टर कंपनी सीजी सेमी की साणंद स्थित पायलट चिप विनिर्माण इकाई से जल्द ही पहली स्वदेश-निर्मित चिप बनकर आने की संभावना है। वैष्णव ने सीजी सेमी कंपनी की पायलट चिप निर्माण इकाई जी1 का शुभारंभ करने के बाद यह बात कही। इस अवसर पर गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी मौजूद थे। वैष्णव ने कहा, आज से सीजी सेमी की पायलट उत्पादन लाइन शुरू हो गई है। यह भारत की सेमीकंडक्टर यात्रा में एक ऐतिहासिक कदम है। गुजरात में जिन संयंत्रों ने चिप निर्माण परियोजना शुरू की है, उनमें से सीजी सेमी पहला है जिसने पायलट उत्पादन की शुरुआत की है। उन्होंने कहा कि यह पायलट लाइन ग्राहकों को सेमीकंडक्टर चिप के ऑर्डर देने से पहले उनका परीक्षण करने की सुविधा देती है। वैष्णव ने कहा, हमें उम्मीद है कि जल्द ही इस संयंत्र से ही पहला 'मेड इन इंडिया' सेमीकंडक्टर चिप सामने आएगा। सीजी सेमी का जी1 संयंत्र प्रतिदिन लगभग पांच लाख चिप्स के विनिर्माण की अधिकतम क्षमता के साथ काम करेगा। यह संयंत्र चिप असेंबली, पैकेजिंग, परीक्षण सेवाएं प्रदान करने में सक्षम है। सीजी सेमी 7,600 करोड़ रुपये के निवेश से भारत सरकार के सेमीकंडक्टर मिशन और गुजरात सरकार के सहयोग से यह परियोजना चला रही है। इस परियोजना में रेनेसस और स्टार्स माइक्रोइलेक्ट्रॉनिक्स जैसी अंतरराष्ट्रीय कंपनियां भी साझेदार हैं। कंपनी का लक्ष्य वर्ष 2026 में वाणिज्यिक उत्पादन शुरू करना है।

## राकेश गंगवाल, उनके परिवार ने इंडिगो में 3.1 प्रतिशत हिस्सेदारी 7,027 करोड़ रुपये में बेची

**नयी दिल्ली :** इंटरग्लोब एविएशन के प्रवर्तक राकेश गंगवाल और उनके पारिवारिक ट्रस्ट ने अलग-अलग 'ब्लॉक डील' के जरिये विमान कंपनी इंडिगो में बृहस्पतिवार को 3.1 प्रतिशत तक हिस्सेदारी 7,027.7 करोड़ रुपये में बेच दी। हिस्सेदारी बिक्री के बाद इंटरग्लोब एविएशन के शेयर में एनएसई और बीएसई पर गिरावट दर्ज की गई। नवीनतम लेनदेन के बाद राकेश गंगवाल और उनके पारिवारिक ट्रस्ट की इंडिगो में हिस्सेदारी 7.81 प्रतिशत से घटकर 4.71 प्रतिशत हो गई है। इंडिगो के सह-संस्थापक गंगवाल, सह-संस्थापक राहुल भाटिया के साथ मतभेद के बाद चरणबद्ध तरीके से अपने शेयर बेच रहे हैं। 'पीटीआई-भाषा' के पास मौजूद 'टर्म शीट' के अनुसार, राकेश गंगवाल के अलावा चिंकरपू फैमिली ट्रस्ट (जिसके न्यासी शोभा गंगवाल और डेलावेयर की जेपी मॉर्गन ट्रस्ट कंपनी है) ने सामूहिक रूप से देश की सबसे बड़ी विमानन कंपनी इंडिगो में 3.1 प्रतिशत तक हिस्सेदारी बेच दी है। शेयर बाजार पर शेयरधारिता के आंकड़ों के अनुसार, जून 2025 तक गंगवाल और पारिवारिक ट्रस्ट के पास इंडिगो में 7.81 प्रतिशत हिस्सेदारी थी।

## विनिर्माण के दम पर जुलाई में औद्योगिक उत्पादन चार महीनों के उच्चतम स्तर 3.5 प्रतिशत पर

**नयी दिल्ली :** विनिर्माण क्षेत्र के अच्छे प्रदर्शन के कारण इस साल जुलाई में देश के औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर चार महीने के उच्चतम स्तर 3.5 प्रतिशत पर पहुंच गई। बृहस्पतिवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। देश के औद्योगिक उत्पादन ने इससे पहले मार्च 2025 में 3.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की थी। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के संदर्भ में मापा जाने वाला औद्योगिक उत्पादन जुलाई, 2024 में पांच प्रतिशत बढ़ा था।

# जन धन खातों की संख्या बढ़कर 56.16 करोड़ हुई, 2.68 लाख करोड़ रुपये जमा

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) के तहत खोले गए खातों की संख्या 11 वर्ष में बढ़कर 56.16 करोड़ हो गई है। इन खातों में 2.68 लाख करोड़ रुपये जमा किए गए। वित्त मंत्रालय की ओर से सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, पीएमजेडीवाई के तहत खातों की संख्या मार्च 2015 के 14.72 करोड़ से बढ़कर 13 अगस्त 2025 तक 56.16 करोड़ हो गई है। पीएमजेडीवाई खाताधारकों में 56 प्रतिशत महिलाएं शामिल हैं। वहीं 67 प्रतिशत खाते ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में खोले गए हैं। प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से लाभार्थियों के खातों में सीधे 45 लाख करोड़ रुपये हस्तांतरित किए गए। भारत की 94 प्रतिशत वयस्क आबादी का अब बैंक खाता है। प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) की शुरुआत 28 अगस्त 2014 को की गई थी। इस



योजना के तहत खोले गए खातों में शून्य राशि (बैलेंस) सुविधा, मुफ्त रुपे कार्ड, दुर्घटना बीमा और 'ओवरड्राफ्ट' सुविधा मिलती है। योजना ने लोगों को संगठित वित्तीय प्रणाली में शामिल होने और देश की अर्थव्यवस्था को बदलने में मदद की है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, 'पीएमजेडीवाई खातों में कुल जमा राशि मार्च 2015 के 15,670 करोड़ रुपये से बढ़कर 2,67,755 करोड़ रुपये तक हो गई।' पीएमजेडीवाई खाताधारकों को कुल 38.68 करोड़ रुपे डेबिट कार्ड जारी किए गए हैं। इससे उन्हें नकदी रहित लेनदेन की सुविधा मिली है और अंतर्निहित दुर्घटना बीमा कवर तक पहुंच प्राप्त हुई है। सरकारी बयान के अनुसार, '56 करोड़ से अधिक खाते खोले गए हैं जिनमें करीब 30 करोड़ महिला लाभार्थी शामिल हैं। साथ ही बड़ी राशि जमा की गई और रुपे डेबिट कार्ड का व्यापक वितरण भी किया गया है। इस योजना का विस्तार दूरदराज के क्षेत्रों में भी किया गया जिससे लाखों लोगों खासकर वंचित पृष्ठभूमि से नाता रखने वालों को लाभ हुआ है।'

## रूसी तेल की खरीद से भारत को महज 2.5 अरब डॉलर का शुद्ध वार्षिक लाभ

**नयी दिल्ली :** रूस से रियायती दर पर कच्चा तेल आयात करने से भारत को होने वाला वार्षिक शुद्ध लाभ महज 2.5 अरब डॉलर है, जो पहले जताए गए 10 से 25 अरब डॉलर के अनुमान से बहुत कम है। एक शोध रिपोर्ट में यह आकलन पेश किया गया है। ब्रोकरेज कंपनी सीए-लएसए की बृहस्पतिवार को जारी रिपोर्ट के मुताबिक, रूसी कच्चे तेल के आयात से भारत को होने वाला लाभ मीडिया में बढ़ा-चढ़ाकर बताया गया है। हमारे अनुमान के मुताबिक, यह लाभ भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का सिर्फ 0.06 प्रतिशत यानी करीब 2.5 अरब डॉलर है। फरवरी, 2022 में रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद भारत ने रूस से तेल आयात तेजी से बढ़ाया है। वित्त वर्ष 2024-25 में भारत ने कुल 54 लाख बैरल प्रतिदिन तेल आयात में से 36



प्रतिशत यानी 18 लाख बैरल प्रतिदिन तेल को रूस से आयात किया। यूक्रेन युद्ध से पहले यह आंकड़ा एक प्रतिशत से भी कम था। रूस ने पश्चिमी देशों द्वारा तेल बिक्री पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद अपने तेल पर भारी छूट देना शुरू कर दिया था, जिससे भारत को सस्ते दर पर ऊर्जा आपूर्ति सुनिश्चित हुई। हालांकि अमेरिका सहित कुछ देशों ने भारत की आलोचना करते हुए इसे मुनाफाखोरी बताया।




वर्ष 10, पूर्णांक 3341 अंक 151, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in